

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर 33 अनुकरणीय व्यक्तियों और संस्थाओं को दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23    वर्ष: 18 अंक: 333 पृष्ठ: 12    RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

### बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रही हिंसा के खिलाफ अभियान चलाएगा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच

**नई दिल्ली:** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा ने मानवता और लोकतांत्रिक मूल्यों को गहरा आघात पहुंचाया है। इन घटनाओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए न्याय की मांग की।

# संभल हिंसा पर संसद में तकरार

● मंगलवार से संसद में गतिरोध कम हुआ और संसद की कार्यवाही हुई, मुद्दों पर हुई बहस

**कार्यवाही**

▶▶ उत्तर प्रदेश की सरकार पूरी तरह से कटघरे में है... अफसोस सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं आया है: सपा सांसद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अदाणी समूह पर लगे आरोपों और संभल हिंसा समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर संसद के शीतकालीन सत्र का पहला हफ्ता हंगामे की भेंट चढ़ चुका है। हालांकि मंगलवार से संसद में गतिरोध कम हुआ और संसद की कार्यवाही जारी है। संसद में संभल हिंसा पर खूब तकरार हुई।

**यूपी की सरकार पूरी तरह से कटघरे में है- अवधेश प्रसाद**
लोकसभा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर एसपी सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा, "हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सदन में सारी बातें रखीं... उत्तर प्रदेश की सरकार पूरी तरह से कटघरे में है... अफसोस सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं आया है।"

**भाजपा देश को बर्बादी की ओर ले जाना चाहती है'**
समाजवादी पार्टी सांसद इकरा हसन ने कहा, "संभल में हिंसा उसी सप्ताह हुई जिस सप्ताह हमने संविधान दिवस मनाया, इससे साफ है कि भाजपा देश को बर्बादी की ओर ले जाना चाहती है। अगर हम इन्हीं मुद्दों में उलझे रहेंगे तो देश आगे नहीं बढ़ पाएगा। हमारी मांग है कि संभल के अपराधियों पर कार्रवाई हो, चाहे वे अधिकारी ही क्यों न हों, और सुप्रीम कोर्ट ऐसी हिंसा को दोबारा होने से रोकने के लिए गाइडलाइन लेकर आए।"

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया २कि, अंडमान और निकोबार प्रशासन की तरफ से उपलब्ध कराए गए इनपुट के अनुसार, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर), हैदराबाद को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई)-क्क और विशेष वित्तीय सहायता (एसएफए) योजनाओं के तहत सड़कों के सर्वेक्षण के लिए 1.15 करोड़ रुपये की लागत से सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया था। पीएमजीएसवाई और एसएफए योजनाओं के तहत कुल 198 सड़कों के निर्माण के लिए 210.87 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है, जिसमें से 100 सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका है। अंडमान और निकोबार प्रशासन ने सुधार के लिए 142 सड़कों और बिछाने के लिए 08 नई सड़कों की पहचान की है।



### सीएपीएफ में महिलाओं की संख्या बढ़ाने के प्रयास जारी

**गृह राज्य** मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि, वर्ष 2024 के दौरान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफल्स में भर्ती होने वाली कुल महिला जवानों की संख्या 5469 है। सीएपीएफ में महिलाओं की संख्या बढ़ाने के लिए मंत्रालय का निरंतर प्रयास है। उल्लेखनीय है कि सीएपीएफ में महिलाओं की संख्या 2014 में 15,499 से बढ़कर 2024 में 42,190 हो गई है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने आगे बताया कि, वर्ष 2025 के दौरान सीएपीएफ और असम राइफल्स में भर्ती होने वाली कुल महिला जवानों की संख्या 4138 है।

**देश में 2.63 लाख से ज्यादा महिला पुलिस बल- नित्यानंद**
केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में जानकारी दी कि, 01 जनवरी 2023 तक देश में पुलिस बलों में महिला कर्मियों की कुल संख्या 2,63,762 है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में जानकारी दी कि, बीएडीपी (सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम) एक केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में कार्यान्वित किया जाता है जिसके तहत केंद्र सरकार और पंजाब राज्य सरकार का हिस्सा क्रमश: 60 प्रतिशत और 40 प्रतिशत है।

### पुलिस ने गोलियां चलाईं, 5 लोग मारे गए: राम गोपाल यादव

**राज्यसभा** में सपा सांसद राम गोपाल यादव ने संभल हिंसा पर कहा, '24 नवंबर को सुबह 6 बजे पूरे संभल में पुलिस तैनात कर दी गई। संभल के लोगों को पता ही नहीं था कि पुलिस क्यों तैनात की जा रही है। कुछ देर बाद डीएम, एसएसपी, वकील और कुछ लोग पुलिस के साथ ढोल बजाते हुए मस्जिद में घुस गए। भीड़ को शक था कि वे मस्जिद में तोड़फोड़ करने जा रहे हैं। एसडीएम ने पानी की टंकी खोली और जब पानी बाहर निकलने लगा तो लोगों को शक हुआ कि उसमें कुछ गड़बड़ है और फिर वहां अशांति फैल गई। पुलिस ने गोलियां चलाईं, 5 लोग मारे गए, 20 लोग घायल हुए, सैकड़ों लोगों पर केस दर्ज किए गए और कई लोग जेल में हैं, जो पकड़े गए उन्हें बुरी तरह पीटा गया।

# भारतीय न्याय संहिता का मूल मंत्र-नागरिक प्रथम है: प्रधानमंत्री मोदी

**क्रियान्वयन**

▶▶ भारतीय न्याय संहिता' के प्रभाव का प्रारंभ होना, बहुत बड़ी बात है: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में तीन नए आपराधिक कानूनों के सफल क्रियान्वयन से राष्ट्र को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता का मूल मंत्र-नागरिक प्रथम है। उन्होंने कहा कि ये कानून नागरिक अधिकारों के संरक्षक और न्याय में आसानी का आधार बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए आपराधिक कानून हमारे संविधान द्वारा हमारे देश के नागरिकों के लिए कल्पित आदर्शों को पूरा करने की दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में देश विकसित भारत का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है, जब संविधान के 75 वर्ष हुए हैं, तब संविधान की भावना से प्रेरित 'भारतीय न्याय संहिता' के प्रभाव का प्रारंभ होना, बहुत बड़ी बात है। देश के नागरिकों के लिए हमारे संविधान ने जिन आदर्शों की कल्पना की थी, उन्हें पूरा करने की दिशा में ये ठोस प्रयास है। मोदी ने सभी देशवासियों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के लागू होने की शुभकामनाएं दी और चंडीगढ़ प्रशासन से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आजादी के सात दशकों में न्याय व्यवस्था के सामने जो चुनौतियां आईं, उन पर गहन मंथन किया गया। हर कानून का व्यवहारिक पक्ष देखा गया, भविष्य के मापदंड पर उसे कसा गया, तब भारतीय न्याय संहिता इस स्वरूप में हमारे सामने आई है।

### सरकार ने किफायती दर पर उर्वरक उपलब्ध कराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण हाल ही में उत्पन्न भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद सरकार ने आवश्यकता के आधार पर सब्सिडी दरों के अतिरिक्त विशेष पैकेज प्रदान करके किफायती मूल्यों पर उर्वरकों की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित की है।

## चीन से वार्ता में सीमा पर अमन-चैन को प्राथमिकता: विदेश मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने मंगलवार को लोकसभा को जानकारी दी कि चीनी कार्रवाई के चलते सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति भंग होने के कारण भारत-चीन संबंध 2020 के बाद से सामान्य नहीं रहे थे। हमारे निरंतर राजनयिक प्रयासों से हाल ही में संबंधों में कुछ सुधार आया है। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने मंगलवार को लोकसभा में भारत-चीन संबंधों पर एक बयान दिया। उन्होंने कहा कि सीमा पर शांति और अमन-चैन रिश्तों के सामान्य होने की पहली शर्त है। चीन के साथ बातचीत में राष्ट्रीय हितों को व्यापक तौर पर साधा जा रहा है।



# एसपी चौहान ने सीएम को स्कूल-कॉलेजों में मोबाइल के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा में नशे** के बढ़ते प्रकोप को मेंशन करने के बाद एसपी चौहान द स्ट्रगलिंग मैन के असल नायक व नवचेतना मंच के संयोजक एसपी चौहान ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर स्कूल कॉलेजों में मोबाइल फोन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा है कि स्कूल कॉलेजों में पढ़ाई के समय में भी स्टूडेंट्स का ध्यान मोबाइल फोन पर गढ़ा रहता है, जिसके कारण उनकी पढ़ाई तो बाधित हो रही है, साथ ही उनका कॅरियर भी चौपट हो रहा है। स्टूडेंटस को जहां पढ़ाई करके पहुंचना है, वे उस टॉरगेट को अचीव नहीं कर पाते और जीवनभर पछताते रहते हैं। ये स्टूडेंटस की नहीं, बल्कि प्रदेश व देश की भी क्षति है क्योंकि स्टूडेंटस देश के भविष्य की निधि हैं। ऐसे में उन्हें इस इंटरनेट के भयावह परिणामों से बचाना सरकार व समाज दोनों का कर्तव्य है।



# अदालत ने आरोपित को पुलिस रिमांड पर भेजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः बहालगढ़** थाना सोनीपत पुलिस ने चावल के कट्टे चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मोहम्मद नाजिम निवासी यूपी व ईश्वर निवासी तरावड़ी करनाल का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।अशोक विहार निवासी जयप्रकाश ने गत 2 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह गत 24 नवंबर को गाड़ी चालक नाजिम व परिचालक ईश्वर निवासी तरावड़ी करनाल से माल भरकर बहालगढ़ से कैथल गए थे। उसके बाद अगले दिन गाड़ी को बहालगढ़ में छोड़कर फरार हो गए। गाड़ी के अंदर रखे सामान की जांच की तो उसमें से 15 कट्टे चावल गायब मिले। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# पुलिस ने आरोपितों को अदालत में किया पेश, चार दिन के रिमांड पर भेजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः पंजाबी गायक सिद्धू** मूसेवाला मर्डर केस के आरोपित गांव सेरसा के कुख्यात बदमाश अंकित सेरसा के नाम पर कुंडली क्षेत्र में उगाही किए जाने का मामला सामने आया है। अंकित सेरसा लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा है। उसके नाम पर होटल संचालक से चार लाख की रंगदारी मांगने व साढ़े 98 हजार रुपये वसूलने के मामले में मुकदमा दर्ज कर स्पेशन एंटी गैंगस्टर यूनिट ने सात आरोपितों को काबू किया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर अजय धनखड़ ने बताया कि कुंडली के होटल संचालक ने 1 दिसंबर को कुंडली थाना में शिकायत दी थी कि वह तीन साथ मिलकर होटल चलाते हैं। 14 नवंबर को गांव सेरसा निवासी सागर, राठधना निवासी संदीप व उनके सात-आठ साथी होटल में आए थे। उन्होंने पिस्तौल दिखाकर धमकी देते हुए चार लाख रुपये की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि यह रुपये उन्हें पंजाब की जेल में बंद अपने साथी अंकित को ले जाकर देने हैं। हमारी एक आपराधिक टीम है। होटल संचालक ने आरोप लगाया था कि उनसे पिस्तौल दिखाकर आरोपितों ने 43 हजार रुपये छीन लिए थे। उन्होंने उनके साथी यूपी के मुरादाबाद के रहने वाले युवक से 53 हजार रुपये व तीसरे साथी से ढाई हजार रुपये छीन लिए थे। होटल संचालक ने आरोप लगाया था कि युवक कई अन्य दुकानदारों से भी इसी तरह अंकित सेरसा के नाम पर डराकर रुपये वसूलते है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में उनके नेतृत्व में यशवीर, कुलदीप, अमित, कृष्ण, विक्रांत, अमित, प्रदीप, कृष्ण, तस्वीर, प्रवीन, चांद, विनोद, सुमित व अंकित व मंजीत की टीम बनाई थी। टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए अंकित के साथी गांव सेरसा के सागर समेत सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

**यह आरोपी किए गए गिरफ्तार-**
पुलिस टीम ने मामले में गांव सेरसा के सागर उर्फ सेठी, गांव राठधना निवासी संदीप, मूलरूप से रोहतक के गांव कंसाला हाल बहालगढ़ निवासी मोहित उर्फ खोखर, गांव खेवड़ा निवासी रोहित व अमित, मूलरूप से पानीपत के गांव सनौली फिलहाल पटेल नगर सोनीपत निवासी सागर कुमार, सैनी मोहल्ला निवासी पंकज है। पुलिस ने सभी को चार दिन के रिमांड पर लिया है। जिससे अन्य दुकानदारों से भी उगाही के बारे में पूछताछ की जा सके। पुलिस ने आरोपितों से तीन देशी पिस्तौल, दो कारतूस, एक पाइपगन, घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है।

**आरोपित सागर व संदीप का रहा आपराधिक रिकॉर्ड-**
मामले में गिरफ्तार किए सागर सेरसा व संदीप राठधना का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। सागर के खिलाफ गांव सेरसा निवासी अनिल ने 2 सितंबर, 2023 को कुंडली में षड्यंत्र व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था। अनिल का आरोप था कि उनकी खटकड़ रोड पर दो दुकान हैं। 9 अगस्त, 2023 को बाइक पर आए सागर सेरसा व अन्य ने पिस्तौल तानकर कहा था कि उन्हें अंकित सेरसा ने उसे व उसके बेटे आकाश को एक साथ मारने के लिए भेजा है। पुलिस ने तब सागर व एक अन्य पकड़ा था। सागर अब अप्रैल माह में जमानत पर आया था। वहीं संदीप पर दुष्कर्म, मारपीट व शराब के नशे में हुड़दंग के दो मुकदमे दर्ज रहे है।

**संगठित अपराध का पहला मुकदमा**
अजय धनखड़ ने बताया कि कुंडली थाना में भारतीय न्याय संहित के तहत संगठित अपराध का यह पहला मुकदमा दर्ज हुआ है। बीएनएस की धारा 111 के तहत दर्ज मुकदमे में संगठित अपराध से निपटने के उद्देश्य से एक व्यापक कानूनी प्रावधान है। यह संगठित अपराध को कई लोगों के समूह की तरफ से संचालित किसी भी चल रहे आपराधिक उद्यम के रूप में परिभाषित करता है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **किरनेश यादव, पुत्रः हरि लाल यादव, पताः मकान नं. 289, दुकान नंबर 07, प्रताप खंड झिलमिल, दिल्ली** ने **FIR No. 403/2019, U/s: 279/427 IPC, पुलिस थाना विवेक विहार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **किरनेश यादव** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **किरनेश यादव** फरार हो गया है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 403/2019, U/s: 279/427 IPC, पुलिस थाना विवेक विहार, दिल्ली** के अभियुक्त **किरनेश यादव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.01.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री विधि गुप्ता आनंद,
सीजेएम, शाहदरा जिला, कमरा नंबर 53
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/15662/SHD/2024

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **चंदन सिंह पुत्र** राघो सिंह, **निवासी** खसरा नं0–342, टकिया चौक, बुराड़ी, दिल्ली, **यहां भीः** जोगिया लालगढ़ पुलिस स्टेशन पिपरा, जिला सिहोर मुजफ्फरपुर (बिहार), ने **FIR No. 365/2020, U/s 356 IPC, पुलिस स्टेशन मुखर्जी नगर, जिला उत्तर–पश्चिम, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चंदन सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चंदन सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 365/2020, U/s 356 IPC, पुलिस स्टेशन मुखर्जी नगर, जिला उत्तर–पश्चिम, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **चंदन सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.01.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री निहारिका कुमार शर्मा
एलडी एसीएमएम, कमरा नं0–117,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15411/NW/2024
(Court Matter)

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **कुंवर पाल सिंह पुत्रः** आशा राम, **पताः** खसरा नं. 424, जी. एन.–02, गाँव सबोली, दिल्ली ने **FIR No. 425/2014, U/s 419/420/467/468/471/34 IPC** थानाः करावल नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुंवर पाल सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुंवर पाल सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 425/2014, U/s 419/420/467/468/471/34 IPC** थानाः करावल नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **कुंवर पाल सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
इसरा जैडी
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04
कमरा नं. 64, चौथी मंजिल, जिला एन.ई.
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/15800/NE/2024
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रघुनन्दन मण्डल पुत्र सुखदेव मण्डल निवासी म.नं. 11103, गली स्वर्ण वाली, मोतिया खान, सदर बाजार, दिल्ली** ने एफआईआर नं. **1282/2023, अन्तर्गत धारा 33 दिल्ली एक्ससाइज एक्ट, थाना सदर बाजार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रघुनन्दन मण्डल** मिल नहीं रहा/रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रघुनन्दन मण्डल** फरार हो गये/गई हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रहे हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **1282/2023, अन्तर्गत धारा 33 दिल्ली एक्ससाइज एक्ट, थाना सदर बाजार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रघुनन्दन मण्डल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.01.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री गौरव गोयल**
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी-06
केन्द्रीय जिला, कमरा नं. 247
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/15785/N/2024
(Court Matter)

## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना संख्याः** 18/2024/आर.एच./जे.एच.एस. **दिनांकः** 28.11.2024

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (चल स्टॉक), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| **निविदा सं.ः** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी15-2024-25 | **निविदा मूल्य** : ₹ 27062880.00 |
| **कार्य का विवरणः** कनवेन्शनल टैप चेन्जर लोकोमोटिव में लगे सीमेंस मेक 180 के.वी.ए. स्टेटिक इन्वर्टर (एस.आई.वी.) की ए. एम.सी.। | |
| **बयाना राशिः** ₹ 285300.00 | **निविदा बंद होने की तिथिः** 26.12.2024 |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 25 माह | |
| **निविदा सं.ः** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी17-2024-25 | **निविदा मूल्य** : ₹ 13176720.00 |
| **कार्य का विवरणः** कनवेन्शनल टैप चेन्जर लोकोमोटिव में लगे मेधा मेक 180 के.वी.ए. स्टेटिक इन्वर्टर (एस.आई.वी.) की ए.एम.सी.। | |
| **बयाना राशिः** ₹ 215900.00 | **निविदा बंद होने की तिथिः** 26.12.2024 |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 37 माह | |

निविदाकार निविदा **दिनांक 26.12.2024 को 15.00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेवसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर देखें। **2068/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## जना स्मॉल फाइनेंस बैंक

अनूसूचि कॉमर्शियल बैंक

पंजीकृत कार्यालयः जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड- द फेयरवे, ग्राउंड & पहली मंजिल
सर्वे नं. 10/1, 11/2 & 12/2/बी, कार्यालय डोमलर, कोरामंगला, इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के पास, छल्लाघाटा, बैंगलोर- 560071

**सोने के आभूषणों को बोली के लिए सार्वजनिक सूचना**

निर्धारित समयसीमा के अंदर सोने के आभूषणों के एवज में नीचे उल्लेखित उधारकर्ता ऋण चुकाने में विफल साबित हुए हैं और कई बार याद स्मरण भी कराया गया। नीचे उल्लेखित उधारकर्ता द्वारा सोने के आभूषण/गहने ऋण खाता के नाम पर गिरवी रखे गए थे, वो सार्वजकि/प्राईवेट/ऑनलाईन बिक्री की जाएगी, हमारे शाखा परिसर में **23-12-2024 को सुबह 10:30 बजे**। जो भी इस नीलामी में भाग लेना चाहते हैं उनसे आग्रह है कि हमारे शाखा कार्यालय में संपर्क करें। बैंक के पास अधिकार होगा कि वो बोली स्वीकार करता है या अस्वीकार करता है बिना किसी कारण बताएं। कृप्या नोट करें कि अगर बोली उसी दिन पूरी नहीं हो पाती तो अगले दिन उन्हीं शर्तों पर बोली लगेगी। अगर ग्राहक नीलामी के सभी शर्तों का मानता है तो वो कानूनी रूप से हायर होगा। उधारकर्ता तो सूचित किया जाता है कि अभी तक का ब्याज और अन्य शुल्क चुकाना होगा नीलामी की तारीख से पहले, अगर चुकाने में असफल साबित होते हैं तो गिरवी रखे हुए सोने के आभूषण की बिक्री की जाएगी और बकाया राशि और अन्य शुल्क ब्याज सहित वसूला जाएगा। किसी भी तरह की जानकारी व अन्य शर्तों और नियमों को जानने के लिए शाखा में संपर्क कर सकते हैं। शाखा कार्यालय की अन्य जानकारी के लिए www.janabank.com पर जाएं।

| क्रमांक सं. | ऋण खाता सं. | उधारकर्ता/सहउधारकर्ता का नाम | सोने के आभूषणों के कुल वजन |
|---|---|---|---|
| 1 | 32638740000430 | Hema Tel Narayan | 21.85 |
| 2 | 32638740000420 | Jai Mala Devi | 12.91 |
| 3 | 32638740000380 | Arvind Kumar | 45.28 |
| 4 | 32638740000370 | Shashi . | 28.51 |
| 5 | 32638730017947 | Dolly D | 50.04 |
| 6 | 32638730017884 | Kanta Dayakishan | 8.13 |
| 7 | 32638730017871 | Kanta Dayakishan | 7.81 |
| 8 | 32638730017693 | Anita | 7.82 |
| 9 | 32638730017196 | Meena Vijay | 13.89 |
| 10 | 32638730017160 | Santosh Kumar | 10.86 |
| 11 | 32638730017144 | Suman | 3.7 |
| 12 | 32638730017055 | Salma Hasin | 3.31 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, फर्स्ट फ्लोर, ए- 7-8/88 रामगढ़, जहांगीरपुरी, करनाल, रोड़, कॉरपोरेशन बैंक बिल्डिंग, उत्तरी दिल्ली, दिल्ली- 110009 | | | |
| 13 | 34428730005974 | Rajesh R | 9.7 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, फर्स्ट फ्लोर, खसरा नं. 52, नं. 46-ए, मसूदाबाद, चारा मंडी के नजदीक, नजफगढ़, दक्षिणी-पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली- 110043 | | | |
| 14 | 30808730043710 | Abdul Kalam | 8.5 |
| 15 | 30808730043351 | Lokesh | 6.26 |
| 16 | 30808730043291 | Aman Kumar | 3.39 |
| 17 | 30808730043275 | Suman Rakesh Kumar | 6.76 |
| 18 | 30808730043262 | Rakesh | 12.2 |
| 19 | 30808730043006 | Somvati | 2.75 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग नं. वी-109, ज्योति कॉलोनी, दुर्गापुरी चौक, शाहदरा दिल्ली- 110032 | | | |
| 20 | 47938730019604 | Sashi S | 5.27 |
| 21 | 47938730019481 | Mamtadevi Suresh | 5.28 |
| 22 | 47938730019301 | Laxmi Sonu | 4.2 |
| 23 | 47938730018703 | Mohini I | 8.39 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, फर्स्ट फ्लोर, संपत्ति नं. सी-3, हस्तसाल गांव, मिलाप नगर कॉलोनी, पश्चिम दिल्ली, दिल्ली- 110059 | | | |
| 24 | 32818740000942 | Mukesh Kumar | 51.7 |
| 25 | 32818740000892 | Ankit K | 32.4 |
| 26 | 32818740000827 | Kajal Kumari | 22.3 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, फर्स्ट फ्लोर, यू-182/ए, उपाध्याय ब्लक, शकरपुर, विकास मार्ग, लक्ष्मी नगर , दिल्ली- 110092 | | | |
| 27 | 30908740000787 | Mukesh Kumar | 39.6 |
| 28 | 30908730016179 | Sunil Kumar Kashyap | 6.13 |
| 29 | 30908730016038 | Nirmala Jagdish Shah | 5 |
| 30 | 30908730015992 | Jina . | 6.05 |
| 31 | 30908730015571 | Rakesh | 5.1 |
| 32 | 30908730015561 | Pushpa . | 5.2 |
| 33 | 30908730015519 | Sahil Vaid | 4 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, डी- 74, मेन मार्केट ब्लॉक नं. डी (डी-74) मालवीय नगर, नई दिल्ली- 110017 | | | |
| 34 | 31248740000292 | Sunita Devi Ransingh | 45.75 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर, संपत्ति नं. 2152, बवाना रोड़, नरेला मंडी, दिल्ली-110040 | | | |
| 35 | 30218740001337 | Santosh Chander | 17.8 |
| 36 | 30218740002136 | Geeta Devi Havin Rehta | 7.2 |
| 37 | 30218740002149 | Sangeeta Sonu | 9.49 |
| 38 | 30218740002202 | Manish Chand | 9.35 |
| 39 | 30218740002191 | Abhishek Kumar | 20.13 |
| 40 | 30218740002152 | Abhishek Kumar | 129.7 |
| 41 | 30218740002100 | Parmeshwari Babu | 32.62 |
| 42 | 30218740002086 | Mohd Husain Mohd | 15.9 |
| 43 | 30218740002060 | Geeta Devi Havin Rehta | 19.45 |
| 44 | 30218740002047 | Balwant Singh | 43.95 |
| 45 | 30218740001923 | Kuldeep Kuldeep | 10.65 |
| 46 | 30218740001900 | Jyoti Pandey | 48.3 |
| 47 | 30218740001850 | Kiran Suresh Mehra | 52.1 |
| 48 | 30218740001761 | Sania Zehra | 24.15 |
| 49 | 30218740001758 | Ram Milan | 29.86 |
| 50 | 30218740001630 | Kulvindar Kour | 25.7 |
| 51 | 30218740001570 | Amir Khan | 8.14 |
| 52 | 30218740001452 | Aarti A | 32.62 |
| 53 | 30218730016992 | Bimla Pintu | 8.98 |
| 54 | 30218730016911 | Babita Devi | 16.68 |
| 55 | 30218730016848 | Sonu Singhaal | 7.65 |
| 56 | 30218730016710 | Lakshmi Devi | 10 |
| 57 | 30218730016291 | Yogesh Kumar | 6.6 |
| 58 | 30218730016160 | Santosh Jha | 10.05 |
| 59 | 30218730015756 | Ram Parvesh | 10.75 |
| 60 | 30218730015743 | Farzana F | 11.9 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, #8, पश्चिम एन्कलेव रोहतक रोड़, पीड़ागढ़ी चौक, मारूति शो रूम के सामने पश्चिम विहार , नई दिल्ली- 110087 | | | |

स्थानः दिल्ली
दिनांकः 04-12.2024

एसडी/-अधिकृत अधिकारी
जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड

# हड्डी रोग विशेषज्ञ की ओपीडी बंद होने के चलते मरीजों को लौटना पड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः नागरिक अस्पताल सोनीपत** में प्रबंधन की लापरवाही के चलते मरीजों को कई-कई दिनों तक चक्कर लगाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। प्रबंधन की तरफ से स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की ड्यूटी को वीआईपी व आपातकालीन स्थिति सहित कैंपों में लगाई जा रही है। जिसके चलते अस्पताल में आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मरीज बिना उपचार के ही अस्पताल से लौटने पर मजबूर हो रहे है। स्पेशलिस्ट चिकित्सक इस संबंध में प्रबंधन के सामने अपना विरोध तक जता चुके है। उसके बावजूद प्रबंधन कोई सुध नहीं ले रहा है। बता दें कि नागरिक अस्पताल सोनीपत में मौजूद समय में 2000 के करीब ओपीडी रजिस्ट्रेशन है। हड्डी विभाग की बात करे तो हर रोज 400 के करीब ओपीडी संख्या है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से हड्डी रोग विभाग में दो चिकित्सकों को हाल में तैनात किया गया है। मंगलवार को अस्पताल में हड ?डी ओपीडी में मरीजों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ा। विभाग में तैनात एक चिकित्सक अवकाश पर चला गया। वहीं प्रबंधन की तरफ से दूसरे चिकित्सक की वीआईपी ड्यूटी लगा दी। ओपीडी में चिकित्सक के न होने के कारण मरीजों को रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर घंटों लाइन में लगने के बाद उपचार नहीं मिल पाया।


## एक्शन इंडिया

(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं जो कि नूरहसन पुत्र सूबेदिन निवासी गांव रसूलपुर तहसील गन्नौर व जिला सोनीपत बयान करते है कि मेरा सगा पुत्र सलमान खान व उसकी पत्नी मुस्कान मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते हैं। मै उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और सम्बंध विच्छेद करता हुँ। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त दोनों से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैंजो कि उषा पत्नी श्री कृष्ण निवासी गांव गढ़ मिरकपुर उप तहसील राई जिला सोनीपत बयान करती हू कि मेरा पुत्र रितेश व उसकी पत्नी सुनित कुमारी मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते हैं। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और सम्बंध विच्छेद करती हुँ। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त दोनों से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## नाम परिवर्तन

**मैं संदीप कुमार उम्र- 34 वर्ष, पुत्र रामधन सिंह और राजरानी उर्फ राज देवी, गांव कैथ, जिला पानीपत का निवासी हूं। राजरानी और राज देवी दोनों एक ही महिला का नाम है, जोकि मेरी मां हैं।**

# अरविंद केजरीवाल ने भरा वॉलेंटियर्स में जोश

## महिला विंग की अध्यक्ष और उनके साथ 500 से अधिक महिला वालेंटियर्स इस वीडियो कॉल से जुड़ीं

**चुनावी रण**

▶▶ मुफ्त को रेवड़ी को घर-घर तक पहुंचाने का ना सिर्फ मंत्र दिया बल्कि उनसे जमीनी हकीकत भी समझी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार सभी विंग के हर वालेंटियर्स से खुद सीधा संपर्क कर रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए महिला विंग के सभी वालेंटियर्स से संपर्क साधा। उन्हें मुफ्त को रेवड़ी को घर-घर तक पहुंचाने का ना सिर्फ मंत्र दिया बल्कि उनसे जमीनी हकीकत भी समझी। अरविंद केजरीवाल से बातचीत करने के लिए महिला विंग की अध्यक्ष सारिका चौधरी और उनके साथ 500 से अधिक महिला वालेंटियर्स इस वीडियो कॉल से जुड़ीं।
महिला विंग ने अरविंद केजरीवाल को बताया कि वह घर-घर जा रही हैं और छोटी-छोटी बैठकें कर छह रेवड़ियों पर लोगों के साथ चर्चा कर रही हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला वालेंटियर ने अरविंद केजरीवाल से बात भी की। बातचीत के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप सभी ज्यादा से ज्यादा बैठकें करने की कोशिश करें। कई टीम बनाकर अपने क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक करें। इन बैठकों में छह रेवड़ियों के बारे में जनता को विस्तार से बताएं। इनके फायदे और बंद होने के नुकसान भी बताएं, ताकि जनता सही निर्णय कर सके। केजरीवाल ने वालेंटियर्स से उनका अनुभव और जमीनी हकीकत की जानकारी भी ली। साथ ही वालेंटियर्स की राय भी जानी।
केजरीवाल ने कहा कि वालेंटियर्स हमारी रीढ़ हैं। उनकी मेहनत की बदौलत ही पार्टी आज इस मुकाम पर है।
बातचीत के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप सभी ज्यादा से ज्यादा बैठकें करने की कोशिश करें। कई टीम बनाकर अपने क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक करें। इन बैठकों में छह रेवड़ियों के बारे में जनता को विस्तार से बताएं।

### आईजीडीटीयूडब्ल्यू के खातों का सीएजी से ऑडिट होगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने इंदिरा गांधी दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी फॉर वूमेन (आईजीडीटीयूडब्ल्यू) के खातों का अगले पांच वर्षों के लिए सीएजी से ऑडिट कराने का फैसला लिया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री आतिशी ने आईजीडीटीयूडब्ल्यू के खातों की अगले पांच सालों के लिए सीएजी से ऑडिट कराने को मंजूरी दे दी। इस बाबत आतिशी ने कहा कि सरकार के इस कदम से यूनिवर्सिटी के वित्तीय मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। ऑडिट के जरिए किसी भी प्रकार की अनियमितताओं और वित्तीय कुप्रबंधन को पहचान कर उसे दूर करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का स्तर सुधारने के साथ-साथ बेहतर फाइनेंशियल मैनेजमेंट दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है। इस दिशा में सीएजी ऑडिट सुनिश्चित करेगा कि लोगों के टैक्स का सही इस्तेमाल हो। आतिशी ने कहा कि सरकार का यह कदम यूनिवर्सिटी से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही को सुनिश्चित करेगा। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली सरकार के लिए अपने उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षा का स्तर सुधारने के साथ-साथ बेहतर फाइनेंशियल मैनेजमेंट हमेशा से प्राथमिकता रही है।

## एनजीटी ने डीडीए उपाध्यक्ष और सीईओ को किया तलब

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष, पश्चिमी दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट और दिल्ली राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) के प्रबंध निदेशक को तलब किया है। राष्ट्रीय राजधानी में तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए प्रभावी कदम नहीं उठा रही है। अपने आदेश में न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि संबंधित अधिकारियों द्वारा "कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है" और इस दलील के समर्थन में रिकॉर्ड पर कुछ भी नहीं रखा गया है कि तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए कदम उठाए गए हैं या उठाए जा रहे हैं।

## आप विधायक के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

### 'आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश यादव कुरान शरीफ की बेअदबी करते हैं'

**विरोध**

▶▶ नरेश यादव की गिरफ्तारी और निष्कासन की मांग को लेकर मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अल्पसंख्यक मोर्चा ने आम आदमी पार्टी (आआपा) संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास पर पवित्र कुरान का अपमान करने वाले आआपा विधायक नरेश यादव की गिरफ्तारी और निष्कासन की मांग को लेकर मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता, और भाजपा के अन्य नेता भी मौजूद रहे। इस दौरान दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, "हमारे देश में सभी मजहब के लोग रहते हैं और अपने-अपने तरीके से इबादत करते हैं, सम्मान करते हैं। लेकिन आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश यादव कुरान शरीफ की बेअदबी करते हैं। उन्हें पंजाब की मलेरकोटला कोर्ट ने सजा सुनाई लेकिन वहां के मुख्यमंत्री भगवंत मान इस पर चुप हैं।" सचदेवा ने कहा कि स्वार्थ सिद्धि के लिए बने इंडी गठबंधन का एक भी नेता आज इस पर नहीं बोल रहा, क्योंकि इनके लिए मुस्लिम समाज केवल वोट बैंक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष राहुल गांधी, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और असदुद्दीन औवेसी ने इस पर कुछ नहीं कहा। अभी किसी भाजपा नेता ने ऐसा कुछ किया होता तो अब तक पूरे देश में हंगामा हो रहा होता। नरेश यादव आआपा के नेता हैं इसलिए किसी ने कुछ नहीं बोला। उन्होंने कहा कि केजरीवाल दोहरा चरित्र लेकर रहते हैं, जिसका पर्दाफाश करने के लिए आज भाजपा नेता केजरीवाल के घर के सामने प्रदर्शन कर रहे हैं। जब वोट मांगना हो तब सबके सामने जाते हैं और जब काम करने की बात हो तो वह दिल्ली की जनता के साथ छल करते हैं।

## मुख्यमंत्री आतिशी ने मोहल्ला बसों का निरीक्षण किया

**दौरा**

▶▶ मोहल्ला बस सेवा की शुरूआत शहर में अंतिम मील की कनेक्टिविटी को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को कुशक नाला इलेक्ट्रिक बस डिपो में मोहल्ला बसों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा, "मोहल्ला बसों की पहली 150 बसें की खेप आ चुकी है। उनका परीक्षण दो मार्गों पर सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। हम चार्जिंग सुविधाओं का निरीक्षण कर रहे हैं।" उन्होंने कहा कि ये 150 बस आने वाले दो हफ्तों में दिल्ली की सड़कों पर उतर जाएंगी। ये नव मीटर बसें हैं। मोहल्ला बस उन जगहों पर जाएंगी, जहां 12 मीटर की बड़ी बस नहीं जा सकती है। अंतिम मील कनेक्टिविटी में सुधार के लिए अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में यह पहल शुरू की गई है। इससे दिल्लीवासियों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मोहल्ला बस सेवा की शुरूआत हमारे शहर में अंतिम मील की कनेक्टिविटी को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ये बसें सीमित सड़क चौड़ाई वाले अत्यधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाने के लिए डिजाइन की गई हैं, जो स्थानीय लोगों के लिए एक विश्वसनीय और कुशल परिवहन विकल्प प्रदान करती हैं।

## संदिग्ध हालात में छात्र की मौत

**जांच शुरू**

▶▶ पुलिस द्वारा शुरूआती पूछताछ में पता लगा कि बच्चे के मुंह से अचानक झाग निकलने लगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दक्षिण पश्चिमी जिले के वसंत विहार इलाके में चिन्मय विद्यालय के अंदर छठी कक्षा में पढ़ने वाले 12 वर्षीय प्रिंस नामक छात्र की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। घटना सुबह मंगलवार की है। सुबह 10:15 बजे फोर्टिस अस्पताल वसंत कुंज से दिल्ली पुलिस को यह सूचना दी गई कि बच्चे की मौत हो गई है। पुलिस द्वारा शुरूआती पूछताछ में पता लगा कि बच्चे के मुंह से अचानक झाग निकलने लगा। उसके बाद स्कूल प्रशासन उसे फोर्टिस अस्पताल लेकर गई, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी तरफ इस घटना के बाद मृतक बच्चों के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वह लगातार स्कूल प्रशासन पर आरोप लगा रहे हैं कि प्रिंस का स्कूल के अंदर किसी लड़के से झगड़ा हुआ था, जिसके कारण उसकी मौत हुई है। मृतक बच्चे के परिजन और रिश्तेदारों ने चिन्मय विद्यालय के बाहर खड़े होकर स्कूल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस द्वारा शुरूआती पूछताछ में पता लगा कि बच्चे के मुंह से अचानक झाग निकलने लगा।

## चर्चित अधिकारी रहे राजशेखर सरकार से हुए पद मुक्त

**तनातनी**

▶▶ केंद्र सरकार ने गत 17 अक्टूबर को इनका तबादला अरुणाचल प्रदेश कर दिया था





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नरेश कुमार के मुख्य सचिव रहते हुए दिल्ली सरकार में सबसे चर्चित अधिकारी रहे आईएएस वाईवीवीजे राजशेखर आखिरकार दिल्ली सरकार से पद मुक्त हो गए। वह 2012 बैच के आईएएस हैं।

**हाल ही में किया गया था तबादला**

केंद्र सरकार ने गत 17 अक्टूबर को इनका तबादला अरुणाचल प्रदेश कर दिया था। राजशेखर की दिल्ली सरकार के साथ तनातनी भी जगजाहिर है। आप सरकार के नेताओं से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों की जांच इन्होंने की थी, जिसे लेकर सरकार के निशाने पर आ गए थे। सरकार आरोप लगा रही थी कि उनके नेताओं को फर्जी रिपोर्ट बनाकर जानबूझ कर फंसाया गया है। सुप्रीम कोर्ट के 11 मई 2023 के आदेश के बाद दिल्ली सरकार के पास तबादलों का अधिकार आने पर राजशेखर सरकार के निशाने पर आने वालों में सबसे पहले अधिकारियों में शामिल थे। दिल्ली सरकार ने तत्काल उन्हें सतर्कता और सेवाएं विभाग से हटा दिया था और उनके कार्यालय से फाइलों की छानबीन की थी। माहौल फिर अचानक बदल गया कई तरह के आरोप लगने की बात कह कर उनके खिलाफ जांच के आदेश भी दिए थे। यह सब शुरू हो पाता इससे पहले ही एकाएक दिल्ली सरकार के अधिकारों को लेकर केंद्र सरकार की अधिसूचना आ गई थी, जिसके बाद दिल्ली सरकार में माहौल फिर अचानक बदल गया था।

**एलजी के पास चला गया था नियुक्ति का अधिकार**

उसके तहत अधिकारियों के तबादला और नियुक्ति का अधिकार फिर से एलजी के पास चला गया था।
फाइलों से छेड़छाड़ का आरोप लगाकर राजशेखर ने सरकार के कुछ लोगों पर मुकदमा भी दर्ज कराया था, उधर सरकार की ओर से भी इनके खिलाफ शिकायत दी गई थी। नरेश कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद दिल्ली सरकार के अधिकारियों में माहौल बदला है। दिल्ली सरकार ने अब राजशेखर को तत्काल प्रभाव से पद मुक्त कर दिया है।

## मंगोलपुरी में युवक की हत्या

**केस दर्ज**

▶▶ पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उक्त मामले में हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान पंकज के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक घटना मंगोलपुरी के ब्लॉक में बीती देर रात तकरीबन ढाई से तीन बजे के दौरान की है। रात में कुछ युवकों के बीच कहासुनी हुई, जो झगड़े में तब्दील हो गई। झगड़े के दौरान गोलियां चलीं। इस गोलीबारी में एक युवक को गोली लग गई, जिसे नजदीक के संजय गांधी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार घटनास्थल पर बदमाशों ने करीब पांच से छह राउंड गोलियां चलाई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से सभी साक्ष्य जुटा लिये हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उक्त मामले में हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर आरोपितों की पहचान करने में जुटी हुई है।

## राष्ट्रपति ने चीफ जस्टिस मनमोहन को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया

**जिम्मेवारी**

▶▶ राष्ट्रपति ने हाई कोर्ट के जज जस्टिस विभू बाखरु को दिल्ली हाई कोर्ट का कार्यकारी चीफ जस्टिस नियुक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस मनमोहन को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया है। राष्ट्रपति ने जस्टिस मनमोहन के सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में कार्यभार संभालने के दिन से दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस विभू बाखरु को दिल्ली हाई कोर्ट का कार्यकारी चीफ जस्टिस नियुक्त किया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 28 नवंबर को जस्टिस मनमोहन को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त करने की सिफारिश की थी। जस्टिस मनमोहन को 13 मार्च 2008 को दिल्ली हाई कोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। जस्टिस मनमोहन 29 सितंबर 2024 से दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में काम कर रहे हैं। कॉलेजियम की सिफारिश में कहा गया है कि जस्टिस मनमोहन हाई कोर्ट के जजों की अखिल भारतीय रैंकिंग लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं और दिल्ली हाई कोर्ट के वरिष्ठतम जज हैं। कॉलेजियम की सिफारिश में कहा गया है कि फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में जो जज हैं उनमें मात्र एक ही जज दिल्ली हाई कोर्ट से हैं।

## फिजिक्स वाला के खिलाफ विज्ञापन पर लगी अस्थायी रोक

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थान फिजिक्स वाला को सस्ता वाला कहने वाले विज्ञापन पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। जस्टिस मिनी पुष्करणा की बेंच ने विज्ञापन चलाने वाले स्कॉलर डेन को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई अप्रैल 2025 में होगी। सुनवाई के दौरान फिजिक्स वाला की ओर से पेश वकील ने कहा कि वो छात्रों को सस्ती कीमत में कोर्स कराता है। उसकी कीमत पचास रुपये से एक लाख रुपये तक की है। याचिका में कहा गया है कि स्कॉलर्स डेन अपने विज्ञापन में उसे सस्ता वाला कहता है। विज्ञापन में कहा गया है कि चूंकि फिजिक्स वाला ज्यादा खर्चीला नहीं है इसलिए अच्छा नहीं है। विज्ञापन में जिस समय सस्ता वाला कहा जाता है तब उस समय फिजिक्स वाला के कोचिंग संस्थान को दिखाया जाता है। फिजिक्स वाला ने अपनी याचिका में कहा है कि विज्ञापन में उसका मजाक नहीं उड़ाया जा सकता है। स्कॉलर्स डेन अपने विज्ञापन को सोशल मीडिया पर डालता है।

## चिड़ियाघर में पानी की सफाई के लिए 'नैनो बबल प्रौद्योगिकी' का शुभारंभ

**पहल**

▶▶ गंदे तालाब के पानी को स्वच्छ बनाया जा सकेगा। तालाब के पानी में काई आदि लग जाती है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने मंगलवार को दिल्ली चिड़ियाघर के सौंदर्य में सुधार लाने और जलीय जीवों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए पानी की सफाई और शुद्धिकरण के लिए 'नैनो बबल प्रौद्योगिकी' का शुभारंभ किया। इसके माध्यम से गंदे तालाब के पानी को स्वच्छ बनाया जा सकेगा। तालाब के पानी में काई आदि लग जाती है। इसे दूर करने में यह टेक्नोलॉजी मदद करेगी। इसे प्रयोग के तौर पर शुरू किया गया है। अच्छे परिणाम आने के बाद आवश्यकता अनुसार चिड़ियाघर में इसका उपयोग किया जा सकता है। चिड़ियाघर में प्रयोग के तौर पर नैनो बबल तकनीक का पहली बार इस्तेमाल किया जा रहा है और इसके लिए 15 दिन का परीक्षण किया जाएगा। राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य जल को स्वच्छ बनाए रखना है, ताकि जलीय जीवों के स्वास्थ्य ठीक रहे। वे बेहतर महसूस करें। जल के स्वच्छ होने से कई फायदे मिलते हैं। आमतौर पर तालाब का पानी गंदा होने के बाद गंध आनी लगती है। काई जम जाती है। रंग भी फीका पड़ने लगता है। इस नई तकनीक से पानी साफ होगा। जानवरों के स्वास्थ्य के लिए भी ठीक रहेगा।

## हाईकोर्ट ने मानवाधिकार कार्यकर्ता नदीम खान को गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की

**राहत**

▶▶ दिल्ली पुलिस ने कहा कि संज्ञेय अपराध होने के पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं। हिंसा को उकसाने के पर्याप्त सबूत हैं





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने मानवाधिकार कार्यकर्ता नदीम खान को राहत दी है। जस्टिस जसमीत सिंह ने नदीम खान को अगले आदेश तक गिरफ्तारी से सुरक्षा देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 6 दिसंबर को होगी। हाई कोर्ट ने नदीम खान को निर्देश दिया कि वो कल जांच में शामिल हों और उसमें सहयोग करें। कोर्ट ने नदीम को जांच अधिकारी की अनुमति के बिना देश छोड़कर जाने से मना किया है। आज सुनवाई के दौरान नदीम खान की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि एफआईआर में किसी भी संज्ञेय अपराध का खुलासा नहीं किया गया है। इसका विरोध करते हुए दिल्ली पुलिस ने कहा कि संज्ञेय अपराध होने के पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं। नदीम खान की ओर से हिंसा को उकसाने के पर्याप्त सबूत हैं। दिल्ली पुलिस ने कहा कि नदीम खान देश की शांति को खत्म करने की कोशिश कर रहे थे और ये वीडियो में साफ दिख रहा है। तब कोर्ट ने कहा कि आप समझने की कोशिश कीजिए। हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं। हमारे देश का सद्भाव इतना कमजोर नहीं है कि एक प्रदर्शनी या एक वीडियो से खराब हो जाएगा। किसी के चिल्लाने भर से सद्भाव खराब नहीं हो जाएगा। नदीम खान के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने देश में वैमनस्य पैदा करने के लिए आपराधिक साजिश रचने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। नदीम खान एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स (एपीसीआर) के राष्ट्रीय सचिव हैं। नदीम खान ने याचिका दायर कर दिल्ली पुलिस की ओर से दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली पुलिस की एफआईआर में कहा गया है कि एक सब-इंस्पेक्टर को पेट्रोलिंग के दौरान खुफिया सूत्रों से पता चला कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया गया है जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है और वो हिंसा का रूप ले सकता है।
एफआईआर में कहा गया है कि रिकॉर्ड्स ऑफ हिन्दुस्तान इन मोदी सरकार नामक शीर्षक वाला वीडियो 21 नवंबर को अपलोड किया गया।

### स्टाल एपीसीआर का था और वीडियो में जो व्यक्ति बोल रहा था वो नदीम खान था: पुलिस

ये वीडियो अकरम ऑफिशियल 50 नामक चैनल ने अपलोड किया। एफआईआर के मुताबिक अपलोड किए गए वीडियो में एक प्रदर्शनी के दौरान एक स्टाल पर एक व्यक्ति एक बैनर की तरफ इशारा करते हुए नदीम, अखलाक, रोहित वेमुला, पहलू खान के बारे में बात की और उसके बाद 2020 के शाहीन बाग प्रदर्शन, दिल्ली दंगे और एक खास समुदाय को शिकार बनाये जाने की बात की। दिल्ली पुलिस के मुताबिक स्टाल एपीसीआर का था और वीडियो में जो व्यक्ति बोल रहा था वो नदीम खान था। हमारे देश का सद्भाव इतना कमजोर नहीं है कि एक प्रदर्शनी या एक वीडियो से खराब हो जाएगा।

## सेंगर की सजा निलंबित करने की मांग पर सीबीआई को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्नाव दुष्कर्म पीड़ित के पिता की हिरासत में मौत के मामले में भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की स्वास्थ्य के आधार पर सजा को निलंबित करने की मांग पर सीबीआई को नोटिस जारी किया है। जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 13 जनवरी को करने का आदेश दिया। हाई कोर्ट ने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि वो कुलदीप सेंगर के स्वास्थ्य की स्थिति पर रिपोर्ट दाखिल करें। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश वकील ने कोर्ट को बताया कि हाई कोर्ट ने जून में सजा को निलंबित करने की याचिका खारिज कर दी थी। तब कुलदीप सेंगर की ओर से पेश वकील ने कहा कि वे केवल स्वास्थ्य के आधार पर सजा को निलंबित करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेंगर की ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर लंबे समय से सुनवाई नहीं हुई है और वो करीब आठ साल से जेल में हैं। इस मामले में अधिकतम सजा दस साल की मुकर्रर की गई है।
सेंगर ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी है जो अभी लंबित है। 16 दिसंबर 2019 को तीस हजारी कोर्ट ने दुष्कर्म पीड़ित के पिता की हिरासत में हत्या के मामले में कुलदीप सिंह सेंगर को दस साल की कैद की सजा सुनाई थी।

# तारीख पर तारीख के दिन खत्म अब खत्म हुए: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यहां तीन आपराधिक कानूनों के सफल क्रियान्वयन को राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा कि अब तारीख पर तारीख के दिन खत्म हो गए। अबआतंकवाद के खिलाफ लड़ाई मजबूत होगी और भ्रष्टाचार में कार्रवाई को लेकर कानूनी अड़चन नहीं रहेगी। पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ये बाते कही। यहां उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह के साथ 3 नए कानूनों को लागू करने के बारे में समीक्षा की। यहां उन्होंने चंडीगढ़ में लागू किए गए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का डेमो भी देखा। पहले गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधन में कहा कि नए कानूनों के बाद हमें अंग्रेजों के जमाने के गुलाम क्रिमिनल सिस्टम से छुटकारा मिल गया है। अब तारीख पर तारीख का खेल खत्म हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि अब तारीख पर तारीख के दिन लद गए यानी खत्म हो गए हैं। नए कानूनों से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई मजबूत होगी। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में आने वाली कानूनी अड़चन दूर होगी।

मोदी ने कहा कि लोगों ने सोचा, अंग्रेज चले गए तो उनके कानूनों से मुक्ति मिलेगी। वर्ष 2020 में इन 3 नए कानूनों का नोटिफिकेशन जारी हुआ था। इसके बाद कई जगह से सुझाव लिए गए। इसमें हाईकोर्ट के जजों और लोगों से बात की गई। आजादी के 7 दशकों में न्याय व्यवस्था में आई चुनौतियों पर मंथन किया गया। देश को 1947 में आजादी मिली। कई लोगों के बलिदान के बाद जब आजादी की सुबह आई तो कैसे-कैसे सपने थे, लोगों में कितना उत्साह थे। लोगों ने सोचा था कि अंग्रेज चले गए हैं तो अंग्रेजों के कानूनों से भी मुक्ति मिलेगी। यह कानून अंग्रेजों के शोषण करने का जरिया थे, जिनसे वह भारत में अपनी सत्ता मजबूत करना चाहते थे। भारतीय दंड संहिता भारतीयों को दंड देने के लिए बनाई गई थी। पीएम ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ हमारे देश में 1857 में विद्रोह शुरू हुआ था। उसके बाद 1860 में अंग्रेजों ने दंड संहिता बनाई। इन कानूनों का मकसद था कि भारतीयो को दंड दिया जाए। वहीं, देश आजादी के दशकों के बाद उसी दंड संहिता के इर्द-गिर्द घूमता रहा। हालांकि इन कानूनों में थोड़ा-बहुत बदलाव जरूर हुआ, लेकिन इनका चरित्र वही बना रहा। मोदी ने कहा आजाद देश में गुलामों के लिए बने कानूनों को क्यों ढोया जाए। न हमने यह बात उनसे पूछी न ही शासन कर रहे लोगों ने समझी। इन्होंने भारत की विकास यात्रा को प्रभावित किया। देश गुलामी से बाहर निकले। इसके लिए राष्ट्रीय चिंतन आवश्यक था। इसलिए 15 अगस्त को मैंने लाल किले से यह बात लोगों के सामने रखी थी। मोदी ने कहा कि गरीब व कमजोर लोग कानून के नाम से डरते थे। पहले वह लोग कोर्ट-कचहरी में कदम रखने से डरते थे, लेकिन अब भारतीय न्याय संहिता लोगों की इस मानसिकता को बदलने का काम करेगी।यही सच्चा सामाजिक न्याय है। जिसका भरोसा हमारे संविधान में दिलाया है। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा हर पीड़ित के प्रति संवेदनशीलता से परिपूर्ण है। देश के नागरिकों को इसकी बारीकियों का पता चलना भी उतना ही जरूरी है। मोदी ने कहा पहले एफआईआर दर्ज करवाना मुश्किल होता था। अब जीरो एफआईआर को कानूनी रूप दिया गया है। पीड़ित को एफआईआर की कॉपी दी जाएगी। अगर आरोपी से कोई केस हटाना होगा तो पीड़ित की सहमति जरूरी होगी। किसी को भी जबरदस्ती हिरासत में नहीं ले सकते है। परिजनों को सूचित करना होगा।



## देश का कानून नागरिकों के लिए होता है: मोदी

**आतंकवाद** के खिलाफ लड़ाई भी इससे मजबूत होगी। देश का कानून नागरिकों के लिए होता है। पुरानी व्यवस्था का स्वरूप बदल गया था। नए कानून से देश को प्रगति मिलेगी। कानूनी अड़चनों से भ्रष्टाचार को लगाम लगाने में जो दिक्कत आती थी, वह दूर होगी। पहले विदेशी निवेशक इसलिए भारत नहीं आते थे कि कोई मुकदमा दर्ज हुआ तो सालों निकल जाएंगे।

### दंड संहिता

**मोदी ने कहा कि लोगों ने सोचा, अंग्रेज चले गए तो उनके कानूनों से मुक्ति मिलेगी**

# मोहन लाल बड़ौली ने राज्यपाल बण्डारू दत्तात्रेय से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने मंगलवार को हरियाणा के राज्यपाल बण्डारू दत्तात्रेय से औपचारिक मुकालात की। प्रदेश अध्यक्ष ने राज्यपाल को पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल और प्रदेश अध्यक्ष के बीच संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ प्रदेश की राजनीतिक गतिविधियों के बारे में चर्चा हुई। राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्यपाल श्री बण्डारू से कई विषयों पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चल रही सरकार की योजनाओं और संगठनात्मक विषयों के बारे में राज्यपाल को अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि 9 दिसंबर को लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पानीपत में महिलाओं की एक बड़ी रैली को संबोधित करने आ रहे हैं। इसी दिन पीएम मोदी देश की महिलाओं के उत्थान के लिए, बीमा सखी योजना को लांच करेंगे। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी के आगमन को लेकर हमारे कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह और जोश है। प्रधानमंत्री मोदी के पानीपत पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी महसूस ना हो इसके लिए व्यवस्था के नाते पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी जिम्मेदारियां दी गई है। श्री बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना को भी पानीपत से शुरू किया था। इस योजना का मकसद देश में लिंग भेदभाव को खत्म करना और बेटियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अब पीएम मोदी महिलाओं के उत्थान के लिए बीमा सखी योजना को लांच कर महिलाओं को बड़ा तोहफा देंगे।

## न्यूज फ्लैश

### देश के वीर सपूतों के बलिदानों के कारण ही आज हम ले रहे हैं खुली हवा में सांस: कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि देश के वीर सपूतों के बलिदानों के कारण ही आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हमारे वीर शहीदों व क्रांतिकारियों ने जीवन की परवाह किए बगैर भारत माता की रक्षा करने के लिए अपने आप को न्योछावर कर दिया। पंवार आज सोनीपत जिले के गांव शामड़ी में आयोजित 11 नंबरदार शहादत दिवस कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन काल में फांसी पर चढ़े 11 शहीद नंबरदारों को नमन करते हुए कहा कि इन सभी नंबरदारों ने देश की रक्षा करते हुए जो अपने प्राणों की आहुति दी है उसे हम कभी नहीं भूल सकते। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने हमारे वीर सपूतों पर बहुत अत्याचार किए। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी उन क्रांतिकारियों की तरह देश के मान-सम्मान को बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। आज उनकी ही विदेश नीति है कि हमारे बच्चों को निकालने के लिए रूस और यूक्रेन को अपना युद्ध रोकना पड़ा ताकि किसी भारतीय को कोई नुकसान न पहुंचे। आज हर विकसित देश विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए भारत का साथ चाहता है।

### 11 दिसंबर को दीपोत्सव में ग्राम पंचायतों की रहेगी भागीदारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** महाभारत धरा के 48 कोस के तीर्थों पर गीता महोत्सव का रंग जमेगा। कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल, पानीपत व जींद जिले के सभी 182 तीर्थों पर गीता वाणी की गूंज सुनाई देगी। गीता पाठ के साथ तीर्थों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ-साथ 48 कोस के तीर्थों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीता पाठ व गीता यज्ञ का आयोजन होगा। तीर्थों पर गीता महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य गीता की सार्वभौमिकता के साथ युवाओं को जोड़ना है। इसके साथ ही बुजुर्गों व महिलाओं का गीता के साथ जुड़ाव बढ़ाने के लिए गीता पाठ का आयोजन किया जाएगा। हरियाणवी सॉन्ग के जरिये भी हरियाणवी संस्कृति की मूल प्रस्तुतियां होंगी, सांग की भी थीम भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े विषयों पर होगी।

**दीपोत्सव में होगी ग्राम पंचायत व जनप्रतिनिधियों की भागीदारी**
48 कोस के सभी तीर्थों पर 11 दिसंबर को दीपोत्सव का आयोजन होगा। दीपोत्सव में ग्राम पंचायतों की भागीदारी रहेगी और जनप्रतिनिधि मेहमान होंगे। इनमें ब्लाक समिति, जिला परिषद व निकायों के जनप्रतिनिधियों के साथ अन्य प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रण भेजा जा रहा है।

### विधायक जगमोहन आनंद ने सुनी जन समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल विधानसभा के विधायक जगमोहन आनंद ने मंगलवार को अपने निवास स्थान पर आमजन की समस्याएं सुनी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, उन्होंने बारी-बारी से सभी की समस्याओं को सुना और जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इसके साथ-साथ उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करें। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि उनके लिए जनसरोकार सर्वप्रथम है। करनाल की जनता ने उन्हें चुनकर विधानसभा भेजा है। उनकी शिकायतेंए मांगों और समस्याओं को सुनना व उनका समाधान करना उनका पहला कर्तव्य है। विधायक ने कहा कि लोगों के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हैं। करनाल की जनता की सेवा करना उनका दायित्व है। इस कार्य में वे निरंतर लगे रहेंगे।

# दुकानदारों से उगाही करने के सात आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंयिा**
**सोनीपत: पंजाबी** गायक सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस के आरोपित गांव सेरसा के कुख्यात बदमाश अंकित सेरसा के नाम पर कुंडली क्षेत्र में उगाही किए जाने का मामला सामने आया है। अंकित सेरसा लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा है। उसके नाम पर होटल संचालक से चार लाख की रंगदारी मांगने व साढ़े 98 हजार रुपये वसूलने के मामले में मुकदमा दर्ज कर स्पेशल टास्क फोर्स यूनिट ने सात आरोपितों को काबू किया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर अजय धनखड़ ने बताया कि कुंडली के होटल संचालक ने 1 दिसंबर को कुंडली थाना में शिकायत दी थी कि वह तीन साथ मिलकर होटल चलाते हैं। 14 नवंबर को गांव सेरसा निवासी सागर, राठधना निवासी संदीप व उनके सात-आठ साथी होटल में आए थे। उन्होंने पिस्तौल दिखाकर धमकी देते हुए चार लाख रुपये की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि यह रुपये उन्हें पंजाब की जेल में बंद अपने साथी अंकित को ले जाकर देने हैं।

# राज्यसभा उप चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा में** राज्यसभा की एक सीट के उपचुनाव के लिए सियासी अखाड़ा एक बार खुल गया है।यह सीट पंचायत और विकास मंत्री कृष्ण लाल पवार के इस्तीफे से खाली हुई है इससे पहले रोहतक सीट से कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा के लोकसभा सदस्य चुने जाने पर खाली हुई राज्यसभा सीट के लिए उप चुनाव में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुई किरण चौधरी निर्विरोध चुनी गई थी।मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने किरण चौधरी के खिलाफ प्रत्याशी नहीं उतारा था। कांग्रेस की दलील थी कि उसके पास संख्या बल नहीं है।अब इस उप चुनाव में भी कांग्रेस संख्या बल न होने की दलील दे रही है। हरियाणा से राज्यसभा के इस उप चुनाव के लिए मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। आई ए एस अशोक कुमार मीणा को रिटर्निंग ऑफिसर और गौरव गोयल को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इस राज्यसभा सीट के लिए भाजपा में खींचातान बढ़ गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन बड़ौली और कुलदीप बिश्नोई के बाद अब एक पूर्व मंत्री डॉ. बनवारी लाल भी दावेदार बन गए हैं। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बनवारी लाल का टिकट काट दिया था। हालांकि भाजपा किसी दलित चेहरे को राज्यसभा भेज सकती है। ऐसे में पूर्व मंत्री बनवारी लाल का दावा मजबूत माना जा रहा है। इस सीट के लिए भाजपा में कुल 8 दावेदार सामने आ गए हैं। हरियाणा की इस सीट पर भाजपा का उम्मीदवार ही राज्यसभा का सांसद चुना जाना तय है। राज्य में विधानसभा की 90 में से 48 सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। इसके अलावा 3 निर्दलीय विधायक भी भाजपा को समर्थन दे चुके हैं। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के 37 विधायक हैं जबकि 2 विधायक इनेलो के बने हैं। राज्यसभा चुनाव में विधायक ही वोटिंग करते हैं।



# हरियाणा की ज्यादातर यूनिवर्सिटीज के हालात बद से बदतर: अभय

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि बीजेपी सरकार ने हरियाणा में ज्यादातर यूनिवर्सिटीज में ऐसे वाइस चांसलर लगाए हुए हैं जो इस पद के योग्य ही नहीं हैं। उनकी सिर्फ एक ही योग्यता है कि वो आरएसएस के लोग हैं। ऐसे में इन्होंने सभी यूनिवर्सिटीज के हालात बद से बदतर कर दिए हैं। हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय जो एशिया की नंबर वन यूनिवर्सिटी थी उसको भी नाकाबिल वाइस चांसलर ने बर्बादी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। आज एचएयू में चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। पिछले काफी समय से हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में वैज्ञानिकों, कर्मचारियों और छात्रों के साथ मानसिक उत्पीड़न के गंभीर मामले सामने आए हैं। हाल ही में एक होनहार महिला वैज्ञानिक डॉ. दिव्या फोगाट को मानसिक प्रताड़ना के कारण अपनी जान गंवानी पड़ी। डॉ. दिव्या फोगाट की मौत की जांच के लिए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पुलिस से लेकर मुख्यमंत्री तक को पत्र लिखे लेकिन आज तक कोई जांच नहीं की गई। वैज्ञानिकों ने पत्र द्वारा जानकारी दी है कि कैसे एक योजनाबद्ध तरीके से डॉ. दिव्या फोगाट का करियर खत्म करने के लिए उसका प्रमोशन रोक दिया गया, उसकी गोपनीय रिपोर्ट को जानबूझकर खराब किया गया, बार बार अनावश्यक कारण बताओ नोटिस दिए गए, उसके प्रोजेक्ट छिने गए।

# डीएवी स्कूल के बाहर स्टूडेंट को घोंपा चाकू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला के** इंद्री रोड पर डीएवी स्कूल में बाहर एक स्टूडेंट ने दूसरे स्टूडेंट पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। दोनों स्टूडेंट 11वीं कक्षा में पढ़ते हैं और दोनों के बीच पहले गहरी दोस्ती भी थी, लेकिन बाद में पता नहीं ऐसा क्या हुआ कि एक दोस्त दूसरे का जानी दुश्मन बन गया। गंभीर हालत में घायल स्टूडेंट को नजदीक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उसे करनाल कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया।

# हर अधिकारी फील्ड में जाएं और वहाँ की समस्याओं को खुद सुने

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि विभाग का हर अधिकारी फील्ड में जाए और वहाँ की समस्याओं को खुद सुने। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को ड्यूटी चार्ट बनाने को कहा जिसमें किस अधिकारी की किस दिन कहाँ ड्यूटी लगायी गई, उसकी पूरी जानकारी हो। उन्होंने कहा कि जिस अधिकारी की ड्यूटी फील्ड पर लगायी गई है अगर वे फील्ड पर नहीं जाएंगे तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। वे स्वयं भी जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन देखने के लिए दौरे करेंगी। ये बात श्रुति चौधरी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान कहीं। श्रुति चौधरी ने पोषण योजना के तहत महिलाओं, बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और उसके वितरण तथा महिलाओं व बच्चों में वितरित किए जाने वाले फोर्टिफाइड आटा, चावल, पंजीरी व दूध वितरण की जानकारी हासिल की। साथ ही उन्होंने कहा कि जन्म से दो वर्ष तक की आयु में बच्चे के मस्तिष्क का विकास सबसे ज्यादा होता है। इसलिए उनको अच्छी डाइट दी जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि अधिकारी ये सुनिश्चित करें कि आंगनबाड़ी में पौष्टिक भोजन समय पर पहुँचे। उन्होंने पार्टी के संकल्प पत्र में शामिल महिला चौपाल बनाने व नए आंगनवाड़ी केंद्र बनाने के संबंध में भी अधिकारियों से चर्चा की। साथ ही प्रदेश में छह साल तक के बच्चों के विकास के मानदंडों वजन व ऊंचाई आदि के मानकों को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। श्रीमती श्रुति चौधरी ने निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा जितनी भी योजनाएं बेटियों के लिए चलायी जा रही हैं, उसकी जानकारी जन-जन तक पहुँचाई जाए ताकि हर पात्र उसका लाभ ले सकें। बैठक में अधिकारियों द्वारा उन्हें अवगत करवाया गया कि विभाग द्वारा एक टोल फ्री नंबर लोगों को दिया गया है जिसमें यदि वे भ्रूण हत्या या भ्रूण लिंग की जाँच के बारे में कोई भी जानकारी देंगे तो उन्हें एक लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती अमनीत पी. कुमार, विभाग की निदेशक मोनिका मलिक सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### आदेश

**भ्रूण हत्या या भ्रूण लिंग की जाँच के बारे में कोई भी जानकारी देंगे तो उन्हें एक लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा**

# गीता महोत्सव से कुरुक्षेत्र को मिल रही है शिल्प और लोक कला संरक्षण केंद्र के रूप में पहचान

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से ही धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को शिल्प और लोक कला केंद्र के रूप में एक अनोखी पहचान मिल रही है। इस गीता स्थली कुरुक्षेत्र की गोद में देश की लगभग सभी राज्यों की लोक कला और संस्कृति समा गई है। इस लोक कला और संस्कृति को देखने के लिए हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक कुरुक्षेत्र पहुंच रहे है। धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर और आसपास के क्षेत्र को देखकर ऐसा लग रहा है मानो भारतवर्ष की संस्कृति व शिल्पकला एक लघु भारत के रूप में ब्रह्मसरोवर पर उमड़ आई हो। शिल्पकारों की कला गीता महोत्सव का आकर्षण का केन्द्र बिन्दु बने हुए हैं। लगातार दर्शकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। पर्यटकों को ब्रह्मसरोवर के घाटों पर उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, मिजोरम, मेघालय, असम, त्रिपुरा, लद्दाख, वेस्ट बंगाल आदि राज्यों के लोक नृत्यों की प्रस्तुतियां दी जा रही है।



# विकलांग व बच्चों को नालसा की योजनाओं के बारे में ट्रेनिंग कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला एवं सत्र** न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर आज यहां जिला एडीआर सैंटर पहुंचे। यहां उन्होंने मानसिक रूप से विकलांग व बच्चों के लिए नालसा की योजनाओं के बारे में ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर उनके साथ रिटायर्ड जज एसपी सिंह व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन भी उपस्थित थी। यह ट्रेनिंग ग्रास रूट लेवल पर कार्य करने वाले पैनल अधिवक्ताओं व पीएलवी के लिए आयोजित की गई थी। सीजेएम इरम हसन ने बताया कि एडीआर सेंटर में मानसिक रूप से विकलांग लोगों के लिए नालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद तपन रिहेबिलिटेशन सेंटर की इंचार्ज सुजाता ने मानसिक रूप से विकलांग लोगों के अधिकारों बारे में जानकारी दी।



# रिमॉडलिंग व रिहैबिलिटेशन योजना तैयार की जाए: श्रुति चौधरी

## नहरी पानी का न्यायोचित व हर टेल तक पानी पहुंचाना उनकी प्राथमिकता

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने कहा कि नहरी पानी का न्यायोचित बंटवारा व हर टेल तक पानी पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है, इसके लिए प्रदेश की सभी नहरों, नालों व रजबाहों की रिमॉडलिंग व रिहैबिलिटेशन की योजना तैयार की जाए। इसके अलावा नहरों में सतह पर गाद व खरपतवार साफ करने का भी अभियान चलाया जाए, जिन मामलों में केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की अनुमति की आवश्यकता होगी। इसके लिए केंद्रीय मंत्रालय को अर्ध सरकारी पत्र लिखने के भी निर्देश दिए। श्रीमती चौधरी आज यहां अपने कार्यालय में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ प्रदेश के नहरी तंत्र की रूपरेखा की समीक्षा करने के लिए बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह से वे फिल्ड में तैनात सभी अधीक्षक अभियंताओं व एसडीओ के साथ नियमित आधार पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के साथ बातचीत करेंगी ताकि धरातल पर समस्याओं की जानकारी व फीडबैक लिया जा सके। उन्होंने कहा कि विभाग की विजिलेंस विंग को और अधिक सक्रिय किया जाए। उन्होंने हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो के अधिकारियों के साथ भी तालमेल बढ़ाने के निर्देश दिए। जहां पर नहरों की रिमॉडलिंग व रिहैबिलिटेशन का निर्माण कार्य चल रहा है वहां गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और विभाग के मैन्युल कोड के अनुसार निर्माण सामग्री की नियमित सैंपलिंग ली जाए और उसकी लैब में जांच करवाई जाए। बैठक में मंत्री को जानकारी दी गई थी रिमॉडलिंग में पूरी नहर का पुनर्निर्माण होता है जबकि रिहैबिलिटेशन में बड़ा बदलाव नहीं होता, बल्कि विशेष मरम्मत की जाती है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य की सभी नहरों को इंटरलिंक करने के लिए एक ठोस प्रस्ताव तैयार किया जाए, जिससे पानी की उपलब्धता में बढ़ोतरी तो होगी ही, वहीं भू-जल रिचार्ज में भी सुधार होगा। बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# मंत्री ने की 17वें पिराई सत्र की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। हरियाणा के** सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा ने मंगलवार को हैफेड शुगर मिल असंध के 17वें पिराई सत्र की बटन दबाकर विधिवत रूप से शुरूआत की। हवन-यज्ञ के बाद मंत्री ने मशीन में पिराई के लिए गन्ना डाला। इस मौके पर असंध के विधायक योगेन्द्र राणा, प्रबन्ध निदेशक हैफेड पंचकूला मुकुल कुमार, महाप्रबंधक विजय सिंह, सीजीएम हैफेड पंचकूला रजनीश शर्मा, जीएम हैफेड जोगेन्द्र सिंह व डीजीएम राकेश कुमार मौजूद रहे। डॉ. अरविंद शर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि गन्ना किसानों को मिल में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी और उनकी पेमेंट का समय पर भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में मिल ने राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी दक्षता और वित्तीय प्रबंधन में कई पुरस्कार प्राप्त करके क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इसके लिए उन्होंने किसानों व मिल प्रबंधन को बधाई दी और कहा कि मिल ज्यादा से ज्यादा उन्नति करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों को देश में गन्ने का सर्वाधिक भाव दे रही है। आगामी गन्ना सीजन 2025-26 के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार की सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के लिए मिल द्वारा गन्ना विकास योजना तैयार की गई है, जिसमें लगभग 5 करोड़ रुपये ब्याज मुक्त ऋण व लगभग 66 लाख रुपये अनुदान देने का प्रस्ताव रखा गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल प्रदेश को विकास की नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिये प्रयासरत हैं। नौकरियों में पारदर्शिता रखते हुए सरकार ने हाल ही में 25 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने खर्ची-पर्ची सिस्टम को खत्म करके मेरिट के आधार पर नौकरियां दी हैं। आने वाले समय में दो लाख युवाओं को नौकरियां दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिये हर वर्ग को भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस प्रकार से देश आगे बढ़ रहा है, केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर प्रदेश की जनता ने तीसरी बार हरियाणा में सरकार बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 33 हजार पंजीकृत सहकारी समितियां हैं, जिनसे 55 लाख लोग जुड़े हैं। सरकार हर वर्ग की भलाई के लिए वचनबद्ध है। असंध के विधायक योगेन्द्र राणा ने सबसे पहले किसानों को गन्ना पिराई सत्र के शुभारंभ पर किसानों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि चीनी मिल असंध द्वारा किसानों के प्रोत्साहन के लिए, किसानों को विभिन्न सुविधाओं के रूप में जैसे कि ब्याज मुक्त ऋण पर गन्ना बीज, उर्वरक व कीटनाशक उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि असन्ध चीनी मिल के अंतर्गत क्षेत्र में गन्ने की बिजाई का क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए हैफेड 2024-25 के लिए आकर्षक गन्ना विकास योजना तैयार कर रही है। हैफेड द्वारा किसानों को गन्ने की कीमत का भुगतान अति शीघ्र सीधे किसान के खाते में जमा करवाने व किसानों को सुविधाएं उपलब्ध करवाकर एक मिसाल स्थापित की है। उन्होंने कहा कि किसानों के खेत में खड़े गन्ने की एक-एक पोरी खरीदी जाएगी और किसानों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे ज्यादा से ज्यादा खेतों में गन्ने की पैदावार बढ़ाएं। किसान यदि अपने खेतों में फसल बदल-बदल कर बोता है तो इससे कृषि भूमि की उपजाऊ शक्ति बढने के साथ-साथ आमदनी भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने किसान, गरीब, मजदूर, व्यापारी व कर्मचारी सहित सभी वर्गों का समान रूप से विकास करवाया है। प्रबन्ध निदेशक हैफेड पंचकूला मुकुल कुमार ने कहा कि शुगर मिल द्वारा किसानों बहुत सी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। किसानों को हैफेड चीनी मिल, असंध द्वारा पूरे देश में सबसे पहले 72 घंटों में गन्ने की पेमेंट का भुगतान किया जा रहा है। चीनी मिल में गन्ना इकाई में अधिक पारदर्शिता लाने के लिये तौल काटों पर स्वचालित काटें लगाए गए हैं व ट्रालियों व ट्रैक्टर के रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए कैमरे भी लगाए गये हैं। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों की सुविधा के लिये उन्हें गन्ना किसान मोबाइल ऐप प्रदान की गई है, जिसमें किसान अपने घर से अपने गन्ने संबंधित रिकॉर्ड चेक कर सकते हैं।



# प्रत्येक मनुष्य अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाएं: कंवर सिंह यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। डाइट में हिंदी** अध्यापक व अंग्रेजी अध्यापक के पांच दिवसीय क्षमता संवर्द्धन कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव, अध्यक्षता डाइट प्राचार्य सुनील दत्त यादव ने की। राजकीय हिंदी अध्यापक संघ जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा झाड़ली ने बताया कि विधायक कंवर सिंह यादव डाइट में पहुंचने पर प्राचार्य सुनील दत्त यादव द्वारा गुलदस्ता भेंट किया गया। इसके बाद विधायक ने डाइट प्रांगण में पर्यावरण के प्रति पौधारोपण किया। विधायक कंवर सिंह यादव ने बताया कि प्रत्येक मनुष्य ने अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए, ताकि पर्यावरण हरा भरा बना रहे।
इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि आपके पास सरकारी स्कूलों में गरीबों के बच्चे आते हैं। उन्हें लगन से पढ़ाया ताकि गरीब का बच्चा आगे जाकर अच्छा अधिकारी बने, ताकि समाज का भला हो सके। उन्होंने कहा कि हमारा जिला शिक्षा के क्षेत्र में बहुत उन्नति कर रहा है। प्राचार्य डाइट सुनील दत्त यादव अध्यापकों से आह्वान किया कि आप अपने जन्म दिवस, बेटा बेटी के जन्म दिवस व अपनी शादी की सालगिरह पर एक पेड़ अवश्य लगाएं। विधायक कंवर सिंह यादव ने अध्यापकों को बताया कि समाज के प्रति जो भी कार्य हो वह 24 घंटे आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेंगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किसान मोर्चा प्रदीप यादव, करण सिंह यादव, जिला नोडल अधिकारी उल्लास, प्रवक्ता सुक्रपाल यादव, प्रवक्ता वीरेंद्र यादव, प्रवक्ता राकेश यादव, राजेश शर्मा झाड़ली, प्रवक्ता नरेश यादव निंबेहड़ा, प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह, प्रवक्ता राजेश गुप्ता, अरुण कुमार, किरण, सुमन, पंकज यादव, नितिश कुमार, राजकीय हिंदी अध्यक्ष संघ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, गगन सैनी, दिनेश कुमार, रोहताश सैनी, लेखराम आदि मौजूद रहें।



# इफको नैनो मॉडल ग्राम दयानगर में किया गया किसान सभा का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। इफको द्वारा इफको** नैनो मॉडल ग्राम दयानगर में नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान के अन्तर्गत किसान सभा का आयोजन किया गया। इफको के वरिष्ठ क्षेत्र प्रबन्धक डॉ. निरंजन सिंह ने बताया कि इफको ने जिले में निगदु ग्राम को नैनो मार्डल ग्राम कलस्टर बनाया है जिसमें पांच गांव निगदु, करसाडोड, कोयर, दयानगर व माजरा रोडान आते हैं। इन गांवों में इफको नैनो उर्वरकों के प्रयोग को प्रोत्साहन देने के लिए नैनो यूरिया, नैनो डीएपी व सागरिका के साथ ड्रोन स्प्रे के कुल खर्च पर इफको द्वारा 25 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन गांवों के किसान इफको किसान बाजार निगदु मेंआकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर वहां से अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होने यूरिया प्लस व नैनो डीएपी के महत्व के बारे में किसानों से विस्तार से चर्चा की। डॉ. निरंजन सिंह ने नैनो यूरिया प्लस के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि नैनो यूरिया प्लस यूरिया का विकल्प है व इसका प्रयोग एक महीने में फसल पर 500 मिली बोतल को 125 लीटर पानी में एक एकड़ में स्प्रे किया जायेगा, इसलिए इसकी प्रयोग क्षमता परम्परागत यूरिया से अधिक है। पौधे पत्तों व तने के माध्यम से इसको अवशोषित कर लेते हैं। यूरिया की तरह नैनो यूरिया भूमिगत जल, जमीन व वातावरण को प्रदूषित नहीं करता। उन्होंने बताया कि नैनो डीएपी भी परंपरागत डीएपी का विकल्प है व यह भी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में कारगर है। यह परंपरागत डीएपी से सस्ता है। नैनो डीएपी 500 मिली एक एकड़ में प्रयोग होता है, जो 250 मिली मात्रा बीज 5 मिली प्रति किलो बीज या कंद, पनीरी, पौध 5 मिली प्रति लीटर पानी में इस्तेमाल होगा।




# एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकालने के मामले में आरोपित को गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। एटीएम कार्ड** बदलकर पैसे निकालने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर पुलिस टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान सन्नी उर्फ मन्नी वासी सामन पुट्ठी जिला हिसार के रूप में हुई है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपित ने पीएनबी के एटीएम में एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकालने की वारदात को अंजाम दिया था। शिकायतकर्ता रमेश चंद वासी मौहल्ला सैनीपुरा ने थाना शहर में दी शिकायत में बताया कि वह 19 अक्टूबर को समय 11.30 बजे हुड्डा पार्क के सामने पीएनबी बैंक के एटीएम मशीन से पैसे निकालवाने के लिए गया था। वहां पर एक व्यक्ति उसके आने से पहले एटीएम में खड़ा था।

# लाठी डंडों से मारपीट के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। पुलिस अधीक्षक** पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने रास्ता रोककर गाड़ी में टक्कर मारने, गाड़ी तोड़ने व लाठीडंडों से मारपीट करने के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान जयसिंह व विपेंद्र उर्फ विपिन वासी गांव भावठडी, सुरजगढ़ राजस्थान और दिनेश वासी ढाणी भालोठिया के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपितों से दो गाड़ी व मोबाइल बरामद कर जब्त किया है। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शिकायतकर्ता विकाश वासी गांव भावठडी सुरजगढ़ ने थाना सदर कनीना में शिकायत दर्ज कराई कि दिनांक 29 नवम्बर को वह शादी में गांव खेडी तलवाना आए थे। वह अपने दोस्त की गाडी में वापिस बारात से अपने गांव के लिए चले थे। उसके साथ तीन अन्य व्यक्ति भी थे। गांव खेडी तलवाना से थोडा आगे चलते ही अचानक उनकी गाडी के आगे स्कॉर्पियो लगा दी और रास्ता रोक लिया। उसी समय पीछे से एक पिकअप ने उनकी गाडी में टक्कर मारी। स्कार्पियो गाडी से कुछ लड़के नीचे उतर कर आए, जिनके हाथों में लाठी डंडे थे। जिन्होंने गाडी से उतरते ही लाठी-डंडो से उसकी गाडी को तोड दिया और उसे नीचे उतारकर लाठी डंडो से पीटा। उन लडको में से एक लडका उसका मोबाईल ले गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### कॉम्प्लेक्स एंजियोप्लास्टी के जरिए बाईपास के बाद के मरीज को मिली जीवन की नई राह

दिल्ली एनसीआर के एक 72 वर्षीय व्यक्ति कई वर्षों से सीने में दर्द और भारीपन की समस्या से जूझ रहे थे। 10 साल पहले एनजाइना और सीने में तकलीफ के लिए उनकी बाईपास सर्जरी हुई थी। सख्त दवाइयों के सेवन के बावजूद, उनके लक्षण बने रहे और समय के साथ बिगड़ते चले गए, जिससे उनकी दैनिक गतिविधियां गंभीर रूप से सीमित हो गईं। वे सीने में तेज दर्द महसूस किए बिना मुश्किल से 50 कदम चल पाते थे और हाल के हफ्तों में उनकी हालत इतनी खराब हो गई थी कि उन्हें नींद भी मुश्किल हो गई थी, क्योंकि दर्द से राहत पाने के लिए उन्हें बैठकर आराम करना पड़ता था। श्री जैन के सीने में दर्द और बेचैनी का कारण उनकी पिछली बाईपास सर्जरी के बावजूद कोरोनरी धमनियों में बार-बार रुकावट आना बताया गया। अपने परिवार से परामर्श के बाद उन्होंने एक प्रमुख इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. रविंदर सिंह राव से मदद लेने का फैसला किया। डॉ. राव ने उनके लगातार लक्षणों के कारण का पता लगाने के लिए एंजियोग्राफी की सलाह दी। एंजियोग्राफी ने उनके एक बाईपास ग्राफ्ट में 90% रुकावट का पता चला, जिसे उनके लक्षणों के प्राथमिक स्रोत के रूप में पहचाना गया। इस रुकावट के कारण रक्त प्रवाह कम हो गया था, जिसके परिणामस्वरूप सीने में दर्द और थकान हो रही थी। डॉ. रविंदर सिंह राव, जो कॉम्प्लेक्स हाई-रिस्क इंडीकेटेड प्रोसीजर (उल्लक्ह) और उच्च जोखिम वाली हृदय प्रक्रियाओं के विशेषज्ञ हैं, ने बाईपास ग्राफ्ट में 90% रुकावट को दूर करने के लिए एक कॉम्प्लेक्स एंजियोप्लास्टी की सिफारिश की। रुकावट की संरचना की सटीक पहचान करने और एंजियोप्लास्टी को निर्देशित करने के लिए, प्रक्रिया में इंट्रावास्कुलर अल्ट्रासाउंड और ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी सहित उन्नत इमेजिंग तकनीकों का उपयोग करने की योजना बनाई गई थी। लगभग एक घंटे तक चली कॉम्प्लेक्स एंजियोप्लास्टी प्रक्रिया को स्थानीय एनेस्थीसिया के तहत सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। डॉ. राव ने स्टेंट प्लेसमेंट को निर्देशित करने के लिए उन्नत इमेजिंग का उपयोग किया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि बिना किसी रुकावट जटिलता के खुल गई। प्रक्रिया के परिणाम तत्काल और नाटकीय थे। उसी रात, श्री जैन 30 दिनों में पहली बार सीने में दर्द महसूस किए बिना शांति से सोने में सक्षम थे।

### मैक्रोटेक डेवलपर्स ने जनस लॉजिस्टिक्स एंड इंडस्ट्रियल पार्क्स प्राइवेट लिमिटेड में 100प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की

**रोहतक।** सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशंस एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशंस, 2015 (लिस्टिंग रेगुलेशंस) के नियम 30 के तहत, हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि मैक्रोटेक डेवलपर्स लिमिटेड (कंपनी) ने जनस लॉजिस्टिक्स एंड इंडस्ट्रियल पार्क्स प्राइवेट लिमिटेड (जेएलआईपीपीएल) में 100प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए एक शेयर खरीद समझौते (एसपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके परिणामस्वरूप, जेएलआईपीपीएल, कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन जाएगी। यह हमारे डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, यानि इंडस्ट्रियल और लॉजिस्टिक्स के तहत, एलआईएएल (लोढ़ा इंडस्ट्रियल और लॉजिस्टिक्स पार्क) ब्रांड के माध्यम से वार्षिक आय में योजनाबद्ध वृद्धि में योगदान देगी। सेबी लिस्टिंग रेगुलेशंस के तहत आवश्यक विवरण, सेबी सर्कुलर संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएफडी-पीओडी-1/पी/सीआईआर/2023/123 दिनांक 13 जुलाई, 2023 के साथ पढ़े गए हैं, जो इस पत्र के परिशिष्ट में संलग्न हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी झझारा में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। स्वंयसेवकों के द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर स्वच्छता अभियान चलाया। प्रधाना?चार्य सतपाल राठी ने स्वंयसेवको को दूसरों की सेवा के लिए प्रोत्साहित किया। स्वयंसेवकों को विशेष दिशा निर्देश भी दिए। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में कठोर परिश्रम और ईमानदारी को अपने जीवन में ढालना चाहिए। स्वयंसेवको ने एक दिवसीय शिविर में बढ़चढ़ कर भाग लिया व विद्यालय प्रांगण में साफ सफाई भी की। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ ने बताया कि यह शिविर स्वच्छ भारत अभियान के तहत आयोजित किया गया। स्वयंसेवकों को स्वच्छता का महत्व समझाया। स्वयंसेवकों को अपने-अपने घरों, गांव, कस्बा मोहल्ले, गलियों में स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की सलाह दी। स्वयं सेवकों ने प्रतिज्ञा ली कि अपने-अपने पड़ोस में रहने वाले पड़ोसियों को स्वच्छ वातावरण रखने के लिए प्रेरित करेंगे।

# समाधान शिविरों में हो रहा शिकायतों का निपटारा

## समाधान शिविर में आई 5 शिकायतों में से 3 का हुआ निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। हरियाणा** सरकार के निर्देशानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में हर कार्यदिवस पर समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर एडीसी यश जालुका, एसडीएम अनुभव मेहता, डीएसपी मनोज, भाजपा नेता प्रवीण लाठर सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। ऐसे ही शिविर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में भी आयोजित किए गए। उपायुक्त ने बताया कि लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में 5 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 3 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया और 2 शिकायतें अभी लंबित हैं। इसी प्रकार से इंद्री उपमंडल में 6 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका समाधान कर दिया गया है। घरौंडा उपमंडल में 8 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 7 शिकायतों का समाधान कर दिया गया और एक शिकायत लंबित है। उपमंडल नीलोखेड़ी व असंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने बताया कि इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है।

**प्रॉपर्टी आईडी व स्वामित्व संबंधी शिकायतों का निपटारा**
उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला में प्रॉपर्टी आईडी व स्वामित्व से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिए नगर निगम, नगर पालिका व बीडीपीओ कार्यालयों में भी समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज नगर निगम कार्यालय में 6 शिकायतें आई, जिनमें से 4 शिकायतों का समाधान कर दिया गया और 2 शिकायतें अभी लंबित हैं। घरौंडा और नीलोखेड़ी नगरपालिका में एक-एक शिकायत प्राप्त हुई जिनका निपटारा कर दिया गया है। असंध नगरपालिका में प्राप्त सभी पांच शिकायतें निपटा दी गईं। इसी प्रकार इंद्री नगर पालिका में प्राप्त दो शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया।



# पूरे भारत का गौरव है सैनिक स्कूल कुंजपुरा: रामकुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। सैनिक स्कूल** कुंजपुरा के संत कुमार स्टेडियम में अंतर्सदनीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में इंद्री विधानसभा के विधायक रामकुमार कश्यप गवर्नमेंट चीफ व्हिप ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य कर्नल विजय राणा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों से उन्हें अवगत करवाया। विधायक ने स्कूल प्रिंसिपल के साथ परिसर में स्थापित युद्ध में शहीद हुए जाबांजों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के आखिरी दिन का खेल समाप्त होने के पश्चात इस प्रतियोगिता के वरिष्ठ संवर्ग में चिलियानवाला सदन ने अपना परचम लहराया तो कनिष्ठ सदन में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पानीपत सदन ने विरोधी टीमों को चारों खाने चित करते हुए अपनी विजय पताका फहराई। अति कनिष्ठ संवर्ग में छंब सदन ने भी पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी एकतरफा मुकाबले में शकरगढ़ सदन को पटखनी दी तो बालिका संवर्ग में कल्पना चावला छात्रावास का जलवा रहा। प्रतियोगिता के वरिष्ठ सदन में थानेश्वर सदन से आर्यन कनिष्ठ सदन में पानीपत सदन से अमन तथा अति कनिष्ठ सदन में छंब सदन से यशराज तथा अति कनिष्ठ बालिका संवर्ग में यशु को उनके हरफनमौला खेल प्रदर्शन से सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुना गया। वहीं इस खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर रही लड़कियों ने बेहतरीन खेल का मुजायरा करते हुए चार चांद लगा दिया और कल्पना चावला सदन की एथलीट आनंदिता शर्मा ने बेहतरीन खेल प्रदर्शन से लड़कियों की खेल प्रतिस्पर्धा में सबको परास्त करते हुए बेहतरीन एथलीट का खिताब जीता विजयी खिलाड़ि?ों को पुरस्कृत करने के पश्चात अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि सैनिक स्कूल कुंजपुरा हरियाणा ही नहीं वरन् पूरे भारत का गौरव है। सैनिक स्कूल कुंजपुरा के छात्रों का अनुशासन और देश सेवा के प्रति समर्पण की भावना स्वर्णिम भारत के प्रगति सूचक का स्पंदन है। मैं सैनिक स्कूल के यथायोग्य किसी भी कार्य के सम्पादन हेतु सदैव तत्पर रहूंगा। प्रधानाचार्य कर्नल विजय राणा ने मुख्य अतिथि के इस कृतज्ञता हेतु हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि जन प्रतिनिधियों का सहयोग इसी तरह मिलता रहा तो सैनिक स्कूल कुंजपुरा भविष्य में सफलता की एक नई कहानी रचेगा। प्रतियोगिता का संचालन सत्यपाल पूनिया ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक संजय चौहान, खेल संयोजक मुकेश शर्मा, पीटीसी स्टॉफ के साथ समस्त शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे।




# नायब तहसीलदार निशा ने सुनी आमजन की शिकायतें

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। नायब तहसीलदार** निशा ने साप्ताहिक कैंप कार्यालय में आमजन की शिकायतें सुनीं। इस दौरान उनके सामने 35 नागरिकों की शिकायतें आई जिनमें से अधिकांश का मौके पर निपटान किया। नायब तहसीलदार निशा ने कहा कि जो भी शिकायत जिस भी विभाग से संबंधित है उसका समय अवधि में ही समाधान करें। किसी भी आमजन को बार-बार कार्यालय के चक्कर न कटवाएं। इस मौके पर अवैध कब्जे, बिजली व पानी, परिवार पहचान पत्र व अन्य समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को भेज कर जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर बिजली विभाग से एसडीओ अरुण कुमार, पीडब्लूडी विभाग से एसडीओ कृष्ण यादव, एसईपीओ प्रवीण कुमार, बीडीपीओ कार्यालय से मोहनलाल, कृषि विभाग से गजानंद शर्मा, अल्पबचत विभाग से बिजेंद्र कुंडू, श्रम विभाग से सुरेंद्र लंबा, जिला समाज कल्याण विभाग से प्रदीप कुमार, रोजगार विभाग से राकेश यादव, आयुष विभाग से अनिल, क्रिड विभाग से अनीता सैनी व अनिल के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।



## संपादकीय

# 'एक हैं, तो सुरक्षित हैं' के नारे के मर्म को समझा हिंदू समाज ने

**महाराष्ट्र** विधान सभा चुनावों को लेकर सारे देश की निगाहें लगी हुई थीं। सारे देश को ही बेसब्री से इंतजार था कि क्या बीते लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के बाद भाजपा का प्रदर्शन महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों में किस तरह का रहता है। दरअसल इसी साल में मात्र पाँच माह पूर्व संपन्न लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र के कई प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में आश्चर्यजनक असफलताओं के बाद, भाजपा के सामने बड़ी चुनौती यही थी कि वह राज्य में खोई हुई जमीन को किस तरह वापस हासिल कर लें। महाराष्ट्र में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के कारण भाजपा को लोकसभा चुनावों में कम से कम सात निर्वाचन क्षेत्रों में काफी नुकसान उठाना पड़ा था , जिसमें धुले और मुंबई उत्तर-पूर्व क्षेत्र भी शामिल हैं। इन दोनों जगहों में भाजपा का पहले से ही बहुत मजबूत आधार था। इन नतीजों के मद्देनजर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एक अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य न केवल इन खोई हुई जमीनों को वापस पाना था, बल्कि अपनी छवि को फिर से परिभाषित करना भी था। प्रधानमंत्री ने इस चुनाव में एक नया नारा पेश किया, "एक हैं तो सुरक्षित हैं"। यह नारा विशेष रूप से हिंदू मतदाताओं को आकर्षित कर एकजुट करने के लिए बनाया गया था, जिसमें जातीय विभाजन के खिलाफ पूरे हिंदू समाज की एकता पर जोर दिया गया था। बेशक, इस नारे ने महायुति गठबंधन को तगड़ा लाभ पहुंचाया। मोदी जी का नारा सिर्फ.हिन्दू मतदाताओं को एक करना भर ही नहीं था। इसे पूरे समाज ने राष्ट्रीय एकता के साथ जोड़कर भी देखा। महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी ( अजित पवार) शामिल हैं। इस आह्वान के परिणामस्वरूप हिंदू वोटों का भाजपा और उसके सहयोगियों के पक्ष में मौन और अत्यंत ही प्रभावी एकीकरण हुआ। यह नारा विपक्ष द्वारा स्थापित कथानक का सीधा जवाब था। और, इसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक अन्य नारे ह्यबंटेंगे तो कटेंगेह्ण से और भी शक्ति मिल गई। इन नारों का उद्देश्य उन क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं को आश्वस्त करना था, जहां उन्हें लगता था कि अल्पसंख्यक वोटों के एकीकरण के कारण उनका राजनीतिक प्रभाव कम हो रहा है। मोदी और योगी के नारों से इसलिए भी हिन्दू मतदाता जुड़े , क्योंकि; कई मुस्लिम मौलवी लगातार यह अपील कर रहे थे कि मुस्लिम महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवारों को ही वोट दे। इस्लामी प्रचारक मौलवी सज्जाद नोमानी विधानसभा चुनाव से पहले लगातार यह फतवे दे रहे थे , कि मुसलमानों को तो भाजपा के खिलाफ ही वोट देना है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सज्जाद नोमानी का एक वीडियो वायरल हुआ था। उसमें वह मुस्लिम समुदाय से कांग्रेस-सेना( उद्धव)-एनसीपी (शरद पवार) गठबंधन को ही वोट देने की अपील करते हुए दिखाई दिए थे। सज्जाद नोमानी ने भाजपा का समर्थन करने वाले मुसलमानों के बहिष्कार का फतवा भी जारी किया था।

# प्रधानमंत्री मोदी की मैहर विक्रांत मैसी की फिल्म पर



राकेश अचल

> उन्होंने यदि विक्रांत मैसी की फिल्म ' द साबरमती रिपोर्ट देखी तो उसे छिपाया नहीं, बल्कि इसकी इत्तला बाकायदा अपने एक्स खाते पर भी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सहयोगी एनडीए सांसदों के साथ 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म देखी. उन्होंने फिल्म बनाने वालों की सराहना की। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फिल्म की तारीफ में लिखा, "मैं 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म के निमार्ताओं की सराहना करता हूं और इस प्रयास के लिए उन्हें बधाई देता हूं." प्रधानमंत्री जी के फिल्म देखने के शौक को लेकर कांग्रेसियों के पेट में दर्द हो रहा है । दर्द होना स्वाभाविक है ,क्योंकि कांग्रेस के नेता कभी फिल्म देखने जाते ही नहीं। कांग्रेस के नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को तो भारत जोड़ो यात्रायें करने से ही फुरसत नहीं मिलती,और अगर मिल भी जाये तो वे धूं-धूंकर जल रहे मणिपुर के राहत शिविरों की तरफ दौड़ लगाते हैं

**प्रधानमंत्री** श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी की पूरी कैबिनेट को ' द साबरमती रिपोर्ट ' फिल्म देखते हुए अखबारों में छपी तस्वीर ने दिल खुश कर दिया। हमें गर्व है कि हमारे प्रधानमंत्री अकेले नहीं बल्कि पूरी कैबिनेट के साथ बैठकर कोई फिल्म भी देखते हैं। मोदी जी की दिनचर्या बेहद व्यस्त रहती है । वे 24 में से 18 घंटे काम करते हैं,ऐसे में यदि वे कोई फिल्म देखने के लिए वक्त निकालते हैं तो ये हैरानी का नहीं बल्कि गौरव का विषय है। विपक्षी खामखां मोदी जी के फिल्म देखने को लेकर हलाकान हो रहे हैं।

मै इस बात के लिए अपने देश के देशी प्रधानमंत्री जी का हमेशा कायल रहा हूँ कि वे जो भी करते हैं खुल्ल्म -खुल्ला करते हैं। छिपाते नहीं हैं। उनके मन में मेल बिलकुल नहीं है । वे निर्मल चित्त नेता हैं,नायक हैं। उन्होंने यदि विक्रांत मैसी की फिल्म ' द साबरमती रिपोर्ट देखी तो उसे छिपाया नहीं, बल्कि इसकी इत्तला बाकायदा अपने एक्स खाते पर भी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सहयोगी एनडीए सांसदों के साथ 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म देखी. उन्होंने फिल्म बनाने वालों की सराहना की। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फिल्म की तारीफ में लिखा, "मैं 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म के निमार्ताओं की सराहना करता हूं और इस प्रयास के लिए उन्हें बधाई देता हूं." प्रधानमंत्री जी के फिल्म देखने के शौक को लेकर कांग्रेसियों के पेट में दर्द हो रहा है । दर्द होना स्वाभाविक है ,क्योंकि कांग्रेस के नेता कभी फिल्म देखने जाते ही नहीं। कांग्रेस के नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को तो भारत जोड़ो यात्रायें करने से ही फुरसत नहीं मिलती,और अगर मिल भी जाये तो वे धूं-धूंकर जल रहे मणिपुर के राहत शिविरों की तरफ दौड़ लगाते हैं। मणिपुर को लेकर संसद में हंगामा करते हैं और करते हैं। वे क्या जानें की फिल्में देखना सेहत के लिए कितना लाभप्रद होता है ? राहुल बाबा को मोदी जी से इस मामले में प्रेरणा लेना चाहिए। जस उम्र में लोग माला जपने लगते हैं ,उस उम्र में मोदी जी फिल्में देख रहे हैं।

कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी को पता नहीं क्यों मोदी जी को फिल्म देखकर ऐसा लगता है कि -' रोम जल रहा है और नीरो बंशी बजा रहा है। वे सरकार पर हमला करते हुए कहते हैं कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी मणिपुर और जीडीपी पर ध्यान नहीं दे रहे, फिल्म देख रहे है। पंडित प्रमोद तिवारी जी को शायद ये मालूम नहीं है कि न तो मणिपुर रोम है और न मोदी जी नीरो । तिवारी जी को शायद ये भी नहीं पता कि मोदी जी बंशी नहीं बल्कि डंका वादक है। वे डंका बजाते हैं। वैसे भी फिल्म देखना हर नागरिक का जन्मसिद्ध अधिकार है। प्रधानमंत्री को भी ये अधिकार हासिल है । मणिपुर जाना न जन्मसिद्ध अधिकार है और न ड्यूटी। अब किसी को मणिपुर नहीं जाना तो नहीं जाना । किसी को फिल्म देखना है तो देखना है । पसंद अपनी -अपनी ,ख्याल अपना-अपना। ' द साबरमती रिपोर्ट ' देखकर देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह साहब भी गदगद नजर आये । वे इतने गदगद मणिपुर हिंसा की किसी रिपोर्ट को देखकर गदगद नजर नहीं आये। गृह मंत्री अमित शाह ने भी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' की सराहना की और इसे गोधरा के सच को उजागर करने वाला बताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, "इस फिल्म ने देशवासियों को गोधरा कांड के असल सच से परिचित कराया और बताया कि कैसे एक पूरा इकोसिस्टम इसे छिपाने में लगा था ? आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और एनडीए सांसदों के साथ इस फिल्म का आयोजन किया गया है, और मैं पूरी फिल्म टीम को इस प्रशंसनीय प्रयास के लिए बधाई देता हूं.।

सब जानते हैं कि देश की संसद में विपक्ष लगातार हंगामा कर रहा है ,ऐसे में रिलेक्स होने के लिए फिल्म देखना जरूरी है। विपक्ष को भी कोई न कोई फिल्म जरूर देखना चाहिए। विपक्ष यदि मणिपुर में जारी हिंसा का सच और उसके पीछे जारी ईकोसिस्टम को उजागर करना चाहता है तो उसे भी कोई एकता कपूर खोजना चाहिए,किसी विक्रम मैसी की तलाश करना चाहिए ताकि वो भी कोई ' द मणिपुर रिपोर्ट ' नाम से फिल्म बना सके। ऐसी फिल्म को कांग्रेस शासित राज्यों में करमुक्त भी किया जाना चाहिए ,लेकिन दुर्भाग्य कि कांग्रेस को कुछ करना आता ही नहीं है सिवाय गाल बजाने के। अब गाल बजाकर तो आप माननीय मोदी जी का ,डॉ भागवत जी का ,माननीय नड्डा जी का ,माननीय अमित शाह जी का मुकाबला कर नहीं सकते। ये सभी दिग्गज गाल बजाने में भी कांग्रेस की टीम से मीलों आगे हैं। दअरसल कांग्रेस को कुछ करना आता ही नहीं है । कांग्रेस न गड़े मुर्दे उखड़वा पाती है और न किसी पूजाघर का सर्वे करने के लिए अदलात की शरण ले पाती है। आजकल तो कांग्रेस दंगे करना भी भूल गयी है ,ये पुण्य कार्य भी भाजपा को ही कराना पड़ रहा है। कांग्रेस केवल ख्वाब देखती है ,देश को धर्मनिरपेक्ष बनाने का । कांग्रेस को न तो डॉ भागवत की तरह देश में घटती प्रजनन डॉ की चिंता है और न समाज के वजूद को समाप्त होने की चिंता। यदि होती तो कोई कांग्रेसी डॉ भागवत की तरह देश की जनता से तीन बच्चे पैदा करने की मार्मिक अपील न करती ? योगी आदित्यनाथ की तरह बटोगे तो कटोगे का नारा न देती ? केवल संविधान की लाल किताबिया लेकर घूमने से थोड़े ही संविधान और लोकतंत्र बचता है। संविधान बचाने के लिए,लोकतंत्र बचाने के लिए फिल्म देखना पड़ती है। पता नहीं इन कांग्रेसियों को अक्ल कब आएगी ? वे कब फिल्म देखेंगे ? मुझे पक्का यकीन है कि जब तक कांग्रेसी अपने नेता राहुलगांधी के साथ बैठकर किसी लाइब्रेरी हाल में कोई फिल्म नहीं देखेंगे ,तब तक उन्हें कामयाबी नहीं मिलने वाली । कांग्रेसियों को यदि ' द साबरमती रिपोर्ट ' अच्छीनहीं लगती तो कांग्रेसी इसी विषय पर बनी बीबीसी की फिल्म मंगाकर देख सकते हैं,हालाँकि देश में इस फिल्म का प्रदर्शन सरकार ने होने नहीं दिया था। इस फिल्म में भी गोधरा कांड का सच दिखाया गया था।

मेरा तो सुझाव है कि संसद में जब -जब हंगामा होता है और सदन की कार्रवाई स्थगित की जाती है तब-तब खाली समय में सांसदों को कोई न कोई फिल्म दिखाई जाना चाहिए। फिल्म देखना स्वास्थ्य कि लिए बहुत फायदेमंद क्रिया है। कसरत करने से भी ज्यादा । योग-ध्यान से भी ज्यादा फायदेमंद है । मै तो एक जमाने में दिन में फिल्मों के तीन शो देखता था। इसी का नतीजा है कि मै आज भी स्वस्थ्य और प्रसन्न हूँ। अब देश को ऐसी किसी तस्वीर की अपेक्षा नहीं करना चाहिए की जिसमें मोदी जी अपनी पूरी कैबिनेट कि साथ इम्फाल के राजभवन में मणिपुर को बचाने कि लिए बैठक करते नजर आएंगे ।



## कविता

पृथ्वी बची
रहे।
मैं चाहता हूं पृथ्वी
बची रहे
और बची रहे मिट्टी
आग
नदिया
चिड़िया
झरने
पहाड़
हरे हरे पेड़
रोटी
चावल
मक्का
बाजरा
समंदर
पुस्तकें
मनुष्य के लिए
जी बची रहे
पृथ्वी भी
मनुष्य के लिए
बचा रहे
मनुष्य,
मनुष्य के लिए
बची रहे
स्त्री की कोख
नन्हीं बच्चियों
के लिए जो
आने वाली
कई पीढ़ियों को
जन्म दे सके
मनुष्य के लिए
पृथ्वी के लिए,
और
बची रहे मानवता
नन्ही बच्चियां
चिड़ियां
फूल पत्तियां
और कलियां
और मनुष्य के
लिए।

संजीव

## विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थानों पर उठते सवाल

**भारतीय** संस्थानों से एसटीईएम स्नातकों के एक बड़े प्रतिशत में आवश्यक कौशल का अभाव है, जो उद्योग और अनुसंधान प्रगति में बाधा डालता है। संस्थागत रैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान आउटपुट पर ध्यान केंद्रित करने से कई शिक्षण-केंद्रित संस्थानों ने अक्सर निम्न-गुणवत्ता वाले आउटलेट में प्रकाशन पत्र और पेटेंट को प्राथमिकता दी है, कई संस्थानों में संकाय पर अत्यधिक बोझ है, पेशेवर विकास के लिए बहुत कम समय या प्रोत्साहन है। संकाय भर्ती अक्सर स्थानीयकृत होती है, जिससे शैक्षणिक प्रदर्शन और दृष्टिकोण की विविधता सीमित हो जाती है। क्वांटम कंप्यूटिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी पहलों के लिए कुशल पेशेवरों की आवश्यकता होती है, लेकिन सीमित योग्य कर्मियों और अपर्याप्त प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे के कारण इन पहलों का उपयोग कम होने का खतरा है। वर्तमान संरचना संसाधनों, पाठ्यक्रम या संकाय के आदान-प्रदान की सुविधा नहीं देती है, जिससे शिक्षा और अनुसंधान के बीच विभाजन मजबूत होता है, विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी में योगदान के अपने समृद्ध इतिहास के साथ, भारत अब एक ऐसे महत्त्वपूर्ण मोड़ पर है जहाँ देश में (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जैसे-जैसे दुनिया तेजी से डिजिटल होती जा रही है, शिक्षा में प्रौद्योगिकी का समावेश केवल एक चलन नहीं बल्कि एक आवश्यकता बन गया है। प्रौद्योगिकी छात्रों और शिक्षकों के बीच सहयोग को सुगम बनाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और उपकरण परियोजनाओं पर वास्तविक समय में सहयोग को सक्षम करते हैं, टीमवर्क और संचार कौशल को प्रोत्साहित करते हैं। ये सहयोगात्मक अनुभव पेशेवर दुनिया में वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति की सहयोगात्मक प्रकृति को दशार्ते हैं। शिक्षा में प्रौद्योगिकी का एकीकरण कई लाभ लाता है, यह चुनौतियों को भी सामने लाता है जिन्हें व्यापक परिवर्तन के लिए सम्बोधित करने की आवश्यकता है। डिजिटल डिवाइड एक महत्त्वपूर्ण चिंता का विषय बना हुआ है, जिसमें प्रौद्योगिकी और इंटरनेट तक पहुँच में असमानताएँ हैं।

इस अंतर को पाटना यह सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है कि सभी छात्रों को, उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, प्रौद्योगिकी के उपयोग से लाभ उठाने के समान अवसर मिलें। शिक्षकों को भी अपने शिक्षण विधियों में प्रौद्योगिकी को प्रभावी ढंग से एकीकृत करने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण की आवश्यकता है। शिक्षकों के लिए निरंतर व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करना सुनिश्चित करता है कि वे प्रौद्योगिकी के उपयोग को समझने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं।

इसके अतिरिक्त, शिक्षा में प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग, जिसमें डेटा गोपनीयता और सुरक्षा शामिल है, को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## विचार

## स्कूल डिजिटल साक्षरता और मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों से कैसे निपट रहे हैं?

**विजय गर्ग**

**भारत** की शिक्षा प्रणाली में परिवर्तनकारी बदलाव देखा जा रहा है, जिसमें पारंपरिक मूल्यों को आधुनिक नवाचारों के साथ मिश्रित किया जा रहा है। एनईपी और आरटीई जैसी नीतियों ने समावेशिता, कौशल-निर्माण और भावनात्मक कल्याण पर जोर देते हुए सीखने को फिर से परिभाषित किया है। प्रगतिशील नीतियों और समग्र शिक्षा पर बढ़ते जोर के कारण भारतीय शिक्षा परिदृश्य में गहरा बदलाव आया है। शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने से लेकर परिवर्तनकारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को लागू करने तक, इस क्षेत्र ने समावेशिता और नवाचार में महत्वपूर्ण प्रगति की है। आज, शिक्षा न केवल अकादमिक उत्कृष्टता प्रदान करती है, बल्कि माता-पिता और स्कूलों के बीच साझेदारी को भी बढ़ावा देती है, जिससे छात्रों के लिए एक मजबूत सहायता प्रणाली तैयार होती है। इन परिवर्तनों को अपनाते हुए, स्कूलों ने मूल मूल्यों को संरक्षित करते हुए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाया है। एक मजबूत शिक्षा प्रणाली का सार जिज्ञासा और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने, छात्रों को अप्रत्याशित भविष्य में आगे बढ़ने के लिए उपकरणों से लैस करने में निहित है। इसे पहचानते हुए, स्कूल उभरती प्रौद्योगिकियों द्वारा आकार की दुनिया के लिए कौशल प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा विज्ञान और डिजिटल नवाचार जैसे क्षेत्रों में शुरूआती अनुभव छात्रों को उन चुनौतियों के लिए तैयार करता है जो उन्हें 10-15 वर्षों तक इंतजार कराती हैं। भारत की शिक्षा प्रणाली आधुनिक नवाचारों के साथ परंपरा का मिश्रण करते हुए विकसित हो रही है। इन बदलावों को जानने के लिए इंडिया टुडे ने पुणे के संस्कृति ग्रुप ऑफ स्कूल्स के ट्रस्टी प्रणीत मुंगाली से बात की. व्यस्त भविष्य के लिए नवाचार शिक्षण आधुनिक शिक्षा रटने से कहीं अधिक की मांग करती है; इसके लिए जुड़ाव, प्रासंगिकता और भावनात्मक जुड़ाव की आवश्यकता होती है। स्कूलों ने अपनी शिक्षण पद्धतियों में सोशल इमोशनल लर्निंग (एसईएल) को शामिल करके इस चुनौती का सामना किया है। एसईएल इतिहास, विज्ञान और गणित जैसे विषयों में सहजता से घुलमिल जाता है, जिससे पाठ अधिक प्रासंगिक और प्रभावशाली बन जाते हैं। उदाहरण के लिए, छात्र अपनी प्रेरणाओं का पता लगाने के लिए ऐतिहासिक शख्सियतों की भूमिका निभा सकते हैं या समसामयिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए साथियों के साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। समूह परियोजनाएं सहयोग को प्रोत्साहित करती हैं, क्योंकि छात्र भूमिकाएं आवंटित करना और साझा लक्ष्यों की दिशा में काम करना सीखते हैं, जिससे टीम वर्क और सहानुभूति दोनों को बढ़ावा मिलता है। शिक्षा के केंद्र में मूल्य "तेजी से तकनीकी और सामाजिक परिवर्तनों के प्रभुत्व वाले युग में, स्कूल मूल्यों के महत्व पर जोर दे रहे हैं। व्यक्तिगत पूर्ति और भौतिक सफलता के बीच संतुलन बनाते हुए, पाठ्यक्रम को भावनात्मक रूप से लचीले व्यक्तियों का पोषण करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस ढांचे के केंद्र में विवेक की अवधारणा है सही और गलत को पहचानने की क्षमता, ह्वसंस्कृति ग्रुप ऑफ स्कूल्स, पुणे के ट्रस्टी, प्रणीत मुंगाली ने कहा। यह कालातीत कौशल दैनिक सीखने में बुना जाता है, जो छात्रों को नैतिक रूप से ईमानदार और भावनात्मक रूप से संतुलित वयस्क बनने के लिए मार्गदर्शन करता है। समसामयिक चुनौतियों का समाधान करना जैसे-जैसे शिक्षा परिदृश्य विकसित हो रहा है, स्कूल सक्रिय रूप से डिजिटल साक्षरता, पाठ्यक्रम अनुकूलनशीलता और मानसिक स्वास्थ्य जैसी गंभीर चुनौतियों का समाधान कर रहे हैं। साइबर सुरक्षा पर विशेषज्ञों द्वारा बार-बार आयोजित की जाने वाली कार्यशालाएँ यह सुनिश्चित करती हैं कि छात्र डिजिटल दुनिया को जिम्मेदारी से नेविगेट करने में सक्षम हों। इन-हाउस एआई कोच व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं, जिससे बच्चों को प्रौद्योगिकी को जल्दी अपनाने में मदद मिलती है। "मानसिक स्वास्थ्य, छात्र कल्याण की आधारशिला है, जिसे संरचित एसईएल कार्यक्रमों के माध्यम से प्राथमिकता दी जाती है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## समय और सिर्फ एक पत्थर

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**एक** समय की बात है, एक नगर निगम कार्यालय में अजीब सी हलचल मची हुई थी। नगर निगम का नायक, जिसे लोग ह्वविकसित राष्ट्र का उद्घोषकह्ण कहकर सम्मानित करते थे, रोज कुछ न कुछ नयी परियोजना का उद्घाटन कर रहा था। एक दिन उसने सोचा, क्यों न ह्यस्मार्ट सिटीह्ण की तर्ज पर नगर निगम कार्यालय में भी स्मार्ट बदलाव किए जाएं। ह्वमुझे खुद को स्मार्ट दिखाने का मौका मिलना चाहिए,ह्व उसने मन ही मन कहा, और खुद को एक बड़ा कार्य सौंप लिया। विकसित राष्ट्र के उद्घोषक ने निर्णय लिया कि कार्यालय के बाहर एक पत्थर लगाया जाए, जिस पर लिखा हो, ह्वयह जगह स्मार्ट नगर निगम के लिए समर्पित है।ह्व पत्थर कोई साधारण पत्थर नहीं था। यह पत्थर ऐतिहासिक और चमत्कारी होने वाला था। यह वही पत्थर था जिसे प्रतिष्ठित व अन्य स्मार्ट शहरों के प्रमुख अधिकारी अपनी नाक के नीचे से झांकते हुए देखते थे और उसे राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक के रूप में पूजा करते थे। उसका आकार इतना भव्य था कि जब वह सड़क पर रखा गया, तो उसके आकार ने समूचे शहर के पार्किंग स्थल को अपनी चपेट में ले लिया। पत्थर का स्थान निश्चित हुआ, लेकिन इसे लगाने की प्रक्रिया से पहले कुछ स्मार्ट उपायों की आवश्यकता थी। नगर निगम के नायक ने पूरे कार्यालय को इस पत्थर के पास जमा किया और कहा, "अब से यह पत्थर हमारे विकास का प्रतीक होगा। हम सबकी राह को रोशन करेगा और नगर निगम का नाम रोशन करेगा।" तभी किसी ने बड़ी गंभीरता से सवाल किया, ह्वक्या इस पत्थर से सड़क का कुछ होगा?ह्व नायक ने मुस्कराते हुए कहा, ह्वसड़क क्या, देश भर में चमकती सड़कें होंगी, बस इस पत्थर की आवश्यकता है। हालांकि, रास्ते में एक समस्या आ गई। वह पत्थर सड़क के बीचों-बीच रखा जाना था, लेकिन अधिकारी के इर्द-गिर्द सब कुछ अव्यवस्थित था। एक ह्वस्मार्ट नगर निगमह्ण के कार्यालय में कर्मचारी अपनी कुर्सियों को खिसका कर बैठने की कोशिश कर रहे थे, और मेट्रो की स्वीकृति के लिए लगे सरकारी अधिकारी, जिनके पास सिर झुकाने का समय था।

## आओ एक और एक ग्यारह बनें

**वैश्विक** स्तरपर भारत में गूंज रहे नारों बाटेंगे तो काटेंगे, एक हैँ तो सेफ हैं का आगाज पूरी दुनियाँ के हर देश में हो रहा है, लोग अपने-अपनी सोच से इसका अर्थ निकाल रहे हैं। मैंने 3 दिसंबर 2024 को सुबह सोशल मीडिया में एक हमारे मुस्लिम भाई के विचार सुने तो उनकी बुद्धि का लोहा माना,उन्होंने कहा यह दोनों नारे हमारे पूरे भारत की जाति धर्म मतभेद दंगे फसाद भुलाकर एक होने के लिए है, ताकि हम भारत को विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, विकसित देश व वैश्विक गुरु बना सके अगर हम आपस में ही जाति धर्म में उलझे रहे तो विजन 2047 कभी पूरा नहीं होगा, इसलिए यह दोनों नारे सटीक बैठ रहे हैं इसका अर्थ एक और एक ग्यारह से लगाएं,जाती धर्म समुदाय से जोड़कर ना देखे!! बस, मैं उनका अर्थ पारदर्शिता से समझ गया व इसपर आर्टिकल बनाने की तैयारी कर रिसर्च किया, विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या भारत की है (1) भारत-142.86 करोड़ (2) चीन-142.57 करोड़ (3) अमेरिका -34.43 करोड़ (4) इंडोनेशिया- 27.38 करोड़ (5) पाकिस्तान-23.14 करोड़ इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,142.8 करोड़ जनसंख्या एक-एक कदम चलते हैं तो 142.8 करोड़ कदम आगे बढ़ते हैं तभी विश्व को जीत सकेंगे आओ एक और एक ग्यारह बने-बटेंगे तो कटेंगेएक है तो सेफ हैं,पूरे भारत के परिपेक्ष में सकारात्मक सोचें भारत के बड़े बुजुर्गों, बुद्धिजीवियों, कौशलता निपुण विद्वानों कुछल नेतृत्व धारक मनीषियों के विचारों का हमारे देश में अण्खुट खजाना है,हालांकि इनकी वैचारिक शक्ति का प्रयोग और क्रियान्वयन भी संस्कारों की जननी भारत माता के गोद में किया जाता है।परंतु वर्तमान समय में हमारे भारतवर्ष में जो एक विषय जोरों से चर्चा में है, उस पर बहुत गंभीरता से हर देशवासी को सकारात्मक सोचना होगा यह विषय है!142 करोड़ जनसंख्या के कार्यबल, बुद्धि कौशल और शुभ संकल्प का संपूर्ण क्षमता के साथ दोहन करना। साथियों यह विषय अगर हर भारतीय नागरिक जिसमें राजनैतिक शासन-प्रशासन, पक्ष विपक्ष, सभके समझ में आ गया

व उसका क्रियान्वयन पूर्ण स्केल के साथ करना शुरू हुआ तो दुनियाँ की कोई ताकत भारत को विश्व का सर्वश्रेष्ठ विकसित देश बनाने में नहीं रोक सकती।

## न्यूज फ्लैश

### सड़क हादसे में किसान की दर्दनाक मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के कतलाहेड़ी**-बांसा रोड पर एक कार रास्ते में खड़ी लोहे की बुग्गी से टकरा गई। हादसे में कार चालक बुजुर्ग किसान की दर्दनाक मौत हो गई। बुजुर्ग करनाल से दवाई लेकर घर लौट रहा था। रास्ते में हादसा हो गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया। मृतक बांसा गांव का रहने वाला था। मृतक के भतीजे मेजर ने बताया कि उसके चाचा गुलजार सिंह अपनी कार में दवाई लेने करनाल गए थे। सोमवार की देर शाम वापस लौटते समय बांसा रोड पर डेरा बाबा करतार सिंह संधू के पास उनकी कार एक हरे रंग के जोन डियर ट्रैक्टर से टकरा गई। ट्रैक्टर पर लोहे की बुग्गी लगी थी, जो बिना इंडिकेटर के सडक के बीच खड़ी थी। घटना के बाद मौके पर पहुंचे गुलजार सिंह के भतीजे मेजर सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से बुग्गी को सडक के बीच खड़ा किया था, जिससे हादसा हुआ। मेजर सिंह ने बताया कि हादसे के बाद राहगीरों और पुलिस की मदद से गुलजार सिंह को अमृतधारा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मेजर ने बताया कि आज उसके चाचा की मौत हो गई है, इससे दो साल पहले मेरे पिता की मौत हो गई थी। चाचा गुलजार के तीन बच्चे है, जिसमें दो लडके और एक लडकी है। सभी बच्चे शादीशुदा है और दोनों बेटे विदेश में है। गुलजार की मौत से पूरे परिवार पर दुख का पहाड़ टूटा है। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही निसिंग थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गुलजार सिंह की गाड़ी और ट्रैक्टर.बुग्गी को कब्जे में लिया। शव को शवगृह करनाल में रखवाया गया, जिसके बाद आज पोस्टमॉर्टम करवाया और शव परिजनों को सौंप दिया है। जांच अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि मेजर की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव परिजनों को सौंप दिया गया है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव अध्यात्म, संस्कृति एवं कला का दिव्य संगम: गजेंद्र फोगाट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा कला** परिषद, रोहतक मंडल के अतिरिक्त निदेशक व मुख्यमंत्री के ओएसडी गजेंद्र फोगाट ने बताया कि अंतराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव 28 नवंबर से शुरू हो चुका है। अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत 48 कोस तीर्थ पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गत दिवस विमलसर तीर्थ सग्गा, आहन तीर्थ निगदू, दशरथ तीर्थ औगंद, मिश्रक तीर्थ निसिंग, दक्षेश्वर तीर्थ डाचर, गवेंदर तीर्थ गोंदर, जमदग्नि कुंड जलमाना, त्रिगुणानंद तीर्थ गुनियाना, वेदवती तीर्थ सीतामाई, ब्रह्म तीर्थ सावंत, आरोग्य तीर्थ बरास तथा दुंडीराज तीर्थ सौंकड़ा पर हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल और कला एवं सांस्कृतिक विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में गगन एण्ड पार्टी, अभिषेक एंड पार्टी, भगतराम एंड पार्टी, सुनील एंड पार्टी, जयपाल एंड पार्टी, विशेष भंडेरी एंड पार्टी, पालेराम एंड पार्टी, रामचंद्र एंड पार्टी, गौरव एंड पार्टी व विशाल एंड पार्टी ने धार्मिक प्रस्तुतियां दी, जिसे देख लोग मंत्रमुग्ध हो गए। उन्होंने बताया कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र 48 कोस की परिधि में फैला हुआ है। इस क्षेत्र में 182 महाभारत कालीन तीर्थ हैं। महाभारत युद्ध के दौरान कुरुक्षेत्र में मोह ग्रस्त अर्जुन को भगवान श्रीकृष्ण जी ने पवित्र गीता का उपदेश दिया था, जो संपूर्ण मानव जाति के लिए भी था। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखने वाले स्थल और श्रीमद्भगवद्गीता की जन्मस्थली धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर वर्ष 2016 से मनाया जा रहा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को और भी भव्य बनाने के निर्देश दिए हैं। इस 9वें अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में अध्यात्म, संस्कृति एवं कला का दिव्य संगम देखने को मिलेगा। यह आयोजन 15 दिसंबर तक चलेगा। 18 दिनों तक चलने वाले इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक चलेंगे, जिसकी शुरूआत 5 दिसंबर को ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में गीता यज्ञ एवं पूजन के साथ होगी।

# नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना पर विशेष सेमिनार का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**शहीद एसिस्टेंट कमान्डेंट** विकास भारद्वाज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरोट बंदराना एवं शहीद केहर सिंह वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाण्ड में नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेएसपीएल फाउंडेशन की चेयरपर्सन और ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की चांसलर शालू जिंदल के निजी सलाहकार सतीश भारद्वाज ने शिरकत की। ओर यशस्वी छात्रवृत्ति योजना की जानकारी सांझा की योजना की विशेषताएं और पात्रता शर्तें सेमिनार के दौरान सतीश भारद्वाज ने योजना की विशेषताओं और पात्रता शर्तों की जानकारी दी। उन्होंने बताया



कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन होनहार छात्रों के लिए शिक्षा के नए द्वार खोलती है। योजना के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के स्थायी निवासी, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है और जो 12वीं कक्षा में 75% या उससे अधिक अंक प्राप्त कर चुके हैं, इसके पात्र होंगे। 10वीं के छात्रों के लिए अंक सीमा नहीं है, लेकिन वे किसी सरकारी या निजी आईटीआई या पॉलिटेक्निक संस्थान में नामांकित होने चाहिए।

**बरोट बंदराना स्कूल का योगदान**

शहीद एसिस्टेंट कमान्डेंट विकास भारद्वाज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरोट बंदराना स्कूल के प्रधानाचार्य सुभाष चन्द ने सतीश भारद्वाज का स्वागत किया और छात्रों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक इंग्लिश टीचर राजेंद्र कुमार, बलविंद्र कुमार, गुरुदत्त, संजय, समाजसेवी महेंद्र सिंह मलिक, गुरदीप सिंह, अमनदीप, तजिंदर कौर, समेत हजारों की संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

**ढाण्ड स्कूल में छात्रों की भागीदारी**

शहीद केहर सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाण्ड में भी इस योजना पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रिंसिपल रेनू बाला, सुरेश कुमार देवी दयाल वीरेंद्र सुरेंद्र सिंह अभिषेक सुशील शर्मा निशा पिंकी दीपिका सविता रेनू सहित सभी ने सतीश भारद्वाज का स्वागत किया।

उन्होंने छात्रों को योजना की जानकारी दी और ज्यादा से ज्यादा छात्रों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। दोनों स्कूलों के हजारों छात्र-छात्राओं ने इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

## अवार्डी शिल्पकारों की शिल्पकला से महकी महोत्सव की बगिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र : अंतर्राष्ट्रीय** गीता महोत्सव में पद्मश्री, राष्ट्रीय, स्टेट और संत कबीर अवार्ड से सम्मानित शिल्पकारों ने अपनी शिल्पकला को लेकर पहुंचे है। इस शिल्पकला से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की बगिया अलग-अलग शिल्पकलाओं के संगम से महक उठी है। इस शिल्पकला की बगिया में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केंद्र पटियाला की तरफ से 1 पद्मश्री अवार्डी, 10 राष्ट्रीय अवार्डी, 2 सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट अवार्डी, 2 संत कबीर अवार्डी और 3 स्टेट अवार्डी अपने-अपने प्रदेश की शिल्पकला को लेकर आए है। उपायुक्त नेहा सिंह ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 में एनजेडीसीसी की तरफ से देश के जाने-माने शिल्पकारों को बुलाया गया है। इस महोत्सव में पंजाब, पटियाला की लाजवंती को एम्ब्रोडरी की शिल्पकला के क्षेत्र में भारत सरकार की तरफ से पदमश्री अवार्ड से



सम्मानित किया गया है। इस शिल्पकार ने स्टॉल नंबर 41 पर अपनी शिल्पकला को रखा है। इसके साथ ही छतीशगढ़ से वर्ष 2014 में राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित शिल्पकार मोहम्मद अजहर ने स्टॉल नंबर 72 पर हैंड प्रिंटिंड टेक्सटाइल, वर्ष 2011 में राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित जेएंडके यूटी से शिल्पकार सजाद अहमद सोफी ने स्टॉल नंबर 82 पर शॉल व अन्य समान, राष्ट्रीय अवार्डी शिल्पकार निसार अहमद ने स्टॉल नंबर 163 पर शॉल व अन्य समान, राष्ट्रीय अवार्डी संत लाल ने स्टॉल नंबर 176 पर कोसा साड़ी को सजाया है।

## जिला में 9 से 11 दिसंबर तक होगा गीता महोत्सव का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम** सिंह ने बताया कि जिले में आगामी 9 से 11 दिसंबर तक गीता महोत्सव 2024 का आयोजन किया जाएगा। गीता महोत्सव का आयोजन डॉ.मंगलसेन सभागार में होगा जहां गीता आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में आयोजित किए जाने वाले इस समारोह में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गीता जयंती महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं।

## प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र : आज दिनांक** 3 दिसंबर 2024 को राजकीय माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 13 कुरुक्षेत्र में जिला स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा एकल नृत्य एकल गायन, थिएटर तथा पेंटिंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया गया। इसके अतिरिक्त कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य तथा समूह गायन प्रतियोगिताओं में भाग लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परियोजना संयोजक, समग्र शिक्षा कुरुक्षेत्र श्रीमती संतोष शर्मा द्वारा किया



गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्रों में कोई ना कोई प्रतिभा अवश्य छुपी होती है।

आवश्यकता केवल उन्हें सही समय पर प्रोत्साहन व मौका देने की होती है।

इस अवसर पर कक्षा 6 से 8 में कंचन राजकीय माध्यमिक विद्यालय मिरचेहडी ने एकल नृत्य में, कार्तिक राजकीय माध्यमिक विद्यालय अजराना खुर्द तथा प्रिया राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अमीन ने एकल गायन में, एवं वंशिका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्योतिसर ने थिएटर में, कृतिका राजकीय माध्यमिक विद्यालय कलाल माजरा तथा तुषार राजकीय माध्यमिक विद्यालय खेड़ी रामनगर ने पेंटिंग में, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अमीन ने समूह नृत्य में तथा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद मारकण्डा ने समूह गान में प्रथम स्थान प्राप्त किया।इस अवसर पर श्री क्रान्ति चावला,डॉक्टर कृष्णा कुमारी श्री अनिल कपूर, सपना कपिल, अलका महता ,रीना शर्मा, दीपक शर्मा, सुनीता आहूजा, किरण चावला, वीना जी सुदर्शन जी, मुस्कान देवी रीति तनेजा व डॉक्टर सुप्रिया उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में एक्सप्रेस** ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। उसके पास से बाइक बरामद हुई, जिसका एड्रेस शाहबाद है। जीआरपी ने शव को अपने कब्जे में लेकर करनाल के मॉच्युरी हाउस में रखवा दिया है। मृतक की पहचान 48 वर्षीय विजय नाम से हुई, जो घरौंडा के जमालपुर का रहने है। वह वर्तमान में बंसत बिहार करनाल में निवास कर रहा था। जीआरपी के मुताबिक बीती रात को करीब साढ़े 12 बजे बजीदा जाटान के पास रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति को पूजा एक्सप्रेस ट्रेन से कट गया। हादसे की जानकारी ट्रेन के लोको पायलट ने स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर ने जीआरपी करनाल को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस रात को ही मौके पर पहुंच गई। मृतक ने सफेद रंग की शर्ट व नीले रंग की पेंट डाली हुई थी। मृतक से कुछ ही दूरी पर एक बाइक मिली है, जिसका नंबर सर्च करने के बाद शाहबाद का एड्रेस है। जीआरपी के एसएचओ ओमप्रकाश ने बताया कि मृतक के पास से बाइक मौके से बरामद हुई, जिसके आधार पर पहचान की गई। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## होटल के कमरे में जुआ खेल रहे 2 युवक गिरफ्तार, 30800 रूपए की नगदी बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर** फुल कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री लोकेंद्र सिंह आईपीएस के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा जूआ सट्टा खाइवाली सहित आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत सीआईए टू की एक टीम सोमवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान रामलाल चौक पर मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की माडल टाउन स्थित लिटिल एकड़ होटल के प्रथम तल पर कमरा नंबर 205 में दो युवक पैसे दाव पर लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे है। पुलिस टीम ने उच्च अधिकारियों से अनुमति लेकर होटल में दबिश देकर उक्त कमरे का दरवाजा खोलकर देखा दो युवक ताश से खेलते दिखाई दिए। युवकों ने पुलिस टीम को देखकर ताश के पत्तों को बैड पर डाल दिया। पुलिस टीम ने दोनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान मोनू पुत्र धर्मबीर निवासी किशनपुरा हाल बिंझौल मोड़ व मोहनलाल पुत्र राममेहर निवासी गोपाल कॉलोनी काबड़ी फाटक के रूप में बताई। आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 30800 रूपए कर नगदी बरामद की।

## सर्दियों में जरूरतमंदों के लिए सहयोग शुरू किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र : सर्दियों का** मौसम शुरू हो गया है तो समाज सेवी संस्थाएं जरूरतमंद लोगों का सहयोग कर रही हैं। इसी क्रम में कुरुक्षेत्र में सहयोग एक कोशिश संस्था ने सर्दियों के प्रत्येक सप्ताह में एक दिन जरूरतमंद लोगों के लिए गर्म दूध और रस के पैकेट की सेवा शुरू की है। यह सहयोग सर्दियों के मौसम में जारी



रहेगा। मंगलवार को संस्था के वितरण कार्यक्रम में सदस्य वंशीखा वर्मा, तेजस्विनी, शिव, हर्ष गाबा, असीम पोपली, संयम पोपली, पुलकित, सिद्धार्थ, कविता, रजत, साहिल गाबा, मोहित खुराना, विक्की खुंगर मौजूद रहे।

## देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित की

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र: कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी थी इसलिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए उनका विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को आने वाली पीढियां एक अच्छे शिक्षाविद् के रूप में हमेशा याद रखेंगी। इसलिए हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय को बुलन्दियों पर पहुंचाने के लिए ओर अधिक मेहनत करने की जरूरत है। वे मंगलवार को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के



अवसर पर आर्ट फैकल्टी लॉन में आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित करने के बाद बोल रहे थे।इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. नीलम ढांडा, प्रो. रमेश भारद्वाज, प्रो. दिनेश राणा, प्रो. दलीप कुमार, प्रो. अनिता दुआ, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. विवेक चावला, प्रो. अनिता दुआ, प्रो. महासिंह पूनिया, प्रो. कुसुमलता, डॉ. दीपक राय बब्बर, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. गुरचरण सिंह, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. अजायब सिंह, डॉ. आनन्द कुमार, डॉ. सलोनी दीवान, डॉ. हरविन्द्र लोंगोवाल सहित शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पानीपत पुलिस की नशा तस्करों पर कार्रवाई लगातार जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**

एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने सेक्टर-25 में कृष्णा गार्डन के पास नाकाबंदी कर एक नशा तस्कर को 13 किलो 10 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान रफीकुल आलम निवासी रसुलाढागी उत्तर दिनाजपुर बंगाल हाल किरायेदार बलाना के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने व शार्टकट तरिके से पैसे कमाने की चाहत में आरोपी ने उक्त गांजा बंगाल के उत्तर दिनाजपुर से कम कीमत पर खरीद कर लाने बारे स्वीकारा। गहनता से पूछताछ करने व नशा सप्लायर के



ठीकानों का पता लगा काबू करने के लिए पुलिस ने आरोपी रफीकुल को मंगलवार को न्यायालय में पेश कर 6 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज एएसआई राजेंद्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करी की वारदातों पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम सोमवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान एमजेआर चौक के पास मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की रफीकुल आलम निवासी रसुलाढागी उत्तर दिनाजपुर बंगाल हाल किरायेदार बलाना मादक पदार्थ लेकर बेचने के लिए सेक्टर-25 में कृष्णा गार्डन के पास आएगा। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए सेक्टर-25 में कृष्णा गार्डन के पास नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात रिसालू गांव की और से एक युवक सिर पर प्लास्टिक का कट्टा रखे हुए आते दिखाई दिया।

युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान रफीकुल आलम पुत्र रहीमुद्दीन निवासी रसुलाढागी उत्तर दिनाजपुर बंगाल हाल किरायेदार बलाना के रूप में बताई।

पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट ईटीओ डॉ. अजय कुमार की मौजूदगी में युवक के प्लास्टिक कट्टे की तलाशी ली तो भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा का वजन करने पर 13 किलो 10 ग्राम पाया गया। आरोपी के खिलाफ थाना चांदनी बाग में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई।

## पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**

आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न संविधान सभा के अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती की और महान स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस की जयंती पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई । इस समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान रणदीप कादियान रहे समारोह की अध्यक्षता कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक ने की प्राचार्या मोनिका कटारिया ने कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी का स्वागत किया और उपप्राचार्य जगदीश आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के स्वयंसेवकों



ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया इस अवसर पर रस्सा कशी प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें दयानंद और श्रद्धानंद सदन ने भाग लिया और ऋषि दयानंद सदन ने विजय प्राप्त की इन खिलाड़ियों को मौके पर ही पुरस्कृत किया गया समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रणदीप कादियान ने कहां की यह देश उन सभी ज्ञात अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों अमर बलिदानियों का हमेशा ऋणी रहेगा जिन्होंने इस देश को आजाद करवाने और आजाद देश को नई दिशा प्रदान करने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद का जन्म आज ही के दिन 1884 मैं बिहार के गांव जीरादेई में मां कमलेश और पिता महादेव सहाय के घर हुआ था राष्ट्रपति के साथ-साथ संविधान सभा के अध्यक्ष भी रहे और एक सर्वश्रेष्ठ संविधान का निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की इसी प्रकार महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी खुदीराम बोस की जयंती भी 3 दिसंबर को मनाई जाती है उनका जन्म आज ही के दिन 1889 को बंगाल के मिदनापुर गांव में हुआ था इनके पिता का नाम त्रिलोकनाथ बोस और मां का नाम लक्ष्मी देवी था उन्होंने मात्र 19 साल की आयु में ही देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए विद्यार्थी जीवन मनुष्य जीवन का सबसे महत्वपूर्ण जीवनकाल होता है वेदों में मनुष्य जीवन को चार भागों में बांटा गया है जिसे वर्ण आश्रम व्यवस्था भी कहा जाता है प्रथम ब्रह्मचर्य आश्रम द्वितीय ग्रस्त आश्रम तृतीय वानप्रस्थ आश्रम और चौथे को सन्यास आश्रम कहा जाता है इन सभी आश्रमों का आधार तो ब्रह्मचर्य आश्रम ही होता है जब विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का लोहा मानवता हैं। इसलिए सभी छात्रों को ब्रह्मचर्य आश्रम का सदुपयोग शिक्षा ग्रहण करने और वेद अध्ययन करने योग और खेल अभ्यास करने और अन्य कलाओं के माध्यम से प्रतिभा निखारने में करना चाहिए उन्होंने कहा कि हमारे वेद विज्ञान का अद्भुत खजाना है और विज्ञान ही विकास की दूरी है।

## प्रेरणा वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने शुरू किया गीता पाठ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हर** वर्ष की भांति गीता जयंती महोत्सव 2024 के अवसर पर प्रेरणा वृद्धाश्रम में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं संचालक डा. जय भगवान सिंगला ने बताया वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने मंगलवार से गीता जयंती महोत्सव के पावन अवसर पर गीता पाठ प्रारम्भ किया है। गीता पाठ प्रारम्भ से पूर्व प्रेरणा के सदस्यों एवं बुजुर्गों ने विधिवत पूजा अर्चना की। उन्होंने बताया कि मार्गशीर्ष मोक्षदा एकादशी तक



प्रतिदिन बुजुर्गों द्वारा सामूहिक रूप से गीता पाठ जारी रहेगा। मार्गशीर्ष मोक्षदा एकादशी गीता जयंती के दिन 11 दिसम्बर को यज्ञ के साथ इस का समापन होगा। डा. सिंगला ने बताया कि जब वृद्धाश्रम के सभी बुजुर्गों ने एक लय में श्लोकों का उच्चारण किया तो आश्रम का वातावरण भक्तिमय बन गया। गीता के सामूहिक पाठ में स्त्री -शक्ति संगठन की अध्यक्षा ममता शर्मा, डा. मिंटू शर्मा भारती, श्रीवास्तव, अंबाला से सुरेखा और रोहतक से पवन गहलोत ने विशेष रूप से गीता पाठ में भाग लिया।

## न्यूज फ्लैश

### जल्द होंगे ब्लॉक व जिला स्तरीय चुनाव -- बरखाराम जास्ट



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** हरियाणा रिटायर कर्मचारी संगठन 1968 ब्लॉक लाडवा की मासिक मीटिंग स्थानीय जिंदल पार्क में वरिष्ठ प्रधान गजे सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मंच का संचालन ब्लॉक सचिव सुरेंद्र शर्मा ने किया। मीटिंग में ब्लॉक संगठन से संबंधित सभी विभागों के रिटायर कर्मचारी साथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मीटिंग में विशेषतः जिला सचिव बरखाराम जास्ट , जिला प्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र वधवा, उप प्रधान कृष्ण लाल सैनी व जिला सलाहकार इंद्रजीत सिंह उपस्थित रहे। मीटिंग में बोलते हुए बरखाराम जास्ट व सुरेंद्र वधवा ने बताया कि जल्द ही संगठन के चुनाव कार्यक्रम घोषित हो सकते हैं, इसको लेकर ब्लॉक से संबंधित पदाधिकारी को सूचित किया गया कि संगठन की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग दिनांक 5 दिसंबर को नया बस स्टैंड कुरूक्षेत्र परिसर में आयोजित होगी । जिला मीटिंग में ब्लॉक के पदाधिकारी साथी पूरा लेखा जोखा साथ लेकर पहुंचे व दिनांक 7 दिसंबर को प्रांतीय कार्यकारिणी की मीटिंग जिला गुरुग्राम में होगी। मीटिंग के दौरान चुनाव की तिथियों की घोषणा की जाएगी। मीटिंग में निश्चित की गई तिथियों अनुसार पूरे प्रदेश भर में ब्लॉक व जिला स्तर के चुनाव करवाए जाएंगे । उपस्थित रिटायर कर्मचारी साथियों से अपील करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में ब्लॉक व जिला स्तर पर आप साथी मेहनती व झुझारू साथियों का चयन करें ताकि संगठन और मजबूती के साथ कार्य कर सके। मीटिंग में संगठन की मजबूती को लेकर उपस्थित रिटायर कर्मचारी व पदाधिकारीयों ने अपने विचार व्यक्त किये व जिला कार्यकारिणी की मीटिंग में पहुंचने के लिए जिला पदाधिकारीयों को आस्वस्त किया गया। मीटिंग में तेजवीर पंजेटा, विजयपाल, सोहनलाल गोयल, स्वर्ण सिंह, सुखदेव सिंह, अमरनाथ, तिलकराज, निर्मल सिंह, फूल सिंह, अवतार सिंह, महेंद्र सिंह हुकम सिंह, गुरनाम सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुरलीधर डीएवी में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

### इस प्रतियोगिता के लिए प्रत्येक सेक्शन से चार विद्यार्थियों को चयनित किया गया

**प्रतिभा**

**कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया, प्रत्येक कक्षा की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः मुरलीधर डीएवी** पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 से लेकर कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए रोचक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के लिए प्रत्येक सेक्शन से चार विद्यार्थियों को चयनित किया गया। इस कार्यक्रम को विद्यालय के पूर्व छात्र समर्थ आनंद जो की भुवनेश्वर सीएजी में सहायक ऑडिट अधिकारी हैं ,ने अपनी मां, स्वर्गीय श्रीमती संगीता आनंद की याद में आयोजित करवाया। संगीता आनंद मुरलीधर डीएवी स्कूल में प्राथमिक विभाग की समन्वयक व गणित और अंग्रेजी की अध्यापिका थीं। इसी वर्ष एक लंबी अस्वस्थता के बाद उनका देहांत हो गया। उनकी जन्मतिथि पर, उनके बेटे समर्थ आनंद ने इस विशेष प्रतियोगिता का प्रस्ताव दिया, जिसे विद्यालय प्रशासन ने सहर्ष स्वीकार किया।
प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें प्रत्येक कक्षा की अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कुल 150 विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। प्रथम विजेता छात्रों को सामर्थ आनंद की ओर से विशेष पुरस्कार वितरित किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य, डॉ. राधा रमण सूरी, ने विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों की बौद्धिक क्षमता और विज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ावा देते हैं।
प्रतियोगिता को रोचक और प्रेरक बनाने में अध्यापकों ने आधुनिक उपकरणों का उपयोग कर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। कक्षा 5 से 7 की समन्वयक, सुदेश शर्मा, कक्षा 8 और 9 के समन्वयक अंशु, पराग रलन कक्षा 10 के समन्वयक ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी विज्ञान शिक्षकों ने प्रश्नोत्तरी की तैयारी में कठिन परिश्रम किया।
स्टाफ सेक्रेटरी मीरा कपूर ने समर्थ आनंद के इस प्रेरणादायक योगदान भरपूर सराहना की और कहा कि उन्होंने इस आयोजन के माध्यम से अपनी मां की स्मृति को जीवंत कर दिया। एक्टिविटी इंचार्ज गौरी वंदना ने कहा कि यह कार्यक्रम अन्य पूर्व छात्रों के लिए भी एक प्रेरणा बनेगा, ताकि वे भी विद्यालय के साथ जुड़कर इस प्रकार के आयोजन करें और अपनी प्रतिभा और संसाधनों का लाभ विद्यार्थियों को दें। विद्यालय परिवार ने समर्थ आनंद और उनकी मां, स्वर्गीय संगीता आनंद के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। प्राचार्य डॉ राधा रमण सूरी ने इस प्रतियोगिता को भविष्य में भी जारी रखने का आश्वासन दिया।

# जरूरतमंद की सहायता करना नैतिक कर्तव्यः सत्यवीर



**सोनीपत।**
**साधन संपन्न** लोगों को आगे बढ़कर वंचित वर्ग के हित के लिए पहल करनी चाहिए जिससे वे भी समाज की मुख्य धारा में शामिल हो सकें। ये विचार आर्य समाज के सदस्य एवं समाज सेवी सत्यवीर सिंह सरोहा ने प्रकट किए। वे मंगलवार को स्थानीय काठ मंडी स्थित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बतौर मुख्य अतिथि जरूरतमंद बच्चों को जर्सियां वितरित करने आए थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज के पूर्व प्रधान कपिल देव ने की।

कार्यक्रम में पहुँचने पर विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि का पगड़ी व स्मृति चिह्न से स्वागत किया। समाज सेवी सत्यवीर सिंह सरोहा ने कहा कि जरूरतमंद की सहायता करना हमारा नैतिक कर्त्तव्य है। महाभारत में यक्ष-युधिष्ठिर संवाद में युधिष्ठिर ने मृत्यु के बाद दान को सबसे बड़ा मित्र बताया है। इसलिए साधन संपन्न लोगों को अपनी कमाई का दसवां हिस्सा परोपकार के कार्यों में लगाना चाहिए। इससे जरूरतमंद परिवारों का भला होगा। जरूरतमंद परिवारों का जीवन स्तर ऊंचा उठने पर वे भी अपने समाज व देश के लिए कुछ अच्छा काम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी हमारे देश के कर्णधार हैं। उन्हें पढ़ने के लिए पुस्तक, फीस, कपड़े आदि सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। आर्य समाज के पूर्व प्रधान कपिल देव ने अतिथिगण का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में 34 विद्यार्थियों को जर्सियां बांटी गई। इस अवसर पर उत्तम सरोहा, राजेश कुमार, बिजेंद्र घणगस, सतेन्द्र सरोहा, दिनेश कुमार, दिलावर सिंह, जसबीर सिंह आदि भी मौजूद रहे।

# शहजादपुर में हत्या के मामले में आरोपी महिला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः पुलिस अधीक्षक** अम्बाला सुरेन्द्र सिहँ भोरिया के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वांछिंत आरोपियों के खिलाफ चलाए विशेष अभियान के दौरान थाना शहजादपुर में दर्ज हत्या के मामले में 2 दिसम्बर 2024 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए महिला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में संलिप्त एक आरोपी को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता गुरपाल सिहँ निवासी गाँव साबापुर ने 27 नवम्बर 2024 को थाना शहजादपुर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 26 नवम्बर 2024 को गाँव बपोली में अज्ञात आरोपी ने मान सिहँ की हत्या कर दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

# उपायुक्त ने कंधारी बौबरीज प्लांट का किया अवलोकन

**जायजा लिया**

**अवलोकन करते हुए कोकाकोला से सम्बन्धित जो उत्पाद यहां तैयार किए जाते है उसका जायजा लिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः उपायुक्त** डा. पार्थ गुप्ता ने एचएसआईडीसी स्थित कंधारी बैबरीज प्राईवेट लिमिटड का अवलोकन करते हुए कोकाकोला से सम्बन्धित जो उत्पाद यहां तैयार किए जाते है उसका जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ एसीयूटी रवि मीणा (आईएएस), जसकमल सिंह भोगाल, प्लांट के फाईनैंस प्रबंधक गुरजीत सिंह, एमएसएमई सैंटर अम्बाला के सहायक निदेशक रीतू सिंगला मौजूद रहे। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने प्लांट का निरीक्षण करते हुए कंधारी बैबरीज कब से यहां पर कार्यरत है और यहां पर कोकाकोला के सहयोग से जो उत्पाद तैयार किए जाते है उसकी जानकारी हासिल की। उन्होंने प्लांट में स्थापित मशीनों के माध्यम से कोकाकोला (कैन व पैट बोटल) जो तैयार किए जा रहे थे उसका भी अवलोकन किया। इस मौके फाईनैंस मैनेजर गुरजीत सिंह ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि यह प्लांट वर्ष 2011 से यहां पर कार्यरत है और कंधारी बैबरीज प्राईवेट लिमिटड के 8 प्लांट हैं। जिनमें कंधारी, सांबा, कंधारी नबीपुर (सरहंद पंजाब), बद्दी, जम्मु कश्मीर कठुआ व साहा में स्थित प्लांट शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि साहा में स्थित इस प्लांट में कोकाकोला के कैन तैयार किए जाते हैं। जैसे फैंटा, स्पराईड, लिमका व अन्य शामिल हैं। उन्होने यह भी बताया कि कोकाकोला कंपनी के माध्यम से कंस्ट्रेट बनाकर यहां भेजा जाता है। जिसके उपरांत यहां पर कोकाकोला से सम्बन्धित उत्पाद तैयार किए जाते हैं। कोकाकोला से सम्बन्धित जो उत्पाद यहां तैयार होते है वह कंधारी वैबरीज के माध्यम से पूरी हरियाणा में भेजे जाते हैं जैसी भी डिमांड रहती है। उपायुक्त ने यहां पर कंधारी वैबरीज द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की सराहना की। इस मौके पर प्लांट के अन्य पदाधिकारी व अन्य स्टाफगण भी मौजूद रहा।

# समाधान शिविर में डीसी ने सुनीं आमजन की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः उपायुक्त पार्थ** गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में जो भी शिकायत प्राप्त हो रही है उसका सम्बन्धित अधिकारी बेहतर समन्वय बनाकर समाधान करना सुनिश्चित करें। इसके साथ-साथ जो भी समाधान शिविर से सम्बन्धित कोई लम्बित शिकायत है उसका भी समाधान करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में आमजन की




समस्याएं सुन रहे थे।
उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने समाधान शिविर में आए लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में 6 शिकायतें आई,

**सुनिश्चित**

**जो भी समाधान शिविर से सम्बन्धित कोई लम्बित शिकायत है उसका भी समाधान करवाना सुनिश्चित करें।**

जिनमें दो शिकायतों का मौके पर ही निपटान कर दिया गया। बाकी शेष 4 शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए ताकि प्रार्थी की समस्या का समाधान हो और उसे न्याय मिल सके। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सम्बन्धित अधिकारियों को स्पष्ट किया कि समाधान शिविर में जो भी शिकायत प्राप्त होती है उसके निपटान में किसी भी तरह की देरी नही होनी चाहिए। यदि कोई समस्या का समाधान किसी तकनीकी कारण या अन्य कारणवश नही हो रहा है उस बारे मुख्यालय स्तर पर अवगत करवाएं और प्रार्थी को भी इस बारे जरूर बताएं।

# ज्यादा दिन के लिए घर से बाहर जा रहे हैं, तो स्थानीय पुलिस को अवश्य करें सूचित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्रः अगर** आप लंबे समय के लिए घर से बाहर जा रहे हैं तो अपने नजदीकी थाना/चौंकी में अवश्य सूचित करें ताकि आपके घर के आस पास पुलिस सुरक्षा को बढ़ाया जा सके और भविष्य में किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना होने पाए । इस बारे मे जानकारी देते हुऐ पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि वैसे तो पुलिस की ओर से सभी चौक-चौराहों व मोहल्लों में पुलिस द्वारा निरंतर गश्त की जा रही है, परंतु पुलिस को बाहर जाने की सूचना मिलने पर उन घरों और मकानों के आसपास अतिरिक्त गश्त बढ़ाई जाएगी। जिस बारे जिला पुलिस द्वारा एडवाईजरी जारी की गई ।
पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र वरुण सिंगला ने पुलिस द्वारा जारी की गई एडवाइजरी के माध्यम से लोगों को कहा कि अगर आप लंबे समय के लिए घर से बाहर जा रहे हैं तो इस बारे में सूचना अपने नजदीकी थाना/चौंकी में जरुर दें ताकि आपके घर के आस-पास पुलिस गश्त बढाई जा सके। पुलिस को सूचना देने से आपके घर में रखे कीमती सामान को चोरी होने से व अन्य नुकसान में भी बचाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त मकान किराए पर देते समय पुलिस को अवश्य सूचित करें ताकि, उक्त किराएदार के बारे में अच्छी तरह तस्दीक की जा सके । पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र ने जिलावासियों से यह भी अपील की है कि अगर उनके घर के आस-पास किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नजर आती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि प्रत्येक व्यक्ति व उसकी जान-माल की सुरक्षा करना पुलिस का परम दायित्व है।
उन्होंने कहा कि जिला पुलिस द्वारा अपराधिक वारदातों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए नियमित गश्त, पीसीआर व मोटरसाइकिल राइडर के अलावा पैदल गस्त लगातार जारी है।

## सड़क हादसे में घायल युवक ने अस्पताल में लगाई फांसी

**रेवाड़ीः सड़क हादसे** में घायल हुए युवक ने रेवाड़ी के एक निजी अस्पताल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। मंगलवार सुबह जब अस्पताल का स्टाफ उसके कमरे में गया तो उसका शव फांसी के फंदे पर झूल रहा था। यह देखने के बाद अस्पताल का स्टाफ दंग रह गया और तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सिटी पुलिस ने सूचना मिलने के बाद सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाकर शव को फंदे से उतरवाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेज दिया गया।

# डीसी ने महेशनगर में नशा मुक्ति केंद्र का जायजा लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः उपायुक्त** पार्थ गुप्ता ने महेशनगर स्थित स्कुन अस्पताल में स्थापित नशा मुक्ति केन्द्र का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने नशे से ग्रस्त मरीजों को जो उपचार दिया जाता है उसकी भी जानकारी हासिल की। इस मौके पर उनके साथ एसीयूटी रवि मीणा, एसडीएम अम्बाला छावनी सतिन्द्र सिवाच, डा. विपिन भंडारी, डा. दीपांशी, डा. सोभित, डा. रविना, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुरजीत कौर व अन्य मौजूद रहे।
उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने नशा मुक्ति केन्द्र का जायजा लेते हुए रीग्रेशन रूम, जरनल वार्ड,



नर्सिंग सैंटर, ओपीडी व पैंट्री का जायजा लिया। इस मौके पर यहां पर तैनात डा. सोभित से बातचीत करते हुए नशे से सम्बन्धित किस तरह के मरीज यहां पर आते है, उन्हें किस प्रकार उपचार दिया जा रहा है, इसकी विस्तृत जानकारी हासिल की। उन्होंने यह भी कहा कि नशा एक बुराई है, इस बुराई एवं नशे के चंगुल में फंसे लोगों को इससे निकालने के लिए क्या-क्या कार्य किए जा सकते हैं, इस बारे भी उपायुक्त ने चर्चा की।

उपायुक्त ने कहा कि नशे को जड से खत्म करने के लिए हमे मिलकर कार्य करना है और जो भी नशे से ग्रसित मरीज है उसे समय रहते उपचार दिलवाकर उससे बाहर निकालना है। उन्होने कहा कि हमें निरंतर कार्य करना है और जो भी नशे की गिरफ्त में मरीज होता है उसका सोहार्दपूर्ण व्यहार होता है और उपचार दिलवाकर समाज की मुख्य धारा से जोडना होता है। उपायुक्त ने इस दौरान ओपीडी रजिस्टर्ड के माध्यम से कितने मरीज यहां उपचार के लिए आते है उसका भी अवलोकन किया। डा. सोभित से उन्होने यहां पर कितने मनावैज्ञानिक चिकित्सक है उस बारे भी जाना और कहा कि नशे जैसी कुरूती को खत्म करने के लिए हमें मिलकर कार्य करना है।

# रुके हुए निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करें अधिकारीः अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी के प्रमुख गुडगुडिया नाले के ऊपर कबाड़ी बाजार व 12 क्रास रोड पर पुल बनाने के कार्य को शुरू करवाया गया था, मगर अनजान कारणों से यह कार्य रोक दिए गए थे जिन्हें अब दोबारा शुरू करवाया गया है। विज ने कहा कि कबाड़ी बाजार व 12 क्रास रोड पर नाले के ऊपर सड़क को चौड़ा किया जा रहा है तथा नया पुल बनाया जा रहा है। इसी प्रकार गुडगुडिया नाले के ऊपर मल्टी लेवल कार पार्किंग में लिफ्ट लगाने का कार्य भी किया जा रहा है। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने यह बात



मल्टीलेवल कार पार्किंग में लिफ्ट लगाने के कार्य तथा कबाड़ी बाजार व 12 क्रास रोड पर नाले के ऊपर पुल बनाने के कार्य का निरीक्षण के उपरांत कही। उन्होंने मौके पर मौजूद अम्बाला छावनी के एसडीएम सितेंद्र सिवाच एवं नगर परिषद अधिकारियों को इन कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराने के दिशा-निर्देश दिए।
कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने प्रातः गुडगुडिया नाले पर मल्टीलेवल कार पार्किंग में लगाई जा रही दो लिफ्ट लगाने के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को इन कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर कार्य की प्रगति जानी और दिशा-निर्देश दिए। गौरतलब है कि लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपए की लागत से मल्टीलेवल कार पार्किंग

**दिशा-निर्देश**

**कबाड़ी बाजार व 12 क्रास रोड पर नाले के ऊपर सड़क को चौड़ा किया जा रहा है तथा नया पुल बनाया जा रहा है**

पर दो कार लिफ्ट, दो पैसेंजर लिफ्ट, दो वॉटर कूलर, सुरक्षा के लिए दो बूम बैरियर लगाने का कार्य किया जा रहा है। इसके उपरांत मंत्री अनिल विज ने कार पार्किंग के प्रथम तल पर निरीक्षण करते हुए नगर परिषद अधिकारियों को कार पार्किंग का टेंडर अलॉट करने के भी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार पार्किंग में साफ-सफाई कराने, रात्रि में समय सभी लाइटें जलाने एवं अन्य निर्देश दिए। उन्होंने कहा जिस भी फर्म को कार पार्किंग का टेंडर अलॉट किया जाए उसे बाजारों में सड़कों पर खड़े वाहनों को टोचन की जिम्मेवारी भी दी जाए।
निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने गुडगुडिया नाले के ऊपर कबाड़ी बाजार में पुल का निर्माण कार्य आगामी 15 जनवरी तक पूरा करने के निर्देश नगर परिषद अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए ताकि जनता को इस क्षेत्र से गुजरने में आसानी हो सके। वहीं, मंत्री अनिल विज ने 12 क्रास रोड पर भी गुडगुडिया नाले के ऊपर बन रहे पुल व सड़क को चौड़ा करने के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

# नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्रः हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह साहब के दिशानिदेर्शों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध प्रतिदिन अभियान चलाकर युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रतिदिन यह कार्य कर रहे हैं। आज प्रातः वे साइकिल लेकर पुलिस लाइन इ पीपली और लाडवा की और बढे .मार्ग में अनेक लोगों को नशे दूर रहने के लिए जागरूक किया .इस कड़ी में सीके मॉडल स्कूल में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के सभी छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा भारत को नशा मुक्त करने के लिए नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांस एक्ट बनाया गया है जो भारत में रहने वाले सभी व्यक्तियों पर लागू हैं। इस अधिनियम के अनुसार प्रतिबंधित नशे रखना, सेवन करना, क्रय विक्रय करना, खेती करना, निर्माण करना और ऐसे कार्यों में सहायता करना दंडनीय अपराध हैं। उन्होंने बताया कि यदि प्रतिबंधित नशे मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छे होते तो सरकार इसके लिए लाइसेंस देकर बिक्री के लिए खुला कर देती लेकिन नहीं किया क्योंकि ये नशे मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए बहुत अधिक भयंकर हैं। ये नशे मनुष्य के तन मन और धन का हरण करने के साथ साथ राष्ट्र के विकास में बाधा उत्पन्न करते हैं। मनुष्य का जीवन नर्क से भी बुरा हो जाता है। दूसरी और चेतावनी वाले नशे हैं जिनमें तम्बाकू उत्पाद और शराब हैं लेकिन ये भी बहुत ही पीड़ादायक हैं। केवल और केवल तम्बाकू के कारण पूरे संसार में औसतन 80 लाख लोगों की मृत्यु हो रही है।

# जनता के विश्वास पर खरा उतरे अधिकारी: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**जनता समाधान** शिविर को और कारगार बनाने को लेकर प्रशासन ने सख्ताई से कार्य करने का निर्णय ले लिया है। जिला सचिवालय सभागार में 10 से 12 बजे तक कार्य दिवस पर लगने वाले जनता समाधान शिविर में निश्चित अवधि के दौरान सभी अधिकारियों को हाजिर रहने के निर्देश दिए है।



उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर उन लोगों के लिए प्रकाश की किरण है जो समस्याओं को लेकर अनिश्चिताओं की स्थिति में रहे है। अब उनकी समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। किसी भी विभाग से जुड़ी समस्या हो उसका समाधान तय सीमा में किया जाएगा अधिकारियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए।

उपायुक्त ने बताया कि शिकायत कताओं की शिकायत से संबंधित आवेदन उनके पास दोबारा नहीं आने चाहिए। अधिकारियों को इसका विशेष ध्यान रखना है। जनता हम पर पूरा विश्वास करती है। उसके विश्वास को कायम रखना है। समाधान शिविर जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगाये जा रहे है। अधिकारियों के पास जो भी समस्याएं पहुंच रही है उसे निजी कार्य समझ करके करें।

शिकायतकर्ता जय नारायण वासी शिमला मौलाना ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि उनका जो मीटर विभाग द्वारा लगाया गया है उस में बिजली बिल अधिक आ रहा है। आवेदन कर्ता ने उपायुक्त से इसे दुरस्त करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत ब्राह्मद्दण माजरा ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि डी प्लान स्कीम के तहत पहले स्वीकृत राशि जिस गली के निर्माण के लिए स्वीकृत की गई थी अब उस पर जो विवाद चल रहा था वह समाप्त हो गया है। उन्होंने उक्त राशि को लगाने का अनुरोध किया।

शिकायतकर्ता दीक्षा जो एपीआईआईटी कालेज में एमबीए फाइनेस द्वितीय वर्ष की छात्रा है ने शिकायत की कि कालेज प्रबंधन द्वारा उनका रोल नम्बर जारी नहीं किया गया जिसके कारण वे एक पेपर में उपस्थित नहीं हो पाई। उन्होंने उपायुक्त से कालेज प्रबंधन पर सख्त कार्यवाही करने की अपील की। उपायुक्त ने कालेज प्रबंधन को छात्रा के साथ न्याय करने के सख्त निर्देश दिए।

शिकायतकर्ता अशोक वासी जवाहर नगर ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि वह 45 वर्ष से ज्यादा उम्र का है लेकिन अभी तक उसे अविवाहितों के लिए प्रांरभ की गई पैंशन योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने उपायुक्त से गुहार लगाई कि उसे सरकार की इस योजना का लाभ दिलवाया जाए।

एक अन्य शिकायतकर्ता प्रवेश कुमारी ने बुढ़ापा पैंशन व शिमला ने विधवा पैंशन बनवाने की उपायुक्त से गुहार लगाई। उपायुक्त ने संबंधित विभाग को तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। एक अन्य शिकायतकर्ता नेहा, अल्का, राजेश, रमेश, कमला, सुरेन्द्र, अशोक, मीनू शिमला ने पार्क से अवैध कब्जा हटवाने की प्रार्थना उपायुक्त से की।

# शहीदों के नाम पर बनाई जाए सरकारी परियोजनाएं: डॉ नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**ऑल इंडिया** शहीद भगत सिंह ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष व शहीदें-आजम भगत सिंह के पौत्र यादविंदर सिंह सन्धू का पानीपत पहुँचेंगे पर डॉ नवीन नैन भालसी व साथियों ने किया जोरदार स्वागत। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी व माननीय यादविंदर सिंह सन्धू ने प्रेस वार्ता सम्बोधित करते हुए शहीदों को याद किया गया। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि आने वाली 9 दिसंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पानीपत आ रहे है,इस दौरान शहीद भगत सिंह ब्रिगेड के सभी सम्मानित सदस्यों के साथ शहीदों की याद में सरकारी परियोजनाएँ शुरू करने व पानीपत में शहीदों के नाम पर यादगार स्मारक, पार्क या कोई विश्वविद्यालय बनाने के लिए निवेदन किया गया। इस दौरान यादविंदर सिंह सन्धू ने बताया कि 1857 से 1947 तक साढ़े सात लाख लोग ऑन रिकॉर्ड शहीद हुए परंतु आज तक कहीं भी कोई शहीद संग्रहालय तक नही बनाया गया जिससे उन शहीदों को याद किया जाए व शहीदों की शहादत को याद एक स्थान पर किया जाए।



इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने सभी शहीद भगत सिंह ब्रिगेड के साथियों के साथ प्रस्ताव पारित किया कि जल्द ही पानीपत में शहीदों की याद में तिरंगा यात्रा का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 5 दिसंबर को करेंगे हरियाणवी पैवेलियन का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र: कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 के अवसर पर ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में स्थापित किए जा रहे हरियाणा पैवेलियन का उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 5 दिसंबर को करेंगे।



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित किए जा रहे हरियाणा पैवेलियन के माध्यम से हरियाणवी लोक कला एवं संस्कृति को संजोने का प्रयास होगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा पैवेलियन की तैयारियां पूरे जोरों पर हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा पैवेलियन के अंतर्गत हरियाणा की प्रसिद्ध लोक कला एवं सांस्कृतिक विरासत से पर्यटकों को रूबरू करवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा पैवेलियन 5 से 11 दिसंबर तक सभी पर्यटकों के लिए खुला रहेगा। वहीं इस बार हरियाणा पैवेलियन में 70 से अधिक स्टॉल विशेष आकर्षण का केन्द्र होंगे। वहीं हरियाणवी खान-पान से लेकर हरियाणवी लोक परिधान, आभूषण, हरियाणवी पगड़ी से हरियाणा पैवेलियन की शान बढेगी।

इस विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक व हरियाणा पैवेलियन के संयोजक डॉ. विवेक चावला ने बताया कि हरियाणा पैवेलियन की तैयारियों में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की पूरी टीम हरियाणा पैवेलियन की साज-सज्जा में जुटी हुई है जिसमें ललित कला विभाग, टूरिज्म विभाग, गृह विज्ञान विभाग तथा शिल्पकारों की अहम भागीदारी है। उन्होंने बताया कि हरियाणवी पैवेलियन में सांस्कृतिक मंच सुबह से लेकर शाम तक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसका दर्शक एवं पर्यटक भरपूर आनन्द ले सकेंगे तथा उन्हें अपनी हरियाणवी लोक कला एवं संस्कृति से जुड़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन सुबह 11 बजे से 1 बजे तक और दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आयोजित होगा। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस वर्ष हरियाणवी मचान हरियाणवी पैवेलियन के आकर्षण का केन्द्र रहेगी। वहीं पैवेलियन में हरियाणवी स्टाइल में सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया जहां पर्यटक आकर्षक फोटो ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के सौजन्य से हरियाणा के प्रतिष्ठित लोक कलाकार प्रदेश की संस्कृति से दर्शकों एवं पर्यटकों को रूबरू करवाएंगे। इस अवसर पर प्रतिष्ठित लोक कलाकार पद्मश्री महावीर गुड्डू सहित अमित सैनी रोहतकीया, गजेन्द्र फोगाट, अमित पुनिया, हरविन्द्र राणा, सूरज बेदी, श्याम लाल सांगी, राजीव शर्मा कॉमेडियन, रामकेश जीवनपुरिया तथा अन्य लोक नृत्य कलाकार बेहतरीन लोक नृत्य एवं पारंपरिक रागनी की प्रस्तुतियां प्रस्तुत करेंगे जिसका पर्यटक लुत्फ उठा सकेंगे।

### डॉ. ममता सूद सुश्री माही स्मृति कृति पुरस्कार से हुई सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :**साहित्य सभा कैथल द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन एवं पुस्तक विमोचन समारोह में डॉ. ममता सूद को उनके काव्य संग्रह *शब्द- शब्द बहे मन * के लिये सुश्री माही स्मृति कृति पुरस्कार से उनके श्रेष्ठ साहित्य लेखन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री राजवीर देशवाल आईपीएस पूर्व आई.जी .हरियाणा, डॉ.चंद्र त्रिखा (हरियाणा हिंदी संस्कृति अकादमी के उर्दू प्रकोष्ठ के निदेशक ) डॉ.चितरंजन दयाल सिंह कौशल जी (हरियाणा हिंदी संस्कृति अकादमी के संस्कृत प्रकोष्ठ के निदेशक) और विभिन्न स्थानों से आये गणमान्य विद्वान साहित्यकार, लेखक एवं कवि और कवयित्रियाँ उपस्थित थी।

# 'खुदीराम के जीवन पर भगवदगीता का था गहरा प्रभाव'

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** खुदीराम बोस मातृभूमि भारत के उपासक थे। खुदीराम बोस के जीवन ओर श्रीमदभगवदगीता का बहुत गहरा प्रभाव था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस को जब फांसी दी गई थी, तब उनके हाथ में श्रीमदभगवदगीता थी।खुदीराम बोस एक क्रांतिकारी थे, जिन्होंने देश के लिए अपनी जान दे दी थी।वे स्वतंत्रता के लिए भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन के सबसे कम उम्र के क्रांतिकारियों में से एक थे। खुदीराम बोस का जन्म 3 दिसंबर, 1889 को पश्चिम बंगाल के मिदनापुर ज़िले के बहुवैनी गांव में हुआ था।जब वे



बहुत छोटे थे, उनके माता-पिता का निधन हो गया। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्रीमदभगवदगीता जयंती समारोह-2024 के उपलक्ष्य में आयोजित अठारह दिवसीय कार्यक्रम के दशम दिवस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में श्रीमदभगवदगीता का प्रभाव विषय पर आयोजित गीता विचार गोष्ठी में मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ शहीद खुदीराम बोस के चित्र के समक्ष माल्यार्पण, पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने वीर खुदीराम बोस के जीवन से सम्बन्धित प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किये। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा भगवद्गीता ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाई है। गीता के निष्काम कर्म के सिद्धांत ने देश के हर हिस्से के स्वतंत्रता सेनानियों काआध्यात्मिक मार्गदर्शन एवं प्रेरित किया।महात्मा गांधी ने गीता को अपनी सबसे भरोसेमंद आध्यात्मिक मार्गदर्शक माना था।

भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन सभी नायकों ने गीता को अपने जीवन में एक अहम जगह योगदान माना।स्कूल में पढ़ाई के दौरान ही खुदीराम ने राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था।

# हरियाणा कबड्डी टीम ने फाइनल में पंजाब को 38-26 के अंतर से हराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**17वी सर्कल कबड्डी** नेशनल पुरुष व महिला प्रतियोगिता पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगड में 30 नवंबर से 2 दिसंबर में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य की महिला वर्ग कबड्डी टीम ने फाइनल में पंजाब टीम को 38-26 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। पुरुष वर्ग कबड्डी टीम को फाइनल में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। फाइनल मैच में पंजाब के खिलाफ 48-40 के अंतर से पंजाब टीम ने हरियाणा की टीम को 8 अंकों के अंतर से हराया।

इस उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों, कोच, मैनेजर एवं एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन हरियाणा के अध्यक्ष व पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पवाँर व एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन हरियाणा के चेयरमैन कुलदीप दलाल ने सभी पदाधिकारियों एवं सलेक्शन कमेटी व महिला वर्ग टीम कोच ज्योति व सुमन व पुरुष वर्ग टीम कोच सुशील डी.पी. को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर सलेक्शन कमेटी के सदस्य बलवान दहिया, सोनू वशिष्ठद्द, मनोज दलाल, कुलदीप सुताना, संदीप कबड्डी हरियाणा आदि उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं से सर्व देव पूजन कराकर यज्ञ में आहुतियां डलवाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को ब्रह्मा कॉलोनी स्थित वात्सल्य वाटिका में चल रहे पंच दिवसीय गीता यज्ञ अनुष्ठान के तीसरे दिन मुख्यमंत्री आवास कुरुक्षेत्र के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने बतौर मुख्य यजमान यज्ञ में आहुतियां दी।

वात्सल्य वाटिका आश्रम के संचालक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक व सभी कमेटी सदस्यों ने कैलाश सैनी का स्वागत किया। यज्ञाचार्य प्रेम नारायण अवस्थी ने मुख्य यजमान और अन्य श्रद्धालुओं से सर्व देव पूजन कराकर यज्ञ में आहुतियां डलवाई।

# प्रशिक्षण आंकलन टूल सशक्त किया गया लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन)**
हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पानीपत के मडलौडा ब्लॉक के शक्ति महिला क्लस्टर संगठन में मोबाइल आधारित प्रशिक्षण आंकलन टूल सशक्त लांच किया गया इसके माध्यम से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में जुड़ी ग्रामीण समूह की महिलाओं का ऑनलाइन टेस्ट लिया गया जिसके आधार पर समूह की महिलाओं को आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला प्रोग्राम एसोसिएट करीना द्वारा बताया गया दो सीएलएफ का सशक्त ऑनलाइन टेस्ट लिया गया लेस्ट ड्रीम फाउंडेशन इस पहल को साकार करने में एसएसआरएलएम को तकनीकी सहायता प्रदान कर रही है एलडीएफ का लक्ष्य एसएसआरएलएम के साथ मिलकर सामुदायिक आधारित मॉडल सीएलएफ के कार्य प्रणाली में सकारात्मक परिवर्तन लाना और उनको अस्तित्व प्रदान करना है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, पानीपत ने बताया की यह आंकलन जिले में गठित सभी क्लस्टर संगठनों में किया जाएगा जिसका मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों में जुडी महिलाओं को उनकी इच्छा अनुसार प्रशिक्षण उपलब्ध करवा कर व जरुरत अनुसार ऋण उपलब्ध करवाकर उन्हें लखपति दीदी बनाना है। इस कार्यक्रम में ब्लॉक मडलौडा के खंड इंचार्ज भूपेन्द्र और विभिन्न गावों से 65 स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

# शशि लूथरा ने सिविल अस्पताल में नवजात शिशुओं को कंबल बांटे

**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
शशि लूथरा ने बताया की सरकारी अस्पताल में अब हर प्रकार की सुविधा है और उन्होंने देखा की डॉक्टर और नर्स की देखभाल में बच्चों का बहुत ध्यान रखा गया। सिस्टरस ने बच्चों को कंबल बनवाने में बहुत सहायता की और चौथी मंजिल में छोटे नवजात शिशु जो की बहुत कमजोर थे उनको मशीन में रखा गया था । वहां भी उन्होंने डॉक्टर के साथ मिलकर उन्होंने बच्चों का हाल जाना और उन्हें भी कंबल दिए गए और देखा गया कि बच्चे बहुत कमजोर पैदा हुए थे और भगवान से प्रार्थना करते हैं।

# कैदियों के लिए एक लेक्चर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**जिला** जेल पानीपत में कैदियों के लिए एक लेक्चर का आयोजन किया गया। यह लेक्चर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी द्वारा करवाया गया इस मौके पर राजीव परुथी ने जेल अधीक्षक देवी दयाल का तहे दिल से धन्यवाद किया जेल अधीक्षक देवी दयाल ने कहा इस तरह के कार्यक्रम हम अपनी जेल में करवाते रहते हैं हमें बड़ी खुशी महसूस हो रही है राजीव परुथी जो की मोटिवेशनल ट्रेनर हैं यह जेल में आकर कैदियों को मानसिक तनाव एवं भगवान के प्रति आस्था एवं बोलचाल के तरीके और एनर्जी में रहने के गुण बताएं यह बहुत ही काबिले तारीफ



है मौके पर राजीव परुथी ने कहा इस तरह के लेक्चर देकर मुझे बड़ी प्रसन्नता महसूस होती है कि मेरे लेक्चर के द्वारा लोगों के अंदर जो जोश और जुनून की भावना उत्पन्न होती है। जो आत्मविश्वास की भावना उत्पन्न होती है यह अपने आप में बहुत बड़ी चीज है लेक्चर के दौरान राजीव परुथी ने कहा थोड़े से गुस्से की सजा जो हम भुगत रहे हैं यदि हमें अपने गुस्से पर काबू किया होता तो शायद यह दिन ना देखने पड़ते राजीव परुथी ने कहा आप अपने बोलचाल एवं व्यवहार से अंदर रहकर भी काफी कुछ सीख सकते हैं राजीव परुथी के अनुसार जानवर रूपी दिमाग ने जो तुमसे कर्म करवाया उसकी सजा तुम भूखत रहे हो अब तुम्हारे पास मानव बनने का मौका मिला है यदि अभी भी अपने अपने अंदर बदलाव नहीं लाया तो यह बहुत बड़ी मूर्खता है राजीव परुथी ने अपने आप को स्वस्थ रहने को कहा हर वक्त परमात्मा को शुक्रिया कहने को कहा एवं जोश एवं जुनून के साथ कार्य करने को कहा और राजीव ने सलाह दी जब भी छुट्टी पर तुम बाहर आओ तो कुछ किताबें लेकर जाओ अंदर जाकर जब वक्त मिले तो आप पढ़ो क्योंकि पढ़ाई कभी भी खराब नहीं जाती राजीव के अनुसार पैसा ना होना गरीबी नहीं ज्ञान ना होना गरीबी है।

# रक्तदान शिविर में पुलिस जवानों ने किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र** :यूथ ब्लड डोनेशन सोसाइटी द्वारा हर साल कि तरह इस साल भी 18 दिवसीय रक्तदान शिविर में आज छठे दिन ब्रह्म सरोवर के तट पर बूथ नम्बर 455,56,57, पर सेवाएं दे रहे पुलिस के जवानों द्वारा रक्तदान किया गया। इस मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष विनोद पाल होलकर ने बताया कि यह रक्तदान सेवाएं 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक 18 दिवसीय रक्तदान शिविर हर साल की तरह लगाया हुआ है जिसमें देश के कोने-कोने से आए हुए श्रद्धालुओं द्वारा पिछले 5-6 दिनों में रक्तदान किया गया और उनको बहुत खुशी मिलती है। गीता के उपदेश स्थलीय पर रक्तदान करके बहुत खुशी मिलती हैं कि हमें यहां पर दोनों काम करने का मौका मिल रहा है , एक तो हमें इस पवित्र तीर्थ के दर्शन होते और हमें घूमने का मौका मिला एवं यहां संस्कार संस्कृति और गीता का उपदेश सुनने का मौका मिला और रक्तदान कर पुण्य का लाभ मिलता है और अपने आप को पुण्य के भागीदार बनने का मौका मिलता है । इस मौके पर कुरुक्षेत्र लोक जननायक हॉस्पिटल ब्लड बैंक की टीम की इंचार्ज डॉक्टर रमा,सुमित कुमार, पल्लवी, विनोद पाल होलकर, राजेंद्र ग्रोवर, गुरमेल सिंह ककराला, मनीष राणा ककड़ी, जीत राम, हुकुम चंद, पुर्ण कलसोरा, शेर नंबरदार, रामपाल, सचिन पाल, पोली देवी, रोहित धीमान, सुनील कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

# अधिकारी कार्यक्रम स्थल का रोजाना समय निकाल कर करे निरीक्षण: उपायुक्त

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 दिसम्बर के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियां जोरो पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**9 दिसम्बर को** सैक्टर 13-17 में आयोजित किये जा रहे सखी बीमा योजना कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। इस संदर्भ में उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में पहुंचने वाली महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस कार्यक्रम में 50 हजार से ज्यादा महिलाएं शिरकत करेगी। इसको लेकर पानी व शौचालय की विशेष व्यवस्था की जा रही है।

उपायुक्त ने बताया कि 300 के करीब सामान्य शौचालय बनाए जा रहे है। 12 के करीब शौचालय वीआईपी, पीएम, पीएमओ, सीएम, गर्वनर,एमपी, एमएलए व मीडिया के लिए बनायें जा रहे है। कार्यक्रम स्थल पर लाइट की विशेष व्यवस्था की जा रही है। हैली पैड को दुरस्थ किया जा रहा है। उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभा स्थल का निरीक्षण करते हुए तैयारियों का जायजा लेते रहे। तैयारियों में किसी भी तरह की कर कसर बाकी न रखें।

# मिले किसी से नजर तो समझो गजल हुई....मनोज बांसल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** गुदगुदी जंक्शन समूह,अम्बाला शाखा द्वारा फारूखा खालसा सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सोमवार सायं गजल कार्यक्रम "महफिल-ए-तरन्नुम" आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए सदस्य मंदीप शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम की मेजबानी अम्बाला कैंट प्रभारी राकेश आहूजा ने की जिसमें बड़ी संख्या में गजलों के शौकीन शामिल हुए। कुरुक्षेत्र से संस्थापक अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी मनोज बंसल ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलित करके किया जबकि जी.एम.एन.कॉलेज




के प्रिंसिपल डॉ.रोहित दत्त ने अति विशिष्ट अतिथि और फारूखा खालसा सीनियर सैकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल स.कंवलप्रीत सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। मंच पर सरस्वती वंदना उपरांत समूह संरक्षक जितेंद्र बंसल ने गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा लगातार 5 वर्षों से विभिन्न नगरों में करवाए जा रहे सामाजिक,धार्मिक और मनोरंजक कार्यक्रमों का विवरण दिया। मंच संचालक भारत सोपोरी ने आए हुए सभी गजलकारों का परिचय देकर उनकी खूबियां भी बताई। गजल शब्द की व्याख्या में समाजसेवी मनोज बंसल ने एक शेर अर्ज करते हुए कहा कि "मिले किसी से नजर तो समझो गजल हुई, रहे न अपनी खबर तो समझो गजल हुई। मंच पर 11 गजलकारों ने गजल सम्राट स्व. जगजीत सिंह की दिलकश गजलों का गुलदस्ता पेश किया जिनमें खास मेहमान मनोज बंसल ने "तुम इतना जो मुस्कुरा रहे हो"...,मेजबान राकेश आहूजा ने "होश वालों को खबर क्या बेखुदी क्या चीज है"..., अम्बाला सिटी प्रभारी रोहित जैन ने "ये तेरा घर ये मेरा घर"...,कुरूक्षेत्र से वरिष्ठ पदाधिकारी पंकज शर्मा ने " वो कागज की कश्ती वो बारिश का पानी"...,पंडित संयोगानंद ने "तेरे आने की जब खबर महके"...,अरविंदर सिंह ने "प्यार का पहला खत लिखने में वक्त तो लगता है"...,इंद्र परूथी ने "कोई फरियाद तेरे दिल की"....,सुधीर खन्ना ने "चिट्ठी न कोई संदेश न जाने वो कौन सा देश"...,हंसराज माही ने "ये दौलत भी ले लो"....,गरिमा मिश्रा ने "शाम से आंख में नमी सी है"...और कबीर भोला ने "झुकी झुकी नजर"...आदि गजलों से समां बांधा। कई लोगों की फरमाइश पर राकेश आहूजा,इंद्र परुथी और अरविंदर सिंह ने अन्य गजलें भी सुनाई जिन्हें सुनकर श्रोता एक अलग ही दुनिया में खो गए। एक तो मंच पर गजलों की पेशकश उस पर मंच के इर्द गिर्द मोमबत्तियां की रंग बिरंगी रोशनी और झूमर लाइट ने कार्यक्रम की रौनक को बरकरार रखा।

# निगम पार्षद राठौर ने चलाया स्वच्छता अभियान





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** के स्वच्छ भारत अभियान को अमलीजामा पहनाते हुए बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 में भाजपा के निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने मुकुंदपुर पार्ट दो में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने क्षेत्र स्थित लगभग सभी गलियों में स्वंय खड़े रहकर साफ-सफाई करवाई।

इसके साथ ही नालियों की गाद निकाल कर नालियों को सुचारू रूप से चालू किया गया। श्री राठौर ने बताया कि इस दौरान गलियों की साफ-सफाई करवाकर कूड़ा ट्रेक्टर ट्रॉली द्वारा खत्ते में भिजवाया गया। इस मौके पर राठौर ने कहा कि क्षेत्र की सफाई-सफाई करवाना मेरी जिम्मेदारी हैं, जिसके लिए मैं सदैव ही तत्पर रहता हूं। उन्होंने कहा कि राजनीति को कांग्रेस व आम आदमी पार्टी ने कमाई का जरिया बनाया है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की केजरीवाल सरकार के आने के बाद से ही दिल्ली का बेडागर्क कर हो चुका है। राठौर ने कहा कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में पूर्ण बहुमत की एनडीए सरकार का गठन हुआ, तब से तस्वीर में बदलाव आया है। पिछले दस वर्षों में आम आदमी पार्टी ने दिल्ली को नर्क की गर्क में धकेलकर जनता के पैसों से मलाई खा रहे है और जनता भूख से त्रस्त है।

# क्या आंतरिक सड़कों पर 9 मीटर की बसें चल सकती हैंः वीरेन्द्र सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली भाजपा** के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि चुनाव की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना ने दिल्ली वालों को 9 मीटर की बसों को लास्ट माइल कनेक्टिविटी के रूप में चलाने के नाम पर सपने बेचने शुरू कर दिए हैं। दिल्ली की अधिकांश आंतरिक सड़कों पर पार्किंग समस्या है, अतिक्रमण है और आंतरिक सड़कें गलियां 10 से 14 फुट चौड़ी हैं जिन पर बसों का जाना असम्भव है।



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना जो कालका जी से विधायक हैं से सीधा सवाल पूछा है की मुख्यमंत्री जी आप शहर के अच्छे कालका जी क्षेत्र से विधायक हैं, आप बतायें की क्या आपके क्षेत्र की आंतरिक सड़कों पर 9 मीटर की बसें चल सकती हैं, उन्हे गलियों में घुमाया जा सकता है? सचदेवा ने कहा है कि यह खेदपूर्ण है की दस साल में भी आम आदमी पार्टी सरकार लास्ट माइल कनेक्टिकटीविटी की जरूरतों को नहीं समझ पाई। मुख्यमंत्री को समझना चाहिए की लास्ट माइल कनेक्टिकटीविटी बस अड्डे, मैट्रो स्टेशन या रेलवे-स्टेशन से किसी व्यक्ति के घर तक जाने का साधन होती है अतः यह छोटे वाहन से ही सफल होती है। काश मुख्यमंत्री समझ पातीं की आज सारे शहर में लोग लास्ट माइल कनेक्टिकटीविटी के लियें साइकिल रिक्शा, ई रिक्शा या आटो रिक्शा जैसे छोटे वाहन जो आंतरिक गलियों में जा सकते हैं का प्रयोग करते हैं जो उन्हे सुविधा जनक लगते हैं। दिल्ली सरकार को चाहिए वह प्रदूषण रहित छोटे ई-वाहनों को लास्ट माइल कनेक्टिकटीविटी वाहन के रूप में बढ़ावा दे।

# अभिव्यक्ति साहित्यिक संस्था की काव्य गोष्ठी संपन्न






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः अभिव्यक्ति** साहित्यिक संस्था (पंजाबी हिंदी और उर्दू की सांझा साहित्यिक संस्था) द्वारा एक मासिक गोष्ठी का शुभारंभ संस्था की अध्यक्षा मधु मधुबाला लबाना के निवास रोहिणी दिल्ली में हुआ। अभिव्यक्ति साहित्यिक संस्था पिछले दस वर्षों से वर्ष में दो भव्य आयोजन कराता है, किंतु अब से मासिक गोष्ठी का भी निर्णय लिया गया है। जिसमें दिल्ली एनसीआर से आए लगभग 16 कवि एवं कवयित्रियों ने अपना बेहतरीन काव्य पाठ किया। संगोष्ठी का संचालन कवयित्री मधु लबाना ने शानदार अंदाज में किया। आपको बतादें कि लगभग 3 घंटे चली काव्य गोष्ठी शिरकत करने वाले कवि एवं कवयित्रियों में राजीव तनेजा, संगीता चौहान, गोल्डी गीतकार, दीपा डिंगोलिया, माही मुन्तजिर, संजय कुमार गिरि,नईम हिन्दुस्तानी, कंचन कशिश, पवन मल्होत्रा, साधना त्रिपाठी, सुषमा गर्ग, नीलम 'बावरा मन', राधिका मल्होत्रा, पूनम सिंगल, मधुबाला ने अपनी रचनाओं से इस गोष्ठी को भव्यता प्रदान की।

# सत्ता में आने पर दिल्लीवासियों को 400 यूनिट मुफ्त बिजली देगी कांग्रेसः देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः किराड़ी विधानसभा** में न्याय यात्रा 70 फुटा रोड़ मुबारकपुर से शुरू होकर 40 फुटा रोड़, प्रेम नगर-3, धर्म एन्कलेव प्रेम नगर, दुर्गा चौक, राशन दफ्तर, वाल्मीकि चौपाल, मुबारक पुर गांव पहचान पत्र दफ्तर, ग्रीन लाउंज पीरा गढ़ी, नागलोई विधानसभा में नेहरु मार्केट ज्वालापुरी, निहाल विहार, चंदन विहार, शनि बाजार रोड़, शमशान घाट रोड़, सैनिक मौहल्ला, मतदान केन्द्र, नजफगढ़ रोड़, बांके बिहारी, स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट यादव कम्यूनिटी सेंटर, मुंडका विधानसभा



में दरगाह मार्ग नांगलोई एक्स., इंडिया प्राईड मॉडल स्कूल, नांगलोई मेट्रो स्टेशन, सर छोटू राम द्वार, महर्षि वाल्मीकि मार्ग, बुध बाजार रोड़, किराड़ी रोड़, बड़ी मस्जिद मेट्रो पुलिस स्टेशन पर खत्म हुई। देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने पर दिल्ली के लोगों को 400 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान करेगी। केजरीवाल के झूठे 'मुफ्त' बिजली और पानी के वादे के विपरीत कांग्रेस अपने वादे का निभाऐगी। देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस डिस्कॉम द्वारा बढ़े हुए बिजली बिलों के जरिए बिजली उपभोक्ताओं की लूट को भी रोकेगी। उन्होंने कहा कि 400 यूनिट बिजली मुफ्त सुनिश्चित करने के लिए बिजली वितरण कंपनियों को सख्त जांच और संतुलन निर्धारित करेंगे। गंदगी, जमा कूड़े-कचरे और रुके हुए पानी से भरी कॉलोनी से गुजरते हुए देवेन्द्र यादव ने कहा कि केजरीवाल के 11 साल से अधिक के कुशासन के बाद दिल्ली की यह हालत बदहाल हो गई है।

# बुराड़ीः केजरीवाल हमेशा ही रहे हैं जनता के हितैषीः अंबिका मिश्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली के** पूर्व मुख्यमंत्री व आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने हमेशा ही निस्वार्थ भाव से दिल्ली की जनता का भला ही किया हैं। उन्होंने बस गरीब लोगों के हितों को ध्यान में रखकर काम किया हैं, फिर चाहे लोगों को मुफ्त राशन देने की बात हो या फिर महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा, केजरीवाल कभी पीछे नहीं हटें हैं। यह कहना हैं बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा उपाध्यक्ष अंबिका मिश्रा का। मिश्रा ने यह भी कहा है कि जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है तब से भ्रष्टाचार में



भी भारी गिरावट हुई हैं। तो दूसरी ओर दिल्ली सरकार के पूर्व में स्कूलों की भी हालत काफी जर्जर थी, लेकिन हमारी सरकार ने दिल्ली के सभी सरकारी स्कूलों को पुनर्निर्माण करवाकर हाईक्लास बनाने के काम किया है, जो कि अब प्राईवेट स्कूलों से भी आगे निकल गए हैं, जिससे स्कूलों के वातावरण में भी बहुत सुधार आया हैं। उल्लेखनीय हैं कि दूसरे राज्यों के मुकाबले दिल्ली वालों को काफी सस्ती और चौबीस घंटे बिजली भी दिल्ली के लोगों को भी मिल रही हैं। अंबिका मिश्रा ने बताया कि मुकुंदपुर वार्ड से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर क्षेत्र में साफ-सफाई की ओर ध्यान नहीं देते है जिसके चलते क्षेत्र में गंदगी का माहौल बना हुआ है। मिश्रा ने कहा कि इस बार भी दिल्ली में एक बार फिर से आप की सरकार बनने वाली है और सरकार बनते ही इस बार दोगुनी रफ़्तार से विकास की ब्यार बहेगी।

# पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने किया लोगों को जागरूक





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली के** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल के द्वारा वजीरपुर क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले कई स्लम क्षेत्रों में रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने लोगों को आम आदमी पार्टी की दमनकारी नीतियों व पार्टी के द्वारा किये गये भ्रष्टाचार से अवगत कराया। उन्होंने लोगों को बताया कि आम आदमी पार्टी ने आप सभी को गुमराह करने का कार्य किया है, आपसे जो भी वादे आम आदमी पार्टी ने किये थे, वह एक भी पूरे नहीं हुए है। श्री नागपाल ने लोगों को भाजपा की नीतियों व कार्यों से अवगत कराते हुए कहा कि भाजपा की एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है। पीएम मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास कर रहे है। इस मौके पर पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अशोक विहार में ज्ञान आधार वेलफेयर सोसाइटी ने किया प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः ज्ञान आधार** वैलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित अशोक विहार सेंटर में बच्चों के सामान्य ज्ञान को बढ़ाने हेतु एक क्विज का आयोजन किया गया।

आपको बतादें कि रोजमर्रा के अत्यंत सामान्य प्रश्नों की पर्चियां बनाकर एक डिब्बे में रख दी गई। एक-एक कर बच्चे आते गये और अपनी पर्ची निकालते और उसका उत्तर देते जाते। सही उत्तर देने वाले बच्चे को उत्साहित करने हेतु एक चॉकलेट प्रदान की जाती। यदि कोई बच्चा प्रश्न का उत्तर नहीं दे पाता तो वह प्रश्न अन्य बच्चों से पूछा जाता, सही उत्तर देने वाले बच्चे को भी



चॉकलेट देकर उसका उत्साह बढ़ाया गया।

आपको यह भी बतादें कि बच्चों को इस खेल में बहुत मजा आ रहा था, बच्चे अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे थे, परन्तु समय के अभाव के कारण यह क्विज प्रतियोगिता स्थगित करनी पड़ी। बच्चों को आश्वासन दिया गया कि पुनः इसका आयोजन किया जाएगा। शेष बच्चों को भी चॉकलेट देकर उन्हें सामान्य ज्ञान सम्बंधित प्रश्नों के लिए पुनः तैयार रहने को कहा गया। इस अवसर पर योगाचार्य योगेश द्वारा बच्चों को कुछ यौगिक क्रियाओं से परिचित कराया गया, तो वहीं, दिलीप कुमार द्वारा सभी बच्चों को कॉपी, पेंसिल, रबड़, शार्पनर और पैन दिए गए। उन्होंने बच्चों से कहा कि सभी बच्चे यदि अपनी अध्यापिका का कहना मानेंगे और अच्छे से पढ़ाई करेंगें तो आपकी अध्यापिका के दुबारा बुलाने पर हम 25 दिसम्बर को फिर से आएंगे और खूब मजेदार खेल खेलेंगे।

इस मौके पर सतीश ने भी बच्चों को सम्बोधित करके कहा कि ज्ञान आधार सभी पढ़ने वाले बच्चों को न केवल पढ़ाता ही है अपितु समय-समय पर उनके लिए आवश्यक शिक्षण सामग्री भी उपलब्ध कराता है।

# कामख्या मंदिर के अघोरी प्रताप सिंह को पीयूष अघोरी ग्रुप ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः असम के** नीलगिरि पर्वत पर स्थित 52 खंडपीठों में से एक सिद्धि पीठ कामाख्या मंदिर से ताल्लुक रखने वाले अघोरी प्रताप सिंह गुरूजी का पीयूष अघोरी ग्रुप द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान समाज के आम जनों सहित कई साधु संत व अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहें।

आपको बातदें कि सम्मान समारोह का कार्यक्रम वजीराबाद स्थित शमशान घाट में मरघट वाली काली के समक्ष किया गया। इस दौरान सभी लोगों ने प्रताप सिंह गुरुजी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान महामाई



के सेवक संजय चावला एवं उनकी धर्मपत्नी के साथ-साथ कार्तिक लुक्कड़ भगत, देव नरवाल,आदित्य बुम्बक, साहिल सिसोदिया, आर्यन डुलगज उपस्थित रहे। इस मौके पर गुरूजी से आर्शिवाद लेने पहुंचे हरीश असड़ी ने बताया की अघोरी प्रताप सिंह समय-समय पर रक्तदान शिविर लगाकर लोगों को ब्लड़ भी उपलब्ध करवाते है। इसके साथ ही कोरोना काल में भी गुरूजी व उनके अनुयाईयों द्वारा लोगों की तमाम तरह से सेवा भी की गई थी। इस दौरान गुरूजी ने बताया कि असम के गुवाहाटी से दो मिल दूर पश्चिम में नीलगिरि पर्वत पर स्थित सिद्धि पीठ को कामाख्या मंदिर के नाम जाना जाता है। इसका उल्लेख कालिका पुराण में मिलता है। कामाख्या मंदिर को सबसे पुराना शक्तिपीठ माना जाता है।

उन्होंने बताया कि माता सती के योनि का भाग कामाख्या नामक स्थान पर गिरा था।

इसके उपरांत इस स्थान पर देवी के पावन मंदिर को स्थापित किया गया। कामाख्या देवी मंदिर मां दुर्गा के शक्तिपीठों में से एक शक्तिपीठ है। इस मंदिर में तांत्रिक अपनी सिद्धियों को सिद्ध करने आते हैं।

# 30वीं अंतरराष्ट्रीय चौंपियनशिप में हिस्सा लेंगे खिलाड़ीः उत्तम आर्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** पर्यटन विभाग दिल्ली सरकार व मानवीय निर्माण मंच दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में नार्थ जोन सिलेक्शन ट्रायल का आयोजन जी वर्ल्ड स्कूल, सेक्टर-35 रोहिणी में किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक उत्तम आर्य ने बताया कि यह नोर्थ जोन सिलेक्शन ट्रायल में दिल्ली-एनसीआर से लगभग 110 राष्ट्रीय पदक विजेताओं ने हिस्सा लिया और 30 खिलाड़ियों का चयन निर्णायक समिति द्वारा किया गया।

खिलाड़ी 4 जनवरी से 7 जनवरी तक पर्यटन विभाग पुडुचेरी सरकार द्वारा आयोजित 30वीं अंतरराष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 में हिस्सा लेंगे, जो कि कामराजार






मणिमंडपम, पुडुचेरी में संपन्न होगी। मानवीय निर्माण मंच दिल्ली के महासचिव लक्ष्य तुषीर ने खिलाड़ियों की सूची साझा करते हुए बताया कि लड़कों में नैतिक ठाकरान, मनमीत सहरावत, रक्षित, विरेन दांगी, नक्ष, युवराज, रोशन, हन्नी, गगन, देवांश, भाविक, चेतन्य। तो वहीं लड़कियों में राज नंदिनी, काया लांबा, अराध्या, रिशिका, अर्पिता, मेहर अनेजा, चिंकी, काया, सौम्या, जिया, यशवी, अनिश्का, मिश्टी डबास, वंशिका, अंशिका, ओमसी, भावना, मान्या का चयन हुआ।

कार्यक्रम की मेजबानी कर रही प्रधानाचार्या बलबीर कौर ने सभी खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मानवीय निर्माण मंच दिल्ली बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है और उनके लिए हमारा विद्यालय सदैव खुला है, वह कोई भी कार्यक्रम निःसंकोच कर सकते हैं। संगठन की सह सचिव श्वेता बंसल ने बताया कि इंटरनेशनल चैंपियनशिप में टीम मैनेजर के रुप में उत्तम आर्य, पुरुष कोच लक्ष्य तुषीर, महिला कोच संगीता वर्मा थैरेपिस्ट मोनि धिमान की अगवानी में टीम एक जनवरी को दिल्ली से रवाना होगी।

# 'मानसिक बीमारियों से पीड़ित की मदद के लिए बनाए गए 55 टेलीमानस सेंटर'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। केन्द्रीय स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने मंगलवार राज्यसभा को बताया कि देश में 55 टेलीमानस सेंटर बनाए गए हैं, जहां मानसिक बीमारियों से पीड़ितों की मदद की जा रही है और उपचार में सहयोग किया जा रहा है। इन सेंटरों के माध्यम से मानसिक बीमारियों का उपचार भी किया जा रहा है। इसके साथ 10 अक्टूबर 2022 में शुरू की गई टेलीमानस की शुरूआत की गई। यह हेल्पलाइन चौबीस घंटे उपलब्ध रहती है और 20 भाषाओं में अपनी सेवाएं दें रही है। सरकार ने टेलीमानस एप भी शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस पर अब तक 15 लाख 95 हजार कॉल्स की मदद की जा चुकी है। कैंसर सहित विभिन्न बीमारियों का शुरूआती चरण में भी पता लगाने के उद्देश्य से देश में 1.73 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना किए जा रहे हैं। नड्डा ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार ने यूनिवर्सल स्क्रीनिंग की आयु सीमा को कम कर 30 वर्ष कर दिया है, ताकि बीमारियों का शुरूआती चरण में ही पता लगाया जा सके और फिर उसका उपचार किया जा सके। सांसद रजनी पाटिल के प्रश्न के उत्तर में जे पी नड्डा ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को भी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से मदद मिल रही है।

# कांग्रेस सरकार की नाकामी छिपाने के लिए झूठ बोलकर अपनी साख बचाने में लगे हैं मुख्यमंत्रीः जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मंडी :** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर आरोप लगाया है कि वे कांग्रेस सरकार की नाकामी छिपाने के लिए झूठ बोलकर अपनी साख बचाने में लगे हुए हैं। अब जहां भी जा रहे हैं वहां जनता को झूठ बोलकर भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दो वर्षों का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है लेकिन सरकार के पास विकास के काम गिनाने के लिए है ही नहीं। आनन फानन में विधानसभा सत्र से पहले विपक्ष का सामना करने के लिए हमारे द्वारा शुरू किए गए बड़े प्रोजेक्ट्स के उद्घाटन किये जा रहे हैं ताकि जनता को दिखाया जा सके कि हम विकास कार्य कर रहे हैं। सच्चाई तो ये है कि ये बड़े बड़े प्रोजेक्ट हमारी सरकार के

**आरोप**
**दो वर्षों का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है लेकिन सरकार के पास विकास के काम गिनाने के लिए है ही नहीं**



समय ही शुरू हुए थे और एक वर्ष पूर्व ही बनकर तैयार हो चुके थे लेकिन जानबूझकर इनके उद्घाटन लटकाए गए और कई बार उद्घाटन की तिथियां आगे खिसकाई गई ताकि दो साल के जश्न के बीच और सत्र से पहले ये दिखाया और प्रचारित किया जा सके कि हम उद्घाटन भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री एक किसी परियोजना या काम का नाम बता दें जो इन्होंने शुरू किए और उसका उद्घाटन भी इन्होंने किया हो। आज मेरे विधानसभा क्षेत्र के बाखली में भी झूठ बोलकर रोप कि इस रोपवे को हमने 28 करोड़ दिया तो आज हम इसका उद्घाटन कर रहे हैं जबकि सच्चाई ये है कि इसके लिए 50 करोड़ नाबार्ड से मैंने ही लाया था और मेरे ही समय में ये शुरू हुआ था लेकिन मुख्यमंत्री को हमारे काम का झूठ बोलकर श्रेय लेने की आदत सी हो गई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि आजकल मुख्यमंत्री जहां भी जा रहे हैं वहां भाजपा द्वारा शुरू किए गए कार्यों का ही फीता काट रहे हैं। बावजूद इसके लोगों के बीच जाकर यह झूठ बोल रहे हैं कि उस कार्य को उनकी सरकार ने करवाया। जबकि हकीकत यह है कि उन सभी कार्यों को बतौर मुख्यमंत्री भाजपा सरकार ने बजट के साथ शुरू करवाया था। माता बगलामुखी के लिए 50 करोड़ की लागत से बने इस रोप-वे का निर्माण भी भाजपा सरकार के समय में ही शुरू हुआ था। यह देश का नाबार्ड द्वारा वित्तपोषित पहला रोप-वे प्रोजेक्ट है। इसमें राज्य सरकार का एक भी पैसा नहीं लगा है। दो दिन पूर्व भी मुख्यमंत्री ने ढली बस स्टैंड के उदघाटन के बाद यह झूठ बोला है कि उस बस स्टैंड के लिए भाजपा सरकार ने बजट का कोई प्रावधान नहीं किया था जबकि हकीकत यह है कि यह बस स्टैंड स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत बना है। 2022 में भाजपा सरकार ने 4 करोड़ के बजट प्रावधान के साथ इसका निर्माण कार्य शुरू किया था, जबकि बाकी बजट नियमों के तहत किश्तों में जारी हुआ है। जयराम ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग को नकारना मुख्यमंत्री की इसी खूबी को दर्शाता है कि वे दिन के उजाले में बड़ी चतुराई से झूठ बोल देते हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि आज प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने दो-दो बार उदघाटन और दो-दो बार शिलान्यास करने का नया रिवाज छेड़ रखा है। जिन परियोजनाओं के उदघाटन और शिलान्यास पूर्व सरकारों द्वारा किया जा चुका है उनके उदघाटन और शिलान्यास फिर से किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के नाते उन्हें नए कार्यों को शुरू करना चाहिए, जबकि वे किए हुए कार्यों का फिर से रिबन काटने में लगे हुए हैं।

# हिमाचल प्रदेश स्टेट मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट की



**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला:** हिमाचल प्रदेश स्टेट मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में आज यहां मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर बिलासपुर में 13 से 15 दिसम्बर, 2024 तक आयोजित किए जा रहे स्टेट मास्टर्स गेम्स के लिए मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने

**अनुरोध**
**मुख्यमंत्री से भेंट स्टेट मास्टर्स गेम्स के लिए मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने का अनुरोध किया**

कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ि ?ों की सुविधा के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी अधोसंरचना के विकास के साथ खेलों को प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं, बल्कि लोगों में नेतृत्व, अनुशासन और भाईचारे की भावना भी पैदा करते हैं। इस अवसर पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय कंवर शारदिया, महासचिव तेजस्वी शर्मा तथा पदाधिकारी रविन्द्र शर्मा और मनोज बख्शी भी उपस्थित थे।

# बर्फबारी से निपटने के लिए सभी प्रबंधों को किया गया पूराः एसडीएम

**इंतजाम**
**पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री और जरूरी सामान का वितरण और भंडारण कर लिया गया है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**
**कुल्लू :** लाहौल स्पीति जिला में सर्दियों में बर्फबारी के दौरान आवश्यक सेवाओं को बहाल रखने के लिए सभी जरूरी इंतजाम समय रहते पूरे कर लिए गए हैं। पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री और जरूरी सामान का वितरण और भंडारण कर लिया गया है। यह जानकारी उपमंडल अधिकारी केलांग रजनीश शर्मा ने मंगलवार को केलांग में सर्दियों में विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों को लेकर आयोजित जिला स्तैरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि लाहौल स्पीति एक बर्फीला जिला है। यहां पर सर्दियों में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इस बजह से समय रहते सभी जरूरी तैयारियों महत्वपूर्ण हो जाती हैं। बैठक में विभिन्न विभागों ने क्या तैयारियां की हैं इसकी समीक्षा की गई। रजनीश शर्मा ने बताया कि जिला में महत्वपूर्ण सड़कों को खुला रखने के लिए मुख्य जगहों पर लोक निर्माण और बीआरओ की मशीनरी और मजदूरों की तैनाती कर दी गई है। किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए, पुलिस, होमगार्ड, पर्वतारोहण संस्थान के स्वयंसेवियों की आईटीबीपी के सहयोग से संयुक्त त्वरित प्रतिक्रिया टीमों बल का गठन किया जा रहा है। यह टीमें 24 घंटे शिफ्टों में तैनात रहेंगी ताकि किसी भी अप्रिय घटना को बिना समय गंवाए निपटा जा सके। उन्होंने बताया कि जिला में पर्याप्त मात्रा में खाद्यान सामग्री और एलपीजी का भंडारण किया गया है। खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को 95 प्रतिशत खाद्यान सामग्री का वितरण किया जा चुका है। एलपीजी का अभी तक 35 प्रतिशत वितरण हो पाया है। जिला में पर्याप्त मात्रा में एलपीजी उपलब्ध है परंतु सिक्योरिटी जमा करने के मुद्दे के कारण एलपीजी के वितरण में समस्या आ रही है। इस मामले को आईओसी के अधिकारियों के समक्ष उठाया गया है। इसके अतिरिक्त पर्याप्त मात्रा में आग जलाने के लिए वन विभाग ने सुखी लकड़ि ?ों का वितरण कर दिया है। उन्होंने बताया कि जिला में अभी तक केवल दो रोड रोहतांग और कुंजुम पास रोड बंद किए गए हैं बाकि सभी रोड अभी तक खुले हैं। 15 दिसम्बर को स्थिति की दोबारा से समीक्षा की जाएगी। हालत ठीक न होने पर इन्हें भी पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। विद्युत विभाग द्वारा एचटी और एलटी लाइनों का बर्फ से बचाव करने के लिए सर्वे किया जा रहा है। वह भी बहुत जल्दी इस बारे अपनी रिपोर्ट दे देंगे उसी अनुरूप आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जलशक्ति विभाग द्वारा पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है। विभाग के पास पर्याप्त मात्रा में पाईपें उपलब्ध हैं। पाईपों में पानी जमने से बचाने के लिए जलशक्ति विभाग द्वारा हेजियन क्लोथ (टाट का कपड़ा) का भंडारण किया गया है। बैठक में बीआरओ, एनडीआरएफ, डीडीएमए, पुलिस, लोक निर्माण, जलशक्ति, खाद्य नागरिक आपूर्ति, एचआरटीसी, होमगार्ड, फायर सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रायपुर सहोड़ा व जखेड़ा में सट्टा लगाते दो काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना:** पुलिस थाना मैहतपुर के तहत रायपुर सहोड़ा व जखेड़ा में पुलिस ने सट्टा लगाते दो व्यक्तियों को काबू किया है। पुलिस ने दोनों से 2150 रुपये की नगदी बरामद की है, जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला सोमवार शाम को रायपुर सहोड़ा रेलवे फाटक के नजदीक का है, यहां पर पुलिस ने गश्त के दौरान अशविंद्र सिंह निवासी कलसेहड़ा के कब्जे से दड़ा सट्टा व 1070 रुपये की नगदी बरामद की है। वहीं दूसरा मामला जखेड़ा स्कूल के समीप का है, यहां पर हरमीत सिंह निवासी बसदेहड़ा के कब्जा से पर्ची दड़डा सटटा व 1080 रुपये बरामद किए गए है।

# घुमारवीं में विद्यार्थियों ने रैली निकालकर दिया जागरूकता का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुर:** मंगलवार को पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) घुमारवीं में एनएसएस के स्वयंसेवकों तथा एनसीसी के कैडेटों ने विश्व एड्स दिवस पर एड्स जागरूकता रैली का आयोजन उप प्रधानाचार्या अमरनाथ संधू की अध्यक्षता में किया। इस जागरूकता रैली में एनएसएस युनिट के सभी स्वयंसेवियों तथा जमा एक व जमा दो के सभी स्वयंसेवियों तथा एनसीसी के कैडेटों ने भाग लिया। रैली का आयोजन विद्यालय परिसर से लेकर गांधी चैक तक किया गया। इस दौरान कार्यक्रम




अधिकारी भूपेंद्र संख्यान तथा एनसीसी के एएनओ कुलदीप नड्डा ने बताया कि इन रैलियों के माध्यम से जनमानस को एड्स तथा उससे होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। इस रैली को सफल बनाने के लिए महिला कार्यक्रम अधिकारी अंजना कुमारी विद्यालय परिवार के अन्य सभी सदस्यों और बीएड प्रशिक्षु अध्यापकों ने सहयोग दिया।

# हादसाः सडक किनारे उल्टी कर रही थी, चक्कर आने से स्यूल नदी में गिरने से मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**
**चंबा :** सलूणी-लगेरा सडक मार्ग पर चकोली पुल के पास एक महिला की स्यूल नदी में गिरने से मौत हुई है। महिला की पहचान रिहाना पत्नी यासीन मुहम्मद निवासी गांव मड़पनिहार के रूप में हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना के कारणों की जांच आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार रिहाना सलूणी से निजी बस में सवार होकर अपने घर जा रही थी। उक्त महिला चकोली पुल के पास बस से उतर गई और सडक किनारे बैठ कर उल्टी करने लगी। अचानक उसे चक्कर आया और सडक से गिरकर सीधे स्यूल नदी में जा गिरी। महिला को गिरते देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। थाना किहार की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से महिला को कड़ी मशक्कत के बाद स्यूल नदी से निकाला और प्राथमिक उपचार के लिए नागरिक अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित किया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की ओर से संबंधित क्षेत्र के राजस्व अधिकारी मौके पर पहुंचे और मौके का जायजा लेकर रिपोर्ट अपने उच्चाधिकारी को प्रेषित की। नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंपा। कार्यवाहक तहसीलदार सलूणी भूपेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला के गिरने की सूचना मिलते ही संबंधित क्षेत्र के पटवारी को मौके का जायजा लेने के निर्देश दिए। प्रशासन की ओर से मृतका के परिजनों को सरकारी मैनुअल के अनुसार 25000 रुपए फौरी राहत राशि प्रदान कर दी।

# चंबा में बालसंरक्षण व कल्याण समिति तथा मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना से संबंधित बैठक आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**
**चंबा :** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल जी की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय चंबा में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना व मिशन वात्सल्य के तहत प्रायोजन और पालन-पोषण देखभाल अनुमोदन समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने बैठक में जिला के सभी उपमंडलाधिकारियों व विकास खंड अधिकारियों को आदेशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में चल रहे बाल देखरेख संस्थाओं का दौरा करें व उसमें मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत बच्चों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं का जायजा ले द्य साथ ही विकास खंड भाटियात में नए बाल देखभाल संस्थान को खोलने के लिए विभाग को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए द्य उन्होंने एसडीएम भाटियात को आदर्श ग्राम सुख आश्रय परिसर के लिए, भूमि चयनित करने के आदेश दिए द्य उपायुक्त चंबा ने जिला के सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से जिले में अनाथ, छोड़े व त्यागे हुए बच्चों, ट्रांसजेंडर व एकल नारियों की पहचान ग्राम पंचायतों के माध्यम से करके 15 दिनों के भीतर उन्हें जिला स्तर पर रिपोर्ट जमा करवाने के आदेश दिए द्य इसके अतिरिक्त बाल देख रेख संस्थान के प्रभारियों को संस्थानों में मनाए जाने वाले सभी त्योहारों में उपमंडल अधिकारी व अन्य अधिकारियों को बुलाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के लिए, आवेदित 09 नए पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति प्रदान की द्य इसके उपरांत अगली बैठक मे उन्होंने जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा चयनित 21 पात्र बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत लाभान्वित करने की स्वीकृति भी प्रदान की।

## उप-मुख्यमंत्री ने शहादत पर शोक व्यक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला:** उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सियाचिन ग्लेशियर में राष्ट्र की सेवा करते हुए हवलदार नवल किशोर के शहीद होने पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हवलदार नवल किशोर ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। वह मंडी जिले की सदर तहसील के जालौन गांव के निवासी थे। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# एडीसी ने प्री-दिशा बैठक में विकास योजनाओं की प्रगति का लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना:** ऊना में आगामी दिशा बैठक की तैयारियों को लेकर मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने प्री-दिशा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों और केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को 7 दिसंबर को आयोजित होने वाली जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा बैठक के लिए पूरी तैयारी के साथ आने के निर्देश दिए। एडीसी ने बताया कि यह बैठक सांसद अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में सुबह 9.15 बजे जिला परिषद हॉल में होगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी पूरा डेटा,





सटीक आंकड़े और पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों पर की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट तैयार रखें। साथ ही, सभी विभागों को यह डेटा उनके कार्यालय में भी सौंपने के लिए कहा गया, ताकि प्रस्तुति के लिए एक विस्तृत पीपीटी तैयार की जा सके। बैठक में केंद्र प्रायोजित योजनाओं, ग्रामीण विकास परियोजनाओं और सांसद निधि के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया गया। इसमें पीजीआई सैटेलाइट सेंटर और रेलवे से जुड़े कार्यों की स्थिति पर चर्चा की गई। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन, समग्र शिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, बल्क ड्रग पार्क, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कौशल विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं, उज्ज्वला योजना और खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसी योजनाओं की प्रगति का भी जायजा लिया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इन योजनाओं की प्रगति के साथ-साथ उनके कियान्वयन में आ रही चुनौतियों और उनके प्रभाव का विस्तृत लेखा-जोखा तैयार रखें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी योजनाओं के आंकड़े सटीक हों, ताकि बैठक में योजनाओं के प्रदर्शन पर स्पष्ट चर्चा हो सके।

# गोंदपुर जयचंद के किशोर की मौत मामले को लेकर तल्ख हुई हरोली भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना:** उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के गांव गोंदपुर जयचंद में जून 2024 में 15 वर्षीय किशोर की मौत मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा ने आरोप लगाया कि मृतक युवक के परिजन बार-बार इसे हत्या बता कर मामले की जांच करने की मांग उठाते रहे, लेकिन पुलिस ने हत्या आरोपियों को बचाने के लिए उनकी एक न सुनी और युवक की मौत को आत्महत्या करार दे डाला। इतना ही नहीं जब पुलिस को अपनी बात सुनने के लिए मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया, तो पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए



उनके साथ अन्याय करने का काम किया है। हरोली भाजपा के नेता रामकुमार के नेतृत्व में जिला मुख्यालय के सर्किट हाउस पहुंचे विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी भी की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि अब भी सरकार ने इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं करवाई तो आने वाले दिनों में और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी सरकार और पुलिस की होगी। भाजपा नेता प्रो. राम कुमार ने कहा कि जून 2024 में गोंदपुर जयचंद के 15 साल के किशोर का शव पेड़ पर लगे फंदे से झूलती मिली। पुलिस ने इस मामले को आत्महत्या बताकर दबाने का काम किया, लेकिन मृतक के परिजनों ने शव पर चोटों के निशान होने की बात कही, जिसे पुलिस ने पूरी तरह अनदेखा किया।

जब लोगों ने पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्टि जताकर विरोध प्रदर्शन किया, तो पुलिस ने चुन चुन कर लोगों के खिलाफ केस दर्ज किए, जिसमें भाजपा से संबंधित परिवारों को विशेष रूप से निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने 2 साल के अंदर बहुत सारे ऐसे काम किए हैं, जो पूरी तरह से राजनीतिक दबाव में करवाए गए। भाजपा नेताओं ने कहा कि यदि पुलिस ने इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं की और किशोर की हत्या करने वाले आरोपियों को सलाखों के पीछे नहीं डाला, तो भाजपा उग्र प्रदर्शन करेगी। जिसकी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य कमल सैणी, भाजपा प्रवक्ता लखवीर लक्खी, गोविंद राजपूत, लखन राणा, मिंटू राम, सतीश कुमार, नरेश कुमार, शिव कुमार, अजय, रणजीत कौर, बलवीर चंद, स्वतंत्र कुमार व दीपक कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

HIMACHAL PRADESH
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
E-Procurement Notice
INVITATION FOR BIDS (IFB)

The Executive Engineer HPPWD Dharamshala Division on behalf of Governor of H.P. invites the Percentage rate bids, in electronic tendering system, for following works from the eligible and approved contractors registered with HPPWD:-

| Sr. No. | Name of Work | Estimated cost in Rs. | Earnest Money | Time Limit | Cost of tender form | Start date for downloading of bid | Deadline for submission of Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Ambulance road Naddi near Sunset Point to Dhial Ward No.3 upto Wood Whistler School Km. 0/000 to 1/870 in Tehsil Dharamshala Distt. Kangra HP under MNP/MMGSY (SH:- Providing and Laying Grading-I, and Cement Concrete Pavement work etc. at RD 0/000 to 0/410 (Balance Work). | 16,67,717/- | 33,400/- | Three Months | 500/- | 07.12.2024 | 12.12.2024 |

The bidders are advised to note other details of tenders from the departmental website https://hptenders.gov.in. The Executive Engineer reserves the right to reject any tender or all tenders without assigning any reasons.
HIM SUCHANA AVAM JAN SAMPARK.

Executive Engineer,
Dharamshala Division,
HP.PWD., Dharamshala.
On behalf of Governor of Himachal Pradesh.

No. PWD-DD/CB/M-27/-2024-25- 7137-65 Dated:-03.12.2024

Copy to the following for information and necessary action:-
1. The Engineer-in-Chief, HP.PWD., Shimla-2.
2. The Director, Information & Public Relation, Himachal Pradesh, Shimla-2.
3. The Chief Engineer (KZ) H.P.P.W.D, Dharamshala.
4. The Superintending Engineer, 5th Circle HPPWD, Palampur.
5. The Deputy Commissioner Kangra at Dharamshala.
6. The Commissioner, Dharamshala Municipal Corporation.
7. All the Executive Engineer, working under Kangra Zone.
8. The SDM & Tehsildar Dharamshala.
9. The BDO Dharamshala /Rait.
10. All the Assistant Engineers working under this Division.
11. All the Head of the Branches in this office.
12. All the Contractors working under this Division.
13. Notice Board

Executive Engineer,
Dharamshala Division,
HP.PWD., Dharamshala.
RO No. 3665/2024-2025

# दिव्यांगजनों ने साबित किया-हम किसी से कम नहीं

## मुख्यमंत्री ने 19 लोगों को राज्य स्तरीय, हाईस्कूल- इंटरमीडिएट के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने दिव्यांग शब्द और भावनाओं को सम्मान देकर उन्हें गरिमामयी पूर्ण तरीके से जीवन व हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की। दिव्यांगजनों को जब भी अवसर मिला तो अपनी प्रतिभा से उन्होंने इस शब्द की पुष्टि की। सीएम योगी ने ऋषि अष्टावक्र, महाकवि सूरदास, भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग, जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य समेत अनेक उदाहरण दिए। कहा कि जिन्हें भी मंच व समाज का प्रोत्साहन-संबल मिला तो उन्होंने देश-दुनिया व मानवता को अपनी प्रतिभा का लाभ दिया और यह साबित किया कि वे किसी से कम नहीं हैं। विश्व दिव्यांग दिवस इसी दृष्टिकोण को अपनाने के लिए समाज को नई प्रेरणा प्रदान करने का माध्यम है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व दिव्यांग दिवस पर मंगलवार को लोकभवन में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित किया। राजकीय स्पर्श बालिका विद्यालय मोहान रोड की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सीएम ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की। सीएम ने प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती (राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस) की भी शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के हर तबके के लिए कार्य करते हुए पीएम मोदी के विजन 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के साथ बढ़ रही है। दृष्टिबाधित, मूकबधिर व अन्य बच्चों के लिए कॉलेज संचालित, लेकिन इनकी संख्या बढ़ाने की आवश्यकता सीएम योगी ने कहा कि राज्य के अंदर दो-दो दिव्यांग विश्वविद्यालय (लखनऊ में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय व चित्रकूट में जगद्गुरु रामभद्राचार्य विश्वविद्यालय) है। अलग-अलग क्षेत्रों में दृष्टिबाधित, मूकबधिर व अन्य बच्चों के लिए भी कॉलेज संचालित हैं, लेकिन इनकी संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है। इसमें प्रशिक्षित शिक्षक हों, उन्हें अच्छा मानदेय, सुविधाएं, प्रशिक्षण मिले और तकनीक से सक्षम बनाया जाए। इस पर और कार्य करने की आवश्यकता है।

**प्रतिभा**

**▶▶ सीएम ने दिव्यांग विद्यार्थियों को दिया टैबलेट, दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण, बताई सरकार की उपलब्धि**

**चुपचाप तैयारी करेंगे तो रिजल्ट प्रतिभा को प्रदर्शित करेगा**

सीएम योगी ने कहा कि कार्य करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए, फंड बाधा नहीं है। यदि चुपचाप तैयारी करेंगे तो रिजल्ट प्रतिभा को प्रदर्शित कर देगा। सीएम ने बताया कि 2017 में प्रदेश में केवल 7-8 लाख दिव्यांगजनों को पेंशन मिलती थी, वह भी महज 300-300 रुपये। यह राशि छह महीने में आती थी तो आधा पैसा बाबू खा जाता था, लेकिन हम लोग सीधे लाभार्थी के खाते में धनराशि भेजते हैं। हमने यह राशि 300 रुपये से बढ़ाकर एक हजार रुपये की। अब 11 लाख दिव्यांगजन 12 हजार रुपये वार्षिक पेंशन का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। तीन हजार रुपये मासिक कुष्ठावस्था पेंशन पीड़ित व्यक्ति के परिवार को उपलब्ध कराते हैं। यह भी तय किया गया कि इन परिवारों को पीएम/सीएम आवास भी देंगे। सीएम योगी ने कहा कि राजकीय सेवाओं में दिव्यांगों के लिए 4 फीसदी आरक्षण की भी व्यवस्था है। कानपुर देहात के रामचंद्र गुप्ता की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि दिव्यांग होने के बावजूद वे स्वावलंबन और आत्मनिर्भर के मॉडल हैं।

# उपचुनाव में जीते सात विधायकों ने ली शपथ, डांगा ट्रैक्टर से पहुंचे विधानसभा

**जिम्मेदारी**

**▶▶ विधानसभा में संख्या बल के हिसाब से बीजेपी और कांग्रेस के बाद बाप सबसे बड़ी पार्टी बन गई है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुरः राजस्थान की** सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में जीतकर आने वाले विधायकों ने मंगलवार को शपथ ग्रहण की। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा में शपथ दिलवाई। दौसा से डीसी बैरवा, खींवसर से रेवतराम डांगा, सलूम्बर से शांता देवी मीणा, देवली-उनियारा से राजेन्द्र गुर्जर, झुंझुनूं से राजेन्द्र भांबू, रामगढ़ से सुखवंत सिंह और चौरासी से अनिल कटारा ने शपथ ली। इस दौरान विधानसभा में आरएलपी का सूपड़ा साफ करने वाले रेवंतराम डांगा ट्रैक्टर से



विधानसभा पहुंचे। दौसा से विधायक डीसी बैरवा संविधान की किताब दिखाते हुए विधानसभा पहुंचे। प्रदेश में उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान हुआ था। जबकि प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला 23 नवंबर को हुआ। दौसा विधानसभा सीट से तत्कालीन विधायक मुरारी लाल मीणा के सांसद बनने, खींवसर से तत्कालीन विधायक हनुमान बेनीवाल के सांसद बनने, चौरासी तत्कालीन विधायक राजकुमार रोत के सांसद बनने, झुंझुनूं से बृजेंद्र ओला के सांसद बनने और देवली-उनियारा से तत्कालीन विधायक हरीश मीणा के सांसद बनने के बाद सीट खाली हुई थी। वहीं, रामगढ़ सीट से जुबेर खान और सलूंबर से अमृतलाल मीणा के निधन होने पर उपचुनाव हुए। सात सीटों पर हुए उपचुनाव में बीजेपी ने पांच, कांग्रेस और भारतीय आदिवासी पार्टी ने एक सीट जीती थी। उपचुनाव के बाद विधानसभा में अब 200 विधायकों की संख्या पूरी हो गई है। विधानसभा में संख्या बल के हिसाब से बीजेपी और कांग्रेस के बाद बाप सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। बाप के चार विधायक हो गए हैं। उपचुनाव के बाद बीजेपी के 119 विधायक, कांग्रेस के 66, बाप के चार, बसपा के दो, आरएलडी का एक और आठ निर्दलीय विधायक हैं। आदिवासी बाहुल्य तीन जिलों से बाप के चार विधायक हैं। डूंगरपुर जिले की आसपुर और चौरासी, बांसवाड़ा की बागीदौरा और प्रतापगढ़ जिले की धरियावद सीट से बाप के विधायक हैं।

# दिव्यांगजन को अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध : सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाला : आज** तीन दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के रूप में मनाते हैं। यह खास दिन दिव्यांगों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के साथ ही राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दिव्यांगजनों को समान अवसर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दोहराया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मंगलवार सुबह अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर उन दिव्यांग भाई-बहनों को नमन करता हूँ, जिन्होंने प्रत्येक क्षेत्र में अपनी जिजीविषा, दृढ़ता और अटूट संकल्प के बल पर सफलता प्राप्त की और विषम चुनौतियों पर विजय प्राप्त कर नया अध्याय लिख दिया। आइये, इस अवसर पर दिव्यांगजनों की प्रगति में हम भी उनके साथी बनें और समान अवसर उपलब्ध कराएं।

**समान अवसर**

**▶▶ जबरन किसी का भी धर्मांतरण न हो, निश्चित रूप से ऐसा कानून होना ही चाहिए: शेखावत**

**मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भोपाल गैस त्रासदी की बरसी पर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की**

विश्व की भीषणतम औद्योगिक दुर्घटनाओं में से एक भोपाल गैस कांड की आज मंगलवार को 40वीं बरसी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इसमें मारे गए हजारों लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# 'कल्याणकारी योजनाएं लागू नहीं कर रहीं दिल्ली-बंगाल सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को दिल्ली और पश्चिम सरकार पर केन्द्र की योजनाओं को नहीं लागू करने का आरोप लगाया। शास्त्री भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पश्चिम बंगाल ने अभी तक राज्य में 181 महिला हेल्पलाइन को नहीं लागू किया। इसके साथ फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों (एफटीएस) का संचालन भी नहीं किया जबकि पश्चिम बंगाल में 49,580 बलात्कार और पोक्सो मामले सामने आए हैं। इन मामलों के बाद भी 11 विशेष अदालतों



को शुरू करने की दिशा में कदम नहीं उठाए गए। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि दिल्ली सरकार भी महिलाओं के सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। दिल्ली सरकार ने संकट में महिलाओं की सहायता के लिए निर्भया कोष के तहत स्थापित वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) के कर्मचारियों को भुगतान नहीं किया है। मंत्री ने कहा कि केंद्र ने निर्भया फंड जैसी पहलों के माध्यम से लगातार राज्यों का समर्थन किया है लेकिन राज्य स्तर पर कार्यान्वयन में देरी होना बेहद चिंताजनक और निराशाजनक है।

उन्होंने कहा कि देश में 802 वन स्टाप सेंटर हैं, जिसमें अब तक 10 लाख से अधिक महिलाओं की सहायता की है। उन्होंने बताया कि मौजूदा सरकार ने जेंडर बजट को बढ़ाकर तीन गुना कर दिया। जेंडर बजट साल 2013-14 में 97,000 करोड़ रुपये था, जिसे बढ़ाकर 2024-25 में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक कर दिया गया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह कानून संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की प्रगति महिलाओं के सशक्तीकरण पर निर्भर करती है।

**साधा निशाना**

**▶▶ यह कानून संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करता है: केंद्रीय मंत्री**

## पीएम की दूरदर्शी सोच से दिव्यांगजनों को मिली समाज में नई पहचानः मुख्यमंत्री

**देहरादूनः मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने आज अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजनों को बधाई देते हुए कहा कि दिव्यांग भी मुख्यधारा का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच और समावेशी दृष्टिकोण का परिणाम है कि भारत में दिव्यांगजनों को 'सम्मान, सशक्तिकरण और समावेश' को एक नई पहचान मिली है।मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार की ओर से 2015 में शुरू किए गए 'सुगम्य भारत अभियान' ने दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम बनाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए।

# हर व्यक्ति को अपने वित्तीय प्रबंधन की समझ होनी चाहिएः राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने वित्तीय प्रबंधन की समझ होनी चाहिए ताकि भविष्य की आवश्यकताओं और जोखिमों का उचित प्रकार से समाधान निकला जा सके। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) मंगलवार को राजभवन में वित्तीय नियोजन, बजट और निवेश पर ज्ञान शिविर के उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। यह शिविर राज्यपाल के निर्देश पर भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की ओर से आयोजित किया था।राज्यपाल ने कहा कि राजभवन के अधिकारी, कर्मचारियों को वित्तीय ज्ञान का प्रसार करने और उन्हें बेहतर वित्तीय नियोजन के साथ सशक्त बनाने के लिए इस प्रकार का आयोजन लगातार किया जाना चाहिए।




# कलेक्टर रेट में बेतहाशा बढ़ोतरी पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने जताया विरोध

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कलेक्टर रेट में बेतहाशा बढ़ोतरी का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि इसके चलते जमीन के रेट आसमान छूएंगे और आम आदमी का अपनी जमीन व मकान खरीदने का सपना अब सपना ही बनकर रह जाएगा। हरियाणा के इतिहास में कभी भी इस तरह कलेक्टर रेट में इतनी भारी बढ़ोतरी नहीं की गई। इससे स्पष्ट हो गया है कि भाजपा पूरी तरह गरीब और मध्यम वर्ग विरोधी पार्टी है। इसका एक नमूना



तब भी देखने को मिला था जब बीजेपी ने हुडा के प्लॉट का आवंटन नीलामी के आधार पर करने का फैसला लिया था। इसके चलते सेक्टर के प्लॉट्स के रेट भी रातों-रात बढ़ गए थे और गरीब व मध्यम वर्ग की पहुंच से बाहर हो गए थे। प्रदेशभर से कई प्रतिनिधिमंडलों ने इस बारे में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के सामने बात रखी। सभी ने कहा कि सरकार का यह फैसला जनता पर भारी बोझ साबित होगा। कई जगह तो कलेक्टरेट में 20 से 250% तक बढ़ोत्तरी हुई है। जबकि आम तौर पर यह बढ़ोत्तरी 5 से 10 प्रतिशत ही होती थी। लेकिन बार तो सरकार ने हर गली, मोहल्ले और गांव के हिसाब से अलग-अलग दरों में बढ़ोत्तरी कर डाली। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सरकार के इस फैसले से कोई भी खुश नही है।

## एमपी के सभी निजी चिकित्सालयों में रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य

**भोपालः स्वास्थ्य** एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त तरुण राठी ने प्रदेश के सभी निजी चिकित्सालयों (नर्सिंग होम) को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अस्पताल में प्रदायित सभी चिकित्सकीय सेवाओं की दर सूची (रेट लिस्ट) प्रमुखता से प्रदर्शित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नागरिकों के हितों की रक्षा करते हुए उन्हें बेहतर और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिये यह महत्वपूर्ण है। जनसंपर्क अधिकारी अंकुश मिश्रा ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि निजी चिकित्सालयों में काउंटर पर दर सूची का प्रदर्शन अनिवार्य है।

**शिक्षा का प्रसार** शैक्षिक पुनर्जागरण के लिए ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ ने 1932 में की थी परिषद की स्थापना

# गोरखपुर की ख्याति में नींव का पत्थर है एमपी शिक्षा परिषद

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुरः** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में आज विकास के पैमाने पर चमक रहे गोरखपुर की पहचान ज्ञान नगरी (नॉलेज सिटी) के रूप में भी है। 1932 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना कर इस ज्ञान नगरी की नींव रखी थी योगी आदित्यनाथ के दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज ने। उसकी संरचना को विस्तारित किया वर्तमान पीठाधीश्वर के पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज ने। पूर्वी उत्तर प्रदेश में शिक्षा के प्रसार से राष्ट्रीयता, मूल्यपरकता और स्वावलंबन को



मजबूत करने के दादागुरु और अपने गुरुदेव के संकल्पो को विभिन्न प्रकल्पों के विस्तार से पूरा करने का बीड़ा उठा रखा है योगी आदित्यनाथ ने।

**ज्ञान के मंदिर के रूप में साकार कर रहा पीठ की तीन पीढ़ियों का संकल्प**

गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियों के सतत संकल्पित प्रयास का सुफल है कि आज महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की अगुवाई में गोरखपुर ज्ञान नगरी की ख्याति अर्जित कर चुका है। सर्वविदित है कि गोरखपुर जनपद पूर्वी उत्तर, पश्चिमी बिहार तथा नेपाल की तराई तक करीब पांच करोड़ की आबादी के लिए शिक्षा का एक बड़ा केंद्र है। विकसित गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद नौ दशक से अधिक समय से प्रकाश स्तम्भ की भूमिका में है। गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियों ने इस स्तम्भ से प्रकाश पुंज का फैलाव निरंतर विस्तारित किया है।

**विस्तार**

**▶▶ प्राथमिक शिक्षा से लेकर निजी विश्वविद्यालय तक हुआ महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का विस्तार**